# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

वर्ष 69 ▸▸ अंक 130 ▸▸ पृष्ठ 12+8= 20
भोपाल, शनिवार 07 फरवरी, 2026
▸▸ फाल्गुन कृष्ण पक्ष 06, विक्रम संवत् 2082
▸▸ महानगर ▸▸ मूल्य 7 रुपए

आज के अंक के साथ **सत्यकथा** (ऐच्छिक)


## भारत छठवीं बार अंडर-19 वर्ल्ड चैंपियन, इंग्लैंड को 100 रनों से हराया





# भारतीय 'वैभव' के आगे दुनिया पस्त

**हरारे, जेएनएन।** क्रिकेट के नए 'वंडरकिड' वैभव सूर्यवंशी ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया और अंडर-19 विश्व कप के फाइनल में 175 रनों की धुआंधार पारी खेलकर भारत की जीत के नायक बने। भारतीय टीम ने शुक्रवार को फाइनल में इंग्लैंड को 100 रन से हराकर रिकॉर्ड छठी बार आईसीसी अंडर-19 विश्व कप खिताब जीता, जो कि सर्वाधिक विश्व कप जीतने वाली दूसरी टीम ऑस्ट्रेलिया (4) से दो ज्यादा है। भारत ने 2000, 2008, 2012, 2018 और 2022 में ट्रॉफी जीती थी। संयोग से भारत ने 2022 में भी इंग्लैंड को ही हराकर खिताब जीता था। 2026 का संस्करण ऐसा चौथा संस्करण था, जब भारत ने बिना कोई मैच हारे खिताब जीता। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 411 रन का रिकॉर्ड स्कोर खड़ा किया। इंग्लैंड ने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और कालेब फाल्कनर के 115 रन की शतकीय पारी के बावजूद आखिरकार 311 रन पर ऑल आउट हो गया।

(संबंधित खबर पेज-10 पर)

- भारत के नाम अंडर-19 विश्व कप में अब सर्वाधिक तीन 400+ टोटल हैं, यूथ वनडे मिलकर यह चौथा 400+ टोटल है। इंग्लैंड के खिलाफ नौ विकेट पर भारत का 411 का स्कोर यूथ वनडे में किसी पूर्ण सदस्य देश के खिलाफ पहला 400+ टोटल भी है। पिछले महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भारत का 393 पर सात का टोटल यूथ वनडे में इससे पिछला सर्वोच्च टोटल था।
- 14 साल के सूर्यवंशी ने 80 गेंद में 175 रन बनाए और अब वह अंडर-19 में सबसे तेज 150 रन (71 गेंद) बनाने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने टूर्नामेंट में इसी मैदान पर स्कॉटलैंड के खिलाफ इंग्लैंड के बेन मेयेस का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 98 गेंदों के 150 रन बनाए थे।
- सूर्यवंशी ने अपनी पारी में 15 छक्के जड़े, जो युवा वनडे पारी में किसी भी खिलाड़ी द्वारा सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड भी है, उन्होंने दिसंबर में आईसीसीए दुबई में संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ अपने ही 14 छक्कों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया।

वैभव सूर्यवंशी

**प्लेयर ऑफ द मैच और सीरीज**

**फाइनल में 80 गेंद पर 175 रन**
**टूर्नामेंट में 439 रन व एक विकेट**

**दूसरा सबसे तेज शतक:** अंडर-19 विश्व कप में सूर्यवंशी ने दूसरा सबसे तेज शतक जड़ा, जिसके लिए उन्होंने सिर्फ 55 गेंद खेलीं। इस टूर्नामेंट में सबसे तेज शतक बनाने का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के विल मलाजचुक के नाम है, जिन्होंने हाल में विंडहोक में जापान के खिलाफ 51 गेंद में सैकड़ा बनाया था।

**150** रन सूर्यवंशी ने सिर्फ बाउंड्री (15 चौके व 15 छक्के) से बनाए। यूथ वनडे की एक पारी में सबसे ज्यादा बाउंड्री से रन 124 बने थे, जो 2018 में केन्या के खिलाफ हसिता बोयागोड़ा ने अपनी 191 रन की पारी के दौरान बनाया था। सूर्यवंशी ने 30 बाउंड्री लगाईं, जो संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा बाउंड्री हैं। बोयागोड़ा ने भी 191 रन की पारी में 28 चौके और दो छक्के लगाए थे।

# टी-20 विश्व कप आज से भारत इतिहास रचने तैयार

**नई दिल्ली, जेएनएन।** क्रिकेटप्रेमियों के लिए उत्साह का मौका आ गया है। आईसीसी टी-20 विश्व कप 2026 का आगाज 7 फरवरी से होने जा रहा है। भारत और श्रीलंका की सयुंक्त मेजबानी में होने वाले इस मेगा टूर्नामेंट में 20 टीमें खिताब की जंग लड़ेंगी। इन टीमों को चार ग्रुप में बांटा गया, जहां से सुपर-8 में एंट्री मिलेगी। ग्रुप-ए में भारत के साथ पाकिस्तान, यूएई, नामीबिया व नीदरलैंड शामिल है। डिफेंडिंग चैंपियन भारत इस ट्रॉफी को जीतकर इतिहास रचने के इरादे से उतरेगा। 2024 की विजेता टीम इंडिया इस खिताब को जीतकर तीसरी बार ट्रॉफी जीतने के साथ पहली बार घर में चैंपियन बनकर इतिहास रचेगी। यह टूर्नामेंट आठ मार्च तक चलेगा। फाइनल के लिए दो संभावित वेन्यू तय किए गए हैं- अहमदाबाद और कोलंबो। यह इस बात पर निर्भर करेगा कि पाकिस्तान फाइनल के लिए क्वालिफाई करता है या नहीं। उद्घाटन मैच में कोलंबो पाकिस्तान और नीदरलैंड्स आमने-सामने होंगे। वहीं सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारतीय टीम का सामना शाम सात बजे से यूएई के खिलाफ मुंबई में होगा।

**ओपनिंग सेरेमनी:** टूर्नामेंट की शुरुआत मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में भव्य उद्घाटन समारोह से होगी, जिसमें बॉलीवुड के मशहूर रैपर बादशाह, अभिनेत्री नोरा फतेही और संगीतकार रिषभ रिखिराम शर्मा भी प्रस्तुति देंगे।

क्रिकेट के महासमर में भारत खिताब का सबसे ... पेज-10




केंद्रीय बजट ने ऑरेंज अर्थव्यवस्था को महत्व दिया है!

# मऊगंज: नाबालिग से गैंगरेप, 4 गिरफ्तार

## किशोरी को सहेली सहित जंगल ले गए थे आरोपी

**जारगण, रीवा।** मऊगंज जिले में 14 साल की नाबालिग से गैंगरेप का सनसनीखेज मामला सामने आया है। किशोरी आठवीं की छात्रा है और घर से अपनी सहेली के साथ निकली थी जिसके बाद वह जंगल में बेहोश मिली है। परिजनों को जानकारी हुई तो उसे अस्पताल ले जाया गया, हालांकि गुरुवार की इस घटना पर पुलिस कोई कार्यवाही नहीं कर पाई। जब शुक्रवार को किशोरी को होश आया तो उसने घटना की विस्तृत जानकारी पुलिस को दी और बयान दर्ज किया गया। जिसके बाद ■ शेष पृष्ठ 9 पर



"किशोरी के होश पर आने के बाद उसका बयान लिया गया है, उसके बताए अनुसार मामले में चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।
**- दिलीप कुमार सोनी,**
एसपी मऊगंज

## युवकों ने किशोरी को पिलाया नशीला पदार्थ

किशोरी ने पुलिस को अपने बयान में बताया है कि 8वीं की छात्रा अपनी सहेली के साथ घर से निकली थी। पुलिस के अनुसार रास्ते में उन्हें दो युवक मिले और दोनों को जंगल की ओर ले गए। जहां किशोरी छात्रा की सहेली को कुछ दूर पर छोड़ दिया गया और किशोरी को दोनों युवकों ने नशीली दवा का सेवन कराया। इसके बाद उन्होंने दो और युवकों को बुला लिया। जिसके बाद आरोपियों ने किशोरी के साथ गैंगरेप किया। जब किशोरी अस्पताल पहुंची तो घटना की जानकारी अस्पताल प्रबंधन ने पुलिस को दी और पुलिस मौके पर पहुंची।




# एसआईआर प्रक्रिया के बाद जिलों में बदलेंगे कलेक्टर

## प्रदेश में एक और प्रशासनिक फेरबदल की तैयारी, कई मैदानी और मंत्रालय अफसरों के भी बदलेंगे दायित्व

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश में एक और प्रशासनिक फेरबदल की तैयारी हो रही है, जिसमें एक दर्जन से ज्यादा जिलों को नए कलेक्टर मिल जाएंगे। यह सूची 23 फरवरी को एसआईआर की प्रक्रिया खत्म होते ही जारी होने की संभावना है।

सूची में कुछ वरिष्ठ अधिकारियों के दायित्वों में भी बदलाव हो सकते है। गौरतलब है कि प्रदेश के एक दर्जन से अधिक जिलों में पदस्थ कलेक्टर तीन साल से भी ज्यादा समय से कार्यरत हैं। इनमें से कुछ अधिकारियों को लेकर शिकायतें भी वल्लभ भवन पहुंची है, तो कुछ अधिकारी पदोन्नत भी हो चुके हैं, ऐसे में इन अधिकारियों को भी बदलना जाना तय है। कहा जा रहा है कि ये बदलाव जनवरी माह में होना था, लेकिन एसआईआर प्रक्रिया की वजह जिला निर्वाचन अधिकारी की भूमिका में होने की वजह कलेक्टर बदले नहीं जा सकते थे, इसलिए उनकी सूची को होल्ड कर दिया गया। अब यह प्रक्रिया 23 फरवरी को पूरी हो रही है,इसके उपरांत राज्य सरकार कलेक्टर बदलने की सूची जारी कर सकती है।



### आयोग ने ये जारी किया था आदेश

भारत निर्वाचन आयोग ने इस संबंध में पिछले दिनों आदेश जारी किए थे कि मतदाता सूची के काम में जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के तबादले एसआईआर की प्रक्रिया समाप्त होने तक इस स्तर के अधिकारियों के तबादले नहीं किए जाएं, यानि जब तक मतदाता सूची प्रशासन का अंतिम प्रकाशन नहीं होने तक इस कार्य से जुड़े अधिकारियों के स्थानांतरण नहीं किए जाए।

### 11 जिलों के कलेक्टर हो चुके पदोन्नत

गौरतलब है कि बीते जनवरी माह में भारतीय प्रशासन सेवा के अधिकारियों पदोन्नत किए गए थे। इसमें 11 जिले को कलेक्टर भी शामिल हैं, जिन्हें अतिरिक्त सचिव के पद पर पदोन्नत किया गया है। पदोन्नत अधिकारियों में भोपाल कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह, नर्मदापुरम कलेक्टर सोनिया मीना, नरसिंहपुर कलेक्टर रजनी सिंह, सतना कलेक्टर सतीश कुमार एस,मंडला कलेक्टर सोमेश मिश्रा, सागर कलेक्टर संदीप जीआर, राजगढ़ कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा, जबलपुर कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह, पांढुर्ना कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ट और गुना कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल हैं, जिन्हें पदोन्नति के उपरांत उन्हें दूसरी जिम्मेदारी दी जाएगी। इनके अलावा कुछ संभागायुक्त भी बदले जा सकते हैं।

### वरिष्ठ अधिकारियों के भी बदले जाएंगे प्रभार

राज्य शासन ने उपसचिव स्तर के अधिकारियों के अलावा कुछ सचिव स्तर के अधिकारियों को भी पदोन्नत किया है। जिन्हें उनके पद के मुताबिक नई जिम्मेदारी सौंपी जानी है। इस सूची में इन अधिकारियों के भी नाम होंगे। इनमें प्रमुख तौर पर सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव एम.सेल्वेंद्रन, उज्जैन मंडल के आयुक्त आशीष सिंह, आबकारी आयुक्त अभिजीत अग्रवाल, कोषागार एवं लेखा आयुक्त भास्कर लक्षकार सहित दूसरे अधिकारी शामिल हैं।

### इन जिलों के बदल सकते हैं कलेक्टर

सूत्रों की मानें तो पन्ना, नर्मदापुरम, पन्ना, आगर-मालवा, सिवनी, झाबुआ, रीवा, शाजापुर, मंडला, अनूपपुर, रतलाम, ग्वालियर और डिंडौरी सहित कुछ और जिलों के कलेक्टर बदले जा सकते हैं। इनमें रीवा और धार कलेक्टर पूर्व की शिवराज सरकार के समय से ही पदस्थ हैं। इनके अलावा पिछले दिनों जिस तरह से कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस के दौरान मुख्य सचिव ने कुछ जिलों के कलेक्टर की परफार्मेंस को लेकर सवाल खड़े किए थे। ऐसा माना जा रहा है कि फेरबदल में उन कलेक्टरों के भी नाम सूची में शामिल रहेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### 19 तक जमा होंगे प्रथम सेमेस्टर के एग्जाम फार्म



**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** बरकतउल्ला विवि ने एलएलबी, बीएएलएलबी और एलएलएम के प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाओं के फार्म खोल दिए हैं। इसमें नियमित और एटीकेटी प्राप्त विद्यार्थी फार्म जमा कर पाएंगे। उक्त परीक्षा फार्म बीयू से संबद्धता प्राप्त कालेजों के विद्यार्थी भी जमा करेंगे। विद्यार्थी 19 फरवरी तक सामान्य शुल्क के साथ फार्म जमा कराएगा। 300 रुपए विलंब शुल्क के साथ 20 से 24 फरवरी तक आवेदन स्वीकृत किए जाएंगे। इसके बाद बीयू विशेष विलंब शुल्क एक हजार रुपए के साथ 25 फरवरी से परीक्षा शुरू होने के तीन दिन पहले तक फार्म स्वीकृत करेगा। यहां भी विद्यार्थी फार्म देने से चूक जाते हैं, तो वे चार हजार रुपए का विशेष विलंब शुल्क जमा कर परीक्षा शुरू होने के दो दिन पहले तक फार्म जमा कर सकते हैं। परीक्षा शुरू होने के दो दिन पहले फार्म अपने कालेज से जमा होते हैं, तो कालेज प्राचार्य की जिम्मेदारी होगी कि वह विद्यार्थी फार्म समय पर बीयू पहुंचाएं और उन्हें रोल नंबर आवंटित कर परीक्षा केंद्र पर पहुंचा कर परीक्षा में शामिल होने पूर्ण कार्रवाई करेंगे।

### 15 से बंद हो जाएगा चोपड़ा रेलवे फाटक



**नगर संवाददाता, भोपाल।** पश्चिम मध्य रेल, भोपाल मंडल के अंतर्गत निशातपुरा-सुखी सेवनिया रेलखंड पर स्थित समपार फाटक क्रमांक 255 चोपरा फाटक के स्थान पर रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। उक्त निर्माण कार्य के मद्देनजर समपार फाटक 15 फरवरी से समस्त प्रकार का यातायात पूर्णतः बंद किया जाएगा। इस संबंध में जिला प्रशासन को पूर्व में अवगत कराया जा चुका है। यात्रियों एवं आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए समपार फाटक बंद होने के उपरांत यातायात के लिए वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था कर दी गई है। वैकल्पिक मार्ग चोपरा नाला, खेजरा बारामत अंडरपास तथा भोपाल बायपास के माध्यम से उपलब्ध रहेगा। भोपाल मंडल द्वारा आम नागरिकों से अनुरोध किया जाता है कि निर्धारित तिथि के उपरांत उक्त समपार फाटक का उपयोग न करें एवं सुगम एवं सुरक्षित आवागमन के लिए निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें।

### स्मार्ट मीटर का उपयोग करने वालों को रियायत

**जागरण संवाददाता,** भोपाल। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा स्मार्ट मीटर का उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं को दिन के टैरिफ में 20 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। बिजली कंपनी के अनुसार यह छूट उपभोक्ताओं को सरकारी सब्सिडी को छोड़कर की जा रही है, ताकि स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को छूट के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। बता दें कि जनवरी 2026 के दौरान बिजली कंपनी द्वारा 5, 20, 457 उपभोक्ताओं को उनके मासिक बिजली बिल में टाइम ऑफ डे छूट का लाभ प्रदान किया गया है। यह कुल राशि 3 करोड़ 61 लाख 26 हजार रूपए है। यह छूट उपभोक्ताओं को बिजली खपत के आधार पर दी गई है।

### सिंह बने राज्य पुलिस सेवा एसोसिएशन के अध्यक्ष

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश राज्य पुलिस सेवा संगठन की 2026 की कार्यकारिणी गठन के चुनावी परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। 19 जनवरी से शुरू हुई इस पूरी चुनाव प्रक्रिया का संचालन चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में आईपीएस अधिकारी पंकज पांडेय की देखरेख में हुआ। इस चुनाव में राज्य पुलिस सेवा के अधिकारी जितेंद्र सिंह लगातार दूसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए। 1998 बैच के अधिकारी जितेंद्र सिंह फिलहाल जबलपुर में एडिशनल एसपी क्राइम ब्रांच के पद पर पदस्थ हैं। इससे पहले जितेंद्र सिंह ईओडब्ल्यू, एटीएस, साइबर सेल और इंदौर क्राइम ब्रांच में भी तैनात रहे हैं।

**कार्यकारिणी:** उपाध्यक्ष - प्रणय नागवंशी, सचिव - शालिनी दीक्षित, कोषाध्यक्ष - रश्मि खरिया, सह सचिव - सुदीप गोयनका, उच्चस्तरीय कार्य समिति सदस्य - विनय प्रकाश पॉल, गुरु प्रसाद पाराशर, शैलेन्द्र सिंह चौहान, समीर यादव, राजेश सिंह भदौरिया और अनुराग राजपूत, प्रशासनिक समिति - इरमीन शाह, संजय साहू, गोपाल सिंह धाकड़, निमेष देशमुख और मनीष राज कल्याण समिति - नीरज पांडे, सोनाली दुबे, डॉ अंशुमन अग्रवाल, पिंकी जिवनानी और रुबीना

# परीक्षा पे चर्चा: विद्यार्थी वह अध्याय पहले से पढ़ें, जो शिक्षक भविष्य में कक्षा में पढ़ाएंगे

## पीएम मोदी ने जबलपुर के छात्र आयुष के प्रश्न पर दिया जवाब

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में विद्यार्थियों से संवाद कर परीक्षा से जुड़े तनाव और शंकाओं का समाधान किया। कार्यक्रम में मप्र के उत्कृष्ट स्कूल जबलपुर के छात्र आयुष तिवारी ने प्रधानमंत्री मोदी से प्रश्न किया कि कई बार वे शिक्षकों की पढ़ाने की गति से तालमेल नहीं बिठा पाते हैं, उसे कैसे मैच करें। इस पर प्रधानमंत्री मोदी ने विद्यार्थियों को समझाते हुए शिक्षकों से भी आग्रह किया कि अपने अध्यापन की स्पीड विद्यार्थियों के सीखने की गति के अनुरूप रखें। लेसन प्लान विद्यार्थियों के साथ पूर्व से ही साझा करें। विद्यार्थी वह चेप्टर पहले से पढ़ें, अध्ययन करें जो शिक्षक भविष्य में कक्षा में पढाने वाले हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की गति से सामंजस्य बैठाने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि पहले मन को जोतो, फिर मन को जोड़ो। उसके बाद पढाई के विषय शुरू करो। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मन को जोतने का अर्थ



है, विषय की तमाम जानकारियां जुटाना और जोड़ने का अर्थ है, एकाग्रता बनाए रखना। इससे आपकी समझ मजबूत होगी और आप एक कदम आगे चलेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने विद्यार्थियों के साथ आयोजित 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में तनावमुक्त जीवन, समय प्रबंधन, अनुशासन, जीवन कौशल एवं व्यवसायिक विकास के महत्वपूर्ण मंत्र दिए। इसके साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों से आत्मविश्वास के साथ लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने का आह्वान किया।

### जिसने समय का प्रबंधन कर लिया, वह कभी असफल नहीं होता

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने नरसिंहपुर जिले के ग्राम तेंदूखेड़ा कन्या उमावि में विद्यार्थियों के साथ प्रधानमंत्री मोदी के परीक्षा मंत्र सुने। मंत्री सिंह ने विद्यार्थियों और शिक्षकों से प्रधानमंत्री के द्वारा दिए गए सूत्रों और विचारों को आत्मसात कर परीक्षाओं की तैयारी करने का आग्रह किया।

### सुभाष एक्सीलेंस स्कूल में हुआ राज्य स्तरीय कार्यक्रम

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का भोपाल के शासकीय सुभाष उत्कृष्ट स्कूल में राज्य स्तरीय कार्यक्रम हुआ। यहां पर स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. संजय गोयल ने विशिष्ट जनों, वरिष्ठ अधिकारी, अभिभावक और विद्यार्थियों के साथ सजीव प्रसारण में सहभागिता की। संचालक लोक शिक्षण केके द्विवेदी सहित कार्यक्रम के नोडल अधिकारी संयुक्त संचालक एचएन नेमा भी उपस्थित रहे। प्रदेश में राज्य शैक्षिक अनुसंधान प्रशिक्षण परिषद, सभी जिला शैक्षिक प्रशिक्षण संस्थान और प्रदेश के सभी सरकारी, निजी और शासन से अनुदान प्राप्त स्कूलों में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को समारोह पूर्वक आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम के लाइव प्रसारण में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रदेश के स्कूलों में टीवी प्रसारण के अलावा, इंटरनेट एक्सेस डिवाइस (कंप्यूटर, लैपटॉप इत्यादि) पर भी कार्यक्रम देखने की सुविधा स्थापित की गई थी।

# निरीक्षण में बंद मिला आरोग्य मंदिर, कटेगा 7 दिन का वेतन

## हर्राखेड़ा आयुष्मान आरोग्य मंदिर अस्पताल का मामला

**नगर संवाददाता, भोपाल।** बैरसिया विकासखंड में स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत परखने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) भोपाल डॉ. मनीष शर्मा ने शुक्रवार को विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं और टीकाकरण सेंटर्स का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लापरवाही सामने आने पर कार्रवाई की गई। इसी दौरान, ओपीडी समय में हर्राखेड़ा आयुष्मान आरोग्य मंदिर और ईंटखेड़ी आयुष्मान आरोग्य मंदिर बंद पाए गए। जिसपर सीएमएचओ ने कड़ी नाराजगी जताई। यही नहीं, उन्होंने



आयुष्मान आरोग्य मंदिर हर्राखेड़ा के कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर कोमल सोनी और ईंटखेड़ी के कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर रोशनी मेहरा का 7 दिन का वेतन काटने के आदेश जारी कर दिए हैं।

### टीकाकरण कार्यक्रम की ली जानकारी

सीएमएचओ डॉ. शर्मा ने चंदनखेड़ी गांव में आयोजित ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस (वीएचएनडी) में पहुंचकर गर्भवती महिलाओं और बच्चों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की। उन्होंने टीकाकरण की स्थिति की जानकारी ली और युविन पोर्टल तथा ड्यू लिस्ट के आधार पर शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डॉ. शर्मा ने कहा कि टीकाकरण में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उपस्वास्थ्य केंद्र ललारिया की प्रसव सेवाओं की भी समीक्षा की गई। यहां बड़ी संख्या में डिलीवरी केस सामने आने पर डॉ. शर्मा ने इस केंद्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के रूप में उन्नत किए जाने की संभावनाओं पर विचार किया। उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक संसाधन, स्टाफ और सुविधाओं की रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि क्षेत्र की महिलाओं को बेहतर मातृत्व सेवाएं मिल सकें।

# प्रदेश में जल्द ही दो नए वन्य जीव केंद्र बनाए जाएंगे: सीएम

## सीएम हाउस में ली बैठक, दिए निर्देश

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एलान किया है कि प्रदेश में जल्द ही 2 नए वन्य जीव केन्द्र बनाए जाएगें। इन्हें भव्यता देने के लिए पर्यटन विभाग का सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा कि कंसल्टेंट फर्म से कहा कि वे उज्जैन में वनतारा की तर्ज पर इस तरह का जंगल चिड़ियाघर सफारी तैयार करें। सीएम शुक्रवार को अपने निवास स्थित समत्व भवन में उज्जैन में वन्य जीव केन्द्र सह रेस्क्यू सेंटर के निर्माण के संबंध में नियुक्त कन्सल्टेंट फर्म के पदाधिकारियों के साथ बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में सीएम ने कहा कि मध्यप्रदेश में पर्यटन विशेषकर वन्य पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार पुरजोर कोशिश कर रही है। प्रदेश में उज्जैन और जबलपुर में वन्य जीव केन्द्र सह रेस्क्यू सेंटर निर्मित किए जा रहे हैं। दोनों ही शहरों में इन सेंटर्स के निर्माण के लिए कंसल्टेंट भी नियुक्त कर दिए गए हैं।उन्होंने कहा कि इस वाईल्ड लाईफ सेंटर को करीब 500 हैक्टेयर क्षेत्र में तैयार किया जाए। उज्जैन में 50 हैक्टेयर रकबे में पहले से तैयार ईको टूरिज्म पार्क भी इसी वन्य जीव केन्द्र में शामिल कर लिया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कंसल्टेंट से कहा कि यह एक अनोखा वन्य जीव केन्द्र होना चाहिए, जिसमें वन और वन्य प्राणियों की विविधता दूसरे वन्य जीव केन्द्रों से भिन्न हो। इसी साल वन्य जीव केन्द्र के फेज-1 का निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाए और जितनी जल्दी हो सके, वन्य जीव केन्द्र तैयार हो जाए, जिससे उज्जैन को एक बेहतरीन फॉरेस्ट टूरिज्म स्पॉट के रूप में ख्याति मिल सके।

### एनसीसी देशभक्ति प्रदान करने वाला सशक्त माध्यम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 'मुख्यमंत्री बैनर' जैसे कार्यक्रम युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में लगाकर उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए तैयार करते हैं। एनसीसी युवाओं को अनुशासन, नेतृत्व और देशभक्ति के संस्कार प्रदान करने वाला एक सशक्त माध्यम है। डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश के विकास के लिए हम सबको सक्रिय भागीदारी करनी होगी। इस दिशा में युवाओं को विशेष रूप से आगे आना चाहिये। युवा साथी अपनी असीम ऊर्जा का पूरी जिम्मेदारी और समर्पण भाव से सदुपयोग कर प्रदेश के विकास में सहभागी बनें। डॉ. यादव ने कहा केंद्र सरकार ने सेनाओं और सशस्त्र बलों में महिलाओं को समान अवसर देने के लिए स्थाई कमीशन देने सहित अनेक कदम उठाए हैं।

### आठ राज्यों के कृषि मंत्री उत्पादन बढ़ाने करेंगे मंथन

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** आठ राज्यों के कृषि मंत्री शनिवार को मप्र के प्रवास पर रहेंगे। ये सभी देश में उत्पादन एवं उत्पादकता से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर गहन विचार-विमर्श करेंगे। इसके लिए सीहोर में दलहन आत्मनिर्भरता को लेकर 7 फरवरी को सम्मेलन का आयोजन किया गया है। सीहोर के अमलाहा स्थित खाद्य दलहन अनुसंधान केंद्र पर होने वाले इस सम्मेलन में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में उत्पादन एवं उत्पादकता से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर गहन विचार-विमर्श होगा। दलहन क्षेत्र की मूल संवेदनाओं, वर्तमान चुनौतियों तथा भविष्य की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। प्रमुख दलहन उत्पादक राज्यों के कृषि मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी, दलहन अनुसंधान से जुड़े वैज्ञानिक, सरकारी बीज उत्पादक संस्थाएं, दाल उद्योग प्रतिनिधि एवं अन्य सहयोगी एजेंसियाँ भाग लेंगी। किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने बताया कि सम्मेलन में दलहन उत्पादन को सुदृढ़ करने, किसानों की आय बढ़ाने तथा उन्नत तकनीकों के माध्यम से उत्पादकता सुधार पर अपने विचार साझा किये जायेंगे।

**7 फरवरी को सीहोर में होगा सम्मेलन, सीएम व केंद्रीय कृषि मंत्री होंगे शामिल**

# हाईकोर्ट की युगलपीठ से भोपाल निगम कमिश्नर को मिली राहत

## अवमानना की कार्रवाई और सजा पर स्टे, 18 को अगली सुनवाई

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** भोपाल नगर निगम कमिश्नर संस्कृति जैन को शुक्रवार को राहत मिल गई। हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने सिंगल बेंच के उस फैसले पर अंतरिम रोक लगा दी, जिसमें उन्हें अदालत की अवमानना का दोषी करार देते हुए सजा सुनाने की तैयारी की गई थी। अब कमिश्नर के खिलाफ फिलहाल कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं होगी। मामले की अगली सुनवाई 18 फरवरी को होगी। मामला श्यामला हिल्स स्थित नादिर कॉलोनी में मार्लिन बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड की संपत्ति पर की गई तोड़फोड़ से जुड़ा है। जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने गुरुवार को इस मामले पर सुनवाई के दौरान नगर निगम की कार्रवाई को सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का उल्लंघन माना था। एकलपीठ के इस आदेश पर शुक्रवार को डबल बैंच ने स्टे दे दिया। जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने गुरुवार को सुनवाई के दौरान पूछा था कि जब मामला सिविल कोर्ट में लंबित था, तब निगम प्रशासन ने बिना अनुमति निर्माण को कैसे ढहा दिया। इसका कोई जवाब निगम के अफसरों के पास नहीं था। इस दौरान कमिश्नर खुद भी कोर्ट में मौजूद थीं। इसी आधार पर जस्टिस विशाल मिश्रा की बेंच ने कमिश्नर को दोषी मानकर अगले दिन शुक्रवार को सजा सुनाने के लिए उन्हें व्यक्तिगत रूप से तलब किया था। इसके बाद नगर निगम ने इस फैसले को चुनौती देते हुए युगलपीठ में अपील दायर की।



### इस आधार पर मिली राहत

शुक्रवार को सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा की अध्यक्षता वाली युगलपीठ ने कुछ महत्वपूर्ण कानूनी तथ्यों के आधार पर स्टे देने का फैसला लिया। अदालत ने प्रथम दृष्टया स्वीकार किया कि सिंगल बेंच ने जिन सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों का हवाला दिया था, वे दरअसल टार्गेटेड क्रिमिनल यानी लक्षित आपराधिक मामलों के लिए हैं। इसके अलावा किसी बिल्डर या डेवलपर के प्रशासनिक मामलों में नगर पालिका अधिनियम 1956 के तहत ही कार्रवाई की जाती है, जो इस प्रकरण में अलग पहलू है। सुनवाई के दौरान नगर निगम की तरफ से उनके अधिवक्ताओं ने तर्क रखा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के उल्लंघन पर अवमानना की कार्रवाई करने का अधिकार केवल देश की सर्वोच्च अदालत के पास ही सुरक्षित है।

### अब डबल बैंच में होगी सुनवाई

इससे पहले गुरुवार को सिंगल बैंच में इस कार्रवाई के लिए नगर निगम की ओर से बिना शर्त माफी मांगने की कोशिश की गई थी, लेकिन कोर्ट ने शर्त रखते हुए कहा था कि तोड़े गए हिस्से को वापस पहले जैसा बनाया जाए। इस दौरान नगर निगम की कमिश्नर संस्कृति जैन ने इसे तकनीकी रूप से असंभव बता हुए इस शर्त को मानने में असमर्थता जताई थी। इसके बाद कोर्ट ने इसे अवमानना मानते हुए सजा पर सुनवाई शुक्रवार को करने का फैसला लिया था। इस मामले में नगर निगम की तरफ से शुक्रवार को ही युगलपीठ में अपील दाखिल कर दी गई। अब डिवीजन बेंच के पास मामला जाने और वहां से सिंगल बैंच के फैसले पर स्टे के बाद निगम प्रशासन ने राहत की सांस ली है। फिलहाल इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 18 फरवरी की तारीख तय की गई है।

**निर्णय** — भोपाल के कालेज दस से 17 लाख रुपये सालाना करते हैं बीयू में जमा

# ऑटोनॉमस कालेजों को संबद्धता शुल्क में छूट विश्वविद्यालयों को होगा करोड़ों का नुकसान

**एजकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** प्रदेश के ऑटोनॉमस कालेजों को संबंधित एक दर्जन विश्वविद्यालयों को अब संबद्धता शुल्क नहीं देना होगा। ये निर्णय विश्वविद्यालयों की स्थायी समिति की बैठक में लिया गया है। बैठक उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन, आयुक्त प्रबल सिपाहा और प्रदेश के समस्त विवि के कुलगुरु मौजूद थे। अब उक्त निर्णय पर लोक भवन में होने वाली समन्वय समिति की बैठक में राज्यपाल मंगुभाई पटेल की मुहर लगना शेष है। प्रदेश में करीब तीन दर्जन ऑटोनॉमस कालेज हैं। इसमें करीब दस निजी कालेज और 26 सरकारी कालेज ऑटोनॉमस शामिल हैं। उक्त कालेज विश्वविद्यालयों को करोड़ों रुपये सालाना संबद्धता शुल्क के नाम पर जमा करते हैं। विवि उक्त कालेजों में प्रवेशरत विद्यार्थियों का




नामांकन करता है। इसके अलावा उक्त कालेज अपने विद्यार्थियों की परीक्षा, और मूल्यांकन कराकर रिजल्ट स्वयं जारी करते हैं। विवि के रजिस्ट्रार उनके दस्तावेजों पर सिर्फ अपने सील सिक्का लगा देते हैं। कालेजों को संबद्धता शुल्क भरने से शासन जरूर आजादी दे देगा, लेकिन कालेजों को विवि संबद्धता बनाए रखना होगी। उन्हें अपनी निरंतरता बरकरार रखना होगी। वहीं विवि समय-समय पर अपने मापदंडों की पूर्ति कराने के लिए उक्त कालेजों का निरीक्षण करा सकेंगे। बता दें कि प्रदेश के विश्वविद्यालयों को ऑटोनॉमस कालेजों से कारोडों रुपये की आवक होती है। क्योंकि उक्त कालेजों में सेल्फ फायनेंस के कोर्स संचालित होते हैं। बीसीए, बीबीए, कम्प्यूटर एप्लीकेशन समेत कई प्रोफेशनल कोर्स की फीस ज्यादा होती है। इसलिए उनका संबंद्धता शुल्क भी ज्यादा दिया जमा किया जा रहा था। बीयू के दायरे में आने वाले दस कालेज दस से 17 लाख का संबंद्धता शुल्क जमा करते हैं। बीयू को सिर्फ ऑटोनॉमस कालेज से एक करोड़ से ज्यादा का संबद्धता शुल्क मिलता है।

### लाखों रुपए की राशि है बकाया

प्रदेश में करीब दो दर्जन से ज्यादा सरकारी आटोनोमश कालेज हैं। कालेज सरकारी होने के बाद भी संबद्धता लेने के लिए विश्वविद्यालयों को शुल्क देना पड़ता है। जबकि उन्हें यह संबद्धता निशुल्क मिलना चाहिए थी। इसके बाद भी विश्वविद्यालय उनसे सालों से लाखों रुपये का संबद्धता शुल्क वसूल रहे हैं। राजधानी के नूतन, गीतांजलि और एमएलबी कालेज पर लाखों रुपये की राशि बकाया है। आडिट के दौरान आटोनोमश कालेजों का आपत्ति दर्ज कराकर बताया गया है कि वे सरकारी संस्थान हेकर बीयू को संबद्धता शुल्क क्यों दे रहे हैं। इससे लेकर आडिट कंडिका दर्ज की गई है। इसलिए सरकारी कालेजों ने राशि के भुगतान पर रोक लगा रखी है। जबकि बीयू ने कालेजों के नाम पर उधारी खाता बनाकर बकाया पर राशि को चढा दिया है।

# भविष्य को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है आम बजट: हेमंत



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा है कि केन्द्र सरकार का बजट आने वाले भविष्य को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। यह देश को नई दिशा की ओर अग्रसर करेगा।

बजट में महिला सशक्तीकरण को प्राथमिकता दी गई है, जिनसे महिलाएं आर्थिक ,सामाजिक और राजनीतिक रूप से सशक्त होंगी। प्रदेशाध्यक्ष शुक्रवार को एक निजी यूनिवर्सिटी में केन्द्रीय बजट के प्रचार अभियान के तहत महिला संवाद को संबोधित कर रहे थे। 2014 के बाद देश में टैक्स देने की मानसिकता का एक बड़ा बदलाव आया है और आज लोग टैक्स बचाने की बजाए इसे ईमानदारी से चुकता करना चाहते है,यह मोदी सरकार का एक महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि भारत की इकोनॉमी आने वाले समय में दुनिया में सबसे मजबूत और सबसे बेहतर होगी,यह बजट उस संकल्प को भी दर्शाता है, जिसमें न केवल महिलाओं के अधिकारों को सुनिश्चित किया गया है, बल्कि समग्र रुप से देश की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने के लिए की दूरगामी कदम उठाए गए हैं। कार्यक्रम में राज्यमंत्री कृष्णा गौर ने कहा कि बजट में जिस तरह के प्रावधान किए गए है, उससे महिलाओं का अधिक लाभ होगा। कार्यक्रम को प्रदेश महिला मोर्चे की प्रदेशाध्यक्ष अश्विनी परांजपे, महापौर मालती राय, भोपाल भाजपा जिलाध्यक्ष रविन्द्र यति सहित दूसरे नेता भी मौजूद रहे।

▸▸ वर्ष 69 ▸▸ अंक 130 ▸▸ पृष्ठ 12+8= 20
भोपाल, शनिवार 07 फरवरी, 2026
▸▸ फाल्गुन कृष्ण पक्ष 06, विक्रम संवत् 2082
▸▸ महानगर ▸▸ मूल्य 7 रुपए
आज के अंक के साथ सत्यकथा (ऐच्छिक)

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

"जैसे संगमरमर के एक पत्थर के लिए मूर्तिकला होती है, वैसे ही आत्मा के लिए शिक्षा होती है।
–जोसेफ एडिसन

## ऑफ बीट

### छूट के लिए खुद को जैन विकलांग बता रहे हैं छात्र



*अमेरिका की प्रतिष्ठित स्टेनफोर्ड यूनिवर्सिटी इन दिनों एक अजीबोगरीब विवाद को लेकर चर्चा में है। आरोप है कि कुछ छात्र हॉस्टल और यूनिवर्सिटी के मील प्लान से छूट पाने के लिए खुद को 'विकलांग' बताकर रजिस्टर करा रहे हैं। इतना ही नहीं, कुछ छात्रों पर यह भी आरोप लगाया गया है कि वे खुद को जैन धर्म का अनुयायी बताकर विशेष भोजन नियमों से छूट हासिल कर रहे हैं। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के कैंपस में रहने वाले छात्रों के लिए मील प्लान अनिवार्य है। इस मील प्लान की सालाना फीस करीब 7 लाख रुपये बताई जा रही है। आरोप है कि इस भारी-भरकम शुल्क से बचने के लिए कुछ छात्र अलग-अलग रास्ते अपना रहे हैं। कुछ छात्रों ने खुद को विकलांग बताकर विशेष छूट के लिए आवेदन किया। छूट मिलने के बाद इन छात्रों ने यूनिवर्सिटी का डाइनिंग हॉल इस्तेमाल करना बंद कर दिया और वे बाहर से खाना लेने लगे।*

**पाकिस्तान में आत्मघाती धमाका:** जुमे की नमाज के दौरान विस्फोट, सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल

# इस्लामाबाद में शिया इमामबाड़े पर हमला 31 लोगों की मौत, 160 से अधिक घायल

**इस्लामाबाद, जेएनएन।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में शुक्रवार को एक भीषण आत्मघाती धमाके ने पूरे देश को दहला दिया। शहजाद टाउन इलाके के तेरलाई स्थित शिया इमामबाड़े में जुमे की नमाज के दौरान हुए इस विस्फोट में कम से कम 31 लोगों की मौत हो गई, जबकि 160 से अधिक लोग घायल हो गए। कई घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिससे मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।

पाकिस्तानी अखबार डॉन और टीवी चैनल जियो टीवी के मुताबिक, यह हमला एक आत्मघाती हमलावर ने शिया समुदाय के बैठक हॉल को निशाना बनाकर किया। जानकारी के मुताबिक, धमाका उस समय हुआ, जब इमामबाड़े में बड़ी संख्या में लोग नमाज और धार्मिक सभा के लिए मौजूद थे।

धमाके के तुरंत बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। टीवी फुटेज और सोशल मीडिया पर वायरल तस्वीरों में पुलिसकर्मी और स्थानीय लोग घायलों को गोद में उठाकर और स्ट्रेचर पर डालकर अस्पताल पहुंचाते नजर आए। पुलिस और रेस्क्यू टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। विस्फोट के बाद पाकिस्तान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस में आपातकाल घोषित कर दिया गया। स्थानीय मीडिया के अनुसार, अस्पतालों को हाई अलर्ट पर रखा गया है और डॉक्टरों की अतिरिक्त टीमें तैनात की गई हैं। इस्लामाबाद के पुलिस प्रमुख ने पूरे शहर में सुरक्षा बढ़ाने और सतर्कता के निर्देश दिए हैं।

इस आतंकी हमले की देश-विदेश में कड़ी निंदा हुई है। पाकिस्तान के संसदीय मामलों के मंत्री तारिक फजल चौधरी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बयान जारी कर इसे 'कायराना हरकत' बताया और मृतकों के प्रति गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं देश के हौसले को नहीं तोड़ सकतीं।

सीनेट में विपक्ष के नेता अल्लामा राजा नासिर अब्बास ने भी इस हमले को सुरक्षा व्यवस्था की गंभीर विफलता करार दिया।



आत्मघाती हमला शहजाद टाउन इलाके में जुमे की नमाज के दौरान हुआ।

### इंसानियत के खिलाफ: जरदारी

पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने भी इस हमले पर दुख जताते हुए कहा कि बेगुनाह लोगों को निशाना बनाना इंसानियत के खिलाफ है। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि पीड़ितों को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

### इधर, बलूचिस्तान में हिंसक झड़पें जारी

यह धमाका ऐसे समय हुआ है, जब कुछ ही दिन पहले पाकिस्तानी सुरक्षा बलों और बलूचिस्तान लिब्रेशन आर्मी के बीच बलूचिस्तान में हिंसक झड़प हुई थी, जिसमें दोनों पक्षों को भारी नुकसान हुआ था। गौरतलब है कि बलूचिस्तान लंबे समय से अलगाववादी हिंसा और आतंकवाद से जूझ रहा है और हाल के महीनों में वहां हमलों में तेजी आई है।

### इस्लामाबाद में दूसरी बार आत्मघाती हमला

विशेषज्ञों का मानना है कि इस्लामाबाद जैसे हाई-सिक्योरिटी शहर में दूसरी बार आत्मघाती हमला होना पाकिस्तान की आंतरिक सुरक्षा चुनौतियों को उजागर करता है। नवंबर में भी राजधानी में हुए एक आत्मघाती हमले में 12 लोगों की मौत हुई थी।

## फिल्म 'घूसखोर पंडत' का टीजर हटाया गया

**मुंबई, जेएनएन।** रिलीज से पहले ही विवादों में घिरी फिल्म घूसखोर पंडत का टीजर और उससे जुड़ा पूरा प्रमोशनल कंटेंट हटा लिया गया है। फिल्म के टाइटल को लेकर ब्राह्मण समाज के एक वर्ग ने आपत्ति जताई थी, जिसके बाद बढ़ते विरोध को देखते हुए यह फैसला लिया गया। फिल्म के निर्माता और लेखक नीरज पांडे ने आधिकारिक बयान जारी कर स्पष्ट किया कि यह फिल्म पूरी तरह काल्पनिक है और किसी भी जाति, धर्म या समुदाय का प्रतिनिधित्व नहीं करती।



शुक्रवार को नीरज पांडे ने अपने सोशल मीडिया बयान में कहा कि 'घूसखोर पंडत' एक काल्पनिक पुलिस ड्रामा है, जिसमें 'पंडत' शब्द का इस्तेमाल केवल एक काल्पनिक किरदार के लिए आम बोलचाल के नाम के तौर पर किया गया है। उन्होंने कहा कि कहानी का केंद्र एक व्यक्ति के काम, उसके फैसलों और उसकी आंतरिक यात्रा पर है, न कि किसी समुदाय या सामाजिक समूह पर टिप्पणी करना।

उन्होंने आगे लिखा कि एक फिल्ममेकर के रूप में वह अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से लेते हैं और ऐसी कहानियां कहना चाहते हैं, जो सोच-समझकर और सम्मान के साथ बनाई जाएं।

## संक्षिप्त खबरें

**सुको ने प्रशांत को फटकारा**

### 'जनता ने नकार दिया तो कोर्ट का सहारा ले रहे हैं'

**पटना, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव को रद्द कराने की मांग को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान प्रशांत किशोर और उनकी पार्टी जनसुराज पार्टी को कड़ी फटकार लगाई। शीर्ष अदालत ने साफ शब्दों में कहा कि जब जनता ने आपको नकार दिया, तो आप लोकप्रियता हासिल करने के लिए कोर्ट का इस्तेमाल कर रहे हैं। अदालत ने यह भी पूछा कि आपकी पार्टी को चुनाव में कितने वोट मिले। दरअसल, जनसुराज पार्टी की ओर से सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव को रद्द कराने और दोबारा चुनाव कराने की मांग की गई थी। शुक्रवार को हुई सुनवाई में कोर्ट ने इस मांग को खारिज कर दिया और याचिकाकर्ता को पहले संबंधित हाईकोर्ट जाने की सलाह दी। अदालत के रुख को देखते हुए बाद में जनसुराज पार्टी ने अपनी याचिका वापस ले ली।

### बिहार: पूर्णिया सांसद पप्पू यादव गिरफ्तार

**पटना, जेएनएन।** बिहार की सियासत में शुक्रवार रात जबरदस्त ड्रामा देखने को मिला। पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव को 31 वर्ष एक पुराने मामले में पटना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उन पर आरोप है कि उन्होंने वर्ष 1995 में पटना के एक घर पर कब्जा कर लिया था, जिसमें वह किराये पर रहने गए थे। पप्पू यादव ने इस किराये के घर में पहले अपना दफ्तर खोला, फिर उस पर कब्जा कर लिया। इसे लेकर उनके खिलाफ मकान मालिक ने एफआईआर दर्ज कराई थी। अदालत ने पप्पू यादव को कई बार समन जारी किया, लेकिन वह सुनवाई के लिए पेश नहीं हुए। इसके बाद अदालत ने दो दिन पहले उनकी संपत्ति कुर्क करने का आदेश दिया था और उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। पटना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पप्पू यादव को शुक्रवार आधी रात गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान पप्पू यादव के समर्थकों और पुलिस के बीच तीखी बहस भी हुई।

# घोषणा: उड़द-मसूर उत्पादन पर किसानों को बोनस देगी सरकार

### दाल मिल एसोसिएशन के कार्यक्रम में बोले सीएम-जल्द तैयार होगी योजना

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार जल्द ही किसानों को मसूर और उड़द उत्पादन को बढ़ाने के लिए बोनस देने की योजना तैयार करेगी। सरकार ने किसान कल्याण के लिए आगामी 5 सालों का रोडमैप तैयार किया है। 5 साल में राज्य के बजट को 15 प्रतिशत की वृद्धि दर के हिसाब से दोगुना करने का संकल्प लिया है। यह बातें शुक्रवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर में ऑल इंडिया दाल मिल एसोशिएशन की 'ग्रेन-एक्स इंडिया' प्रदर्शनी को संबोधित करते हुए कहीं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने तीन दिवसीय प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

सीएम ने कहा कि प्रदेश सरकार किसान, उद्योग और व्यापार को साथ लेकर विकास का एक नया मॉडल तैयार कर रही है। हमारी सरकार की तमाम योजनाओं की बदौलत मध्यप्रदेश देश का फूड बास्केट बन चुका है। हमने संकल्प लिया है कि राज्य कृषि खाद्य प्रसंस्करण तथा दाल उत्पादन के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बने। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने तुअर से मंडी टैक्स हटाया है, इससे दाल मिल उद्योग को लाभ मिलेगा। उड़द और मसूर पर भी राहत देने का विचार किया जा रहा है।



### एयरकार्गो के विकास की दिशा में प्रयास जारी

सीएम ने कहा कि मध्यप्रदेश देश के मध्य में है, यहां से रोड, रेल और हवाई हर तरह की बहुत अच्छी कनेक्टिविटी है। प्रदेश में एयरकार्गो के विकास की दिशा में प्रयास जारी हैं, जिससे व्यापार व्यावसाय विस्तार को गति मिलेगी। डॉ. यादव ने अन्य राज्यों से आए उद्योगपतियों से कहा कि आप मध्यप्रदेश में उद्योग स्थापित करें। हमारी सरकार जमीन, मशीन और टैक्स कम करने से लेकर सभी प्रकार से सहयोग प्रदान करेगी। प्रदेश की धरती पर सभी निवेशकों का स्वागत है। राज्य सरकार ने लघु-कुटीर उद्योग और एमएसएमई को प्रोत्साहित करने के लिए संभागीय स्तर पर रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव, दूसरे राच्यों में निवेश आकर्षित करने के लिए रोड शो आयोजित किए।

### 3 नक्सली मारे गए, शहीद जवान को गार्ड ऑफ ऑनर

**जगदलपुर, जेएनएन।** छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में तीन नक्सली मारे गए, जबकि महाराष्ट्र का एक जवान शहीद हो गया और एक अन्य घायल हुआ है।

**छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र सीमा पर मुठभेड़**

यह मुठभेड़ 6 फरवरी की सुबह अबूझमाड़ के जंगलों में हुई, जहां महाराष्ट्र पुलिस के सी-60 कमांडो और नक्सलियों के बीच दोनों ओर से भारी गोलीबारी हुई। पुलिस के अनुसार, नक्सलियों की ओर से की गई फायरिंग में 38 वर्षीय कॉन्स्टेबल दीपक चिन्ना मदावी गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल एयरलिफ्ट कर गढ़चिरौली जिले के भामरागढ़ अस्पताल ले जाया गया, जहां ऑपरेशन के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। यह घटना गढ़चिरौली जिले की भामरागढ़ तहसील क्षेत्र में हुई। शहीद जवान को पूरे सम्मान के साथ गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया और उनका पार्थिव शरीर उनके गृहग्राम रवाना किया गया। गार्ड ऑफ ऑनर के दौरान शहीद जवान के परिजन और साथी जवान भावुक नजर आए।

# ग्रामीणों ने देखीं जीवाश्म की 12 मीटर लंबी हड्डियां

**उदासीनता:** 5 दिन बाद भी प्रशासन ने नहीं ली सुध

**जागरण, सीधी।** जिले में संदिग्ध जीवाश्म (फॉसिल) मिलने का मामला सामने आया है, जिसकी खबर पूरे इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है। इलाके के ग्रामीणों ने इसकी सूचना तत्काल वन विभाग और एसडीएम सिहावल को दी। ग्रामीणों के अनुसार सिहावल जनपद पंचायत के कोरौली कला गांव की पहाड़ी पर विशाल आकार की हड्डियां दिखाई दीं, जिनकी लंबाई 11 से 12 मीटर तक बताई जा रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि सूचना देने के बावजूद कोई अधिकारी-कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा।

वहीं पूरे मामले को लेकर सिहावल एसडीएम एवं पुरातत्व विभाग की प्रभारी अधिकारी प्रिया पाठक ने बताया कि उन्हें इस संबंध में सूचना प्राप्त हुई थी। यह विषय पुरातत्व विभाग से संबंधित है, इसलिए उनसे संपर्क करने का प्रयास किया गया है। फिलहाल कोई विशेषज्ञ टीम मौके पर नहीं पहुंच सकी है।



### प्रशासन के रवैये से ग्रामीणों में आक्रोश

वहीं स्थानीय निवासी नारायण केवट ने बताया कि पहाड़ी पर जब उन्हें बड़ी हड्डियां दिखाई दीं तो उन्होंने तत्काल इसकी जानकारी सरपंच को दी, लेकिन इस मामले को गंभीरता से नहीं लिया गया। इसी दौरान गांव के कुछ बच्चों ने हड्डियों को इधर-उधर फेंक दिया, जिससे संभावित जीवाश्म को नुकसान पहुंचने का खतरा पैदा हो गया है। इस स्थिति को देखते हुए उन्होंने स्वयं बिखरी हड्डियों को एकत्र कर एक स्थान पर सुरक्षित रखा।

### एयर इंडिया, इंडिगो विमानों में तकनीकी खराबी

# 754 विमानों की जांच में 377 में रिपीटेटिव डिफेक्ट: सरकार

**नई दिल्ली, जेएनएन।** देश में हवाई यात्रा की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। सरकार ने संसद को बताया है कि जनवरी 2025 से देश की छह शेड्यूल्ड एयरलाइंस के कुल 754 विमानों की तकनीकी जांच की गई, जिनमें से 377 विमानों में बार-बार होने वाली तकनीकी खराबियां (रिपीटेटिव डिफेक्ट) पाई गईं।

इसका अर्थ यह है कि जिन खामियों को एक बार ठीक किया गया, वही समस्या दोबारा सामने आई। लोकसभा में नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि जांच में एयर इंडिया और इंडिगो के विमानों में खामियों का अनुपात अपेक्षाकृत अधिक पाया गया। आंकड़ों के मुताबिक, एयर इंडिया समूह के 267 विमानों की जांच की गई, जिनमें से 191 विमानों (करीब 72 फीसदी) में बार-बार तकनीकी खराबी दर्ज की गई। वहीं, इंडिगो के 405 विमानों की जांच में 148 विमानों में इस साल 3 फरवरी तक रिपीटेटिव डिफेक्ट पाया गया। पिछले साल सुरक्षा मानकों को परखने के लिए अभियान चलाया। इस दौरान 3,890 सर्विलांस इंस्पेक्शन, 56 ऑडिट, 492 रैंप चेक और 84 विदेशी विमानों की जांच की गई। साथ ही 874 स्पॉट चेक और 550 नाइट सर्विलांस किए गए।



### लगातार चौथे दिन नारेबाजी के चलते संसद ठप, बिट्टू का राहुल पर तंज- पीएम की पाठशाला में जाएं

# महज 10 मिनट चली लोकसभा की कार्यवाही

**नई दिल्ली, जेएनएन।** संसद के बजट सत्र के दौरान शुक्रवार को भी लोकसभा और राज्यसभा में भारी हंगामा देखने को मिला। विपक्षी सांसदों की नारेबाजी और प्रदर्शन के चलते लोकसभा की कार्यवाही पहली बार सिर्फ तीन मिनट और दूसरी बार सात मिनट ही चल सकी। लगातार बाधाओं के कारण लोकसभा को सोमवार, 9 फरवरी तक के लिए स्थगित कर दिया गया, जबकि राज्यसभा भी सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी गई।

हंगामे के बीच सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच सियासी बयानबाजी और तीखी हो गई। केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि 'आज प्रधानमंत्री की 'पाठशाला' थी, जिसमें बच्चों को कामयाब होने के गुर बताए गए। अगर राहुल गांधी भी प्रधानमंत्री की पाठशाला में चले जाएं, तो वे भी जिंदगी में कामयाब हो सकते हैं।' यह बयान उस सियासी माहौल में आया, जब एक दिन पहले राहुल गांधी ने कथित तौर पर बिट्टू को 'गद्दार' कहा था।

दरअसल, संसद में यह पूरा विवाद अमेरिका-भारत व्यापार समझौते को लेकर विपक्ष के विरोध से जुड़ा है। निलंबित विपक्षी सांसद संसद परिसर में प्रदर्शन करते नजर आए। उनके हाथों में पोस्टर थे, जिनमें इस व्यापार समझौते को 'ट्रैप डील' बताया गया था और वे 'नरेंदर-सरेंडर' जैसे नारे लगा रहे थे। विपक्ष का आरोप है कि सरकार ने इस समझौते पर संसद में पर्याप्त चर्चा नहीं होने दी। शुक्रवार को राज्यसभा में भी तीखी नोकझोंक देखने को मिली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आरोप लगाया कि पिछले दस सालों में सरकार ने केवल कांग्रेस को गालियां देने का काम किया है। वहीं भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने देश की मौजूदा समस्याओं के लिए नेहरू-गांधी परिवार को जिम्मेदार ठहराया और इस विषय पर एक रिसर्च सेंटर और लाइब्रेरी बनाने की बात कही।

### प्रधानमंत्री की अनुपस्थिति पर उठाए सवाल





सदन की कार्यवाही के दौरान कांग्रेस सांसदों ने प्रधानमंत्री की लोकसभा में अनुपस्थिति पर भी सवाल उठाए। कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर और प्रमोद तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री के सुरक्षा कारणों का हवाला देकर भाषण न देना, न सिर्फ खुद को बल्कि पूरे सदन को असुरक्षित बताने जैसा है।

**रिसर्च** जिन बुजुर्गों ने पोते-पोतियों की देखभाल की, उनकी याददाश्त और भाषा हुई बेहतर

# पोते-पोतियों के साथ से तेज होता है बुजुर्गों का दिमाग

**नई दिल्ली, जेएनएन।** तेज रफ्तार जिंदगी न्यूक्लियर फैमिली और बढ़ती व्यस्तताओं के दौर में अक्सर बुजुर्गों को यह महसूस होने लगता है कि परिवार में उनकी भूमिका सीमित होती जा रही है। कई बार उन्हें यह भी लगता है कि वे अब केवल सलाह देने या किनारे बैठकर देखने तक सिमट गए हैं। लेकिन हालिया वैज्ञानिक शोध इस धारणा को चुनौती देता है। नए अध्ययन से यह साफ हुआ है कि पोते-पोतियों या नाती-नातिन की देखभाल में सक्रिय रूप से शामिल होना बुजुर्गों के लिए न सिर्फ भावनात्मक रूप से सुखद है, बल्कि उनके दिमागी स्वास्थ्य के लिए भी बेहद फायदेमंद है।

यह शोध बताता है कि बच्चों के साथ खेलना, बातें करना, उनकी देखभाल करना और रोजमर्रा की गतिविधियों में शामिल होना बुजुर्गों की याददाश्त, भाषा कौशल और मानसिक तेजी को लंबे समय तक बनाए रखने में मदद करता है। यानी पारिवारिक जुड़ाव केवल रिश्तों को मजबूत नहीं करता, बल्कि दिमाग को भी सक्रिय रखता है। यह अहम अध्ययन प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय जर्नल 'साइक्लोजी एंड एजिंग' में प्रकाशित हुआ है। इस शोध की प्रमुख लेखिका फ्लाविया चेरेचेश हैं। शोध का उद्देश्य यह समझना था कि क्या बच्चों की देखभाल बुजुर्गों की मानसिक क्षमताओं को प्रभावित करती है और क्या इससे मानसिक गिरावट को धीमा किया जा सकता है।



### बच्चों की देखभाल न करने वाले रहे अपेक्षाकृत कमजोर

शोध के नतीजे काफी दिलचस्प रहे। जिन बुजुर्गों ने अपने पोते-पोतियों की देखभाल की, उन्होंने मेमोरी और भाषा से जुड़े परीक्षणों में बेहतर प्रदर्शन किया। इसके मुकाबले वे बुजुर्ग, जो बच्चों की देखभाल में शामिल नहीं थे, अपेक्षाकृत कमजोर पाए गए। इससे यह संकेत मिलता है कि बच्चों के साथ समय बिताना दिमाग के लिए किसी प्राकृतिक व्यायाम से कम नहीं है।

### 2887 बुजुर्गों पर अध्ययन

इस अध्ययन में कुल 2,887 दादा-दादी और नाना-नानी को शामिल किया गया, जिनकी उम्र 50 वर्ष से अधिक थी। प्रतिभागियों की औसत आयु लगभग 67 वर्ष रही। शोधकर्ताओं ने वर्ष 2016 से 2022 के बीच इन बुजुर्गों के स्वास्थ्य, जीवनशैली और मानसिक परीक्षणों से जुड़े आंकड़ों का विश्लेषण किया। खासतौर पर उनकी याददाश्त (मेमोरी), शब्दों के प्रयोग और भाषा कौशल (वर्बल स्किल्स) पर ध्यान दिया गया।

### कितनी बार देखभाल की जाएं यह जरूरी नहीं

इस अध्ययन की सबसे रोचक बात यह रही कि मानसिक लाभ इस पर निर्भर नहीं करते थे कि बुजुर्ग कितनी बार बच्चों की देखभाल करते हैं। चाहे देखभाल रोजाना हो या हफ्ते में कुछ दिन, और चाहे वह पढ़ाने, खिलाने, खेलने या सिर्फ निगरानी तक सीमित हो दिमागी फायदे लगभग समान पाए गए।

### बच्चों के साथ समय क्यों रखता है दिमाग को एक्टिव?

शोधकर्ताओं के मुताबिक, बच्चों के साथ बातचीत करना, उनके सवालों के जवाब, उन्हें कहानियां सुनाना और खेल खेलना बुजुर्गों के दिमाग को लगातार चुनौती देता है। बच्चे जिज्ञासु होते हैं। इससे बुजुर्गों को भी सोचने, समझाने और नए शब्दों का इस्तेमाल करने का मौका मिलता है।

### 30 सप्ताह की नाबालिग को दी गर्भपात की अनुमति

# गर्भ जारी रखने के लिए नहीं किया जा सकता मजबूर: सुको

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक दूरगामी और संवेदनशील फैसले में 17 वर्षीय नाबालिग लड़की की 30 सप्ताह की गर्भावस्था के चिकित्सकीय समापन (मेडिकल टर्मिनेशन) की अनुमति दी। अदालत ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी महिला और विशेष रूप से नाबालिग को उसकी इच्छा के विरुद्ध गर्भ जारी रखने के लिए मजबूर नहीं किया जा सकता। न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और उज्जल भुइयां की पीठ ने कहा कि इस मामले का केंद्रीय प्रश्न यह है कि नाबालिग स्वयं गर्भ जारी रखना चाहती है या नहीं। पीठ ने माना कि लड़की एक दुर्भाग्यपूर्ण परिस्थिति का सामना कर रही है और उसने स्पष्ट रूप से बच्चे को जन्म न देने की इच्छा जताई है।



### क्यों महत्वपूर्ण है यह फैसला

भारत में गर्भपात मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी (संशोधन) अधिनियम, 2021 के तहत वैध है। कानून के अनुसार 20 सप्ताह तक एक डॉक्टर की राय से गर्भपात कराया जा सकता है, जबकि नाबालिगों, बलात्कार पीड़ितों और दिव्यांग महिलाओं जैसी विशेष श्रेणियों में 20 से 24 सप्ताह के बीच दो डॉक्टरों की राय आवश्यक होती है। यह कानून अविवाहित महिलाओं पर भी समान रूप से लागू है।

## संक्षिप्त खबरें

### सहारा क्रेडिट को-ऑपरेटिव को लौटानी होगी राशि

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** सहारा इंडिया की सहारा आई सिलेक्ट योजना के तहत विभिन्न खातों में 7 लाख रुपए की एफडी करवाने वाले उपभोक्ता को सालाना 8 प्रतिशत ब्याज के साथ मूल व ब्याज की राशि लौटाना होगी। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग ने परिवादी टीकमदास जैसवानी की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह फैसला दिया। दरअसल परिवादी ने आई सिलेक्ट योजना के तहत 7 लाख रुपए की एफडी करवाई थी। जिसकी परिवक्वता राशि 31 दिसंबर 2022 को 9 लाख 83 हजार 500 रुपए होना थी। परिपक्वता दिनांक के बाद परिवादी ने कई बार सहारा क्रेडिट कॉ-ऑपरेटिव सोसायटी के कार्यालय जाकर राशि की मांग की, लेकिन संस्था के द्वारा परिवादी को कोई ठोस जवाब नहीं दिया गया। जिसके बाद उन्होंने अधिवक्ता सत्य शर्मा के माध्यम से आयोग की शरण ली थी। आयोग ने अपने आदेश में कहा कि आदेश के दो माह के भीतर अदायगी दिनांक तक परिपक्वता राशि 18 प्रतिशत के ब्याज, 50 हजार की क्षतिपूर्ति राशि और 10 हजार रुपए परिवाद व्यय के साथ देना होगी। आयोग ने संस्था की इस लापरवाही को सेवा में कमी बताते हुए यह आदेश दिया है। इस मामले में भी हुआ फैसला : इसी तरह पंजाबी बाग निवासी देवेन्द्र कुमार शर्मा के मामले में भी आयोग ने निर्णय देते हुए कहा कि परिवादी को 1 लाख 8 हजार 141 रुपए की परिपक्वता राशि 12 प्रतिशत के ब्याज, 50 हजार की क्षतिपूर्ति राशि और 10 हजार रुपए परिवाद व्यय के साथ देना होगी। यह राशि परिवादी को आदेश के दो माह के भीतर देने के आदेश दिए गए हैं।

### 'डायरी में राम कहानी' का विमोचन




**जागरण, भोपाल।** दुष्यंत कुमार स्मृति पाण्डुलिपि संग्रहालय में तुलसी साहित्य अकादमी की सृजन श्रृंखला-53 के तहत डॉ. राजेश श्रीवास्तव की नई पुस्तक 'डायरी में राम कहानी' का विमोचन हुआ। रामायण केंद्र के अध्यक्ष डॉ. श्रीवास्तव की इस कृति को विशेषज्ञों ने एक महत्वपूर्ण शोध ग्रंथ बताया। कार्यक्रम में मानस भवन न्यास के कार्यकारी अध्यक्ष रघुनंदन शर्मा ने कहा कि आज के दौर में ऐसी किताबों का सृजन बहुत जरूरी है जो समाज को सही दिशा दें। मुख्य अतिथि के रूप में साहित्य अकादमी के निदेशक डॉ. विकास दवे मौजूद रहे। वहीं, विशिष्ट अतिथि और लेखिका अनीता सक्सेना ने अपने संबोधन में कहा कि रामायण केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि भारतीयों के रग-रग में रची-बसी एक संस्कृति है।

### विद्यालयों में कौशल शिक्षा को सशक्त बनाने पर हुआ मंथन



**भोपाल।** पंडित सुंदरलाल शर्मा केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान (पीएसएससीआईवीई), एनसीईआरटी, भोपाल में समग्र शिक्षा के अंतर्गत विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा के क्रियान्वयन विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय परामर्श बैठक का समापन हुआ। बैठक में राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के प्रतिनिधियों, शिक्षा प्रशासकों, शिक्षाविदों, एनआईओएस, एससीईआरटी, राज्य शिक्षा मंडल तथा उद्योग विशेषज्ञों ने सहभागिता की। समापन समारोह के मुख्य अतिथि श्री भगवती प्रसाद, आईएएस, निदेशक (कौशल शिक्षा), स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री सी. पी. शर्मा, प्रबंध निदेशक, दौलत राम इंजीनियरिंग सर्विसेज लिमिटेड, भोपाल तथा विशेष अतिथि के रूप में प्रो. गोवर्धन दास, निदेशक, भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (आईआईएसईआर), भोपाल उपस्थित रहे।

### थाना स्टाफ के साथ समन्वय बनाकर करें कार्यः आयुक्त



**जागरण, भोपाल।** पुलिस आयुक्त संजय कुमार ने शुक्रवार को क्राइम ब्रांच और साइबर ब्रांच के अधिकारियों और कर्मचारियों की बैठक के साथ की। उन्होंने अपराधों पर नियंत्रण के लिए क्राइम ब्रांच को थाना स्टाफ के साथ समन्वय बनाकर टीम भावना से कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र के सक्रिय बदमाशों की नियमित निगरानी की जाए और उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की जाए। उन्होंने अवैध हथियार और नशे के कारोबार पर सख्ती से कार्रवाई के निर्देश देते हुए कहा कि ड्रग्स का उपयोग और बिक्री करने वालों की जानकारी जुटाकर उनके खिलाफ कठोर कदम उठाए जाए। क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि संचालित नहीं होनी चाहिए। पुलिस आयुक्त ने कहा कि आमजन से संवाद बढ़ाकर हेलमेट, सीट बेल्ट, साइबर अपराध और महिला सुरक्षा जैसे विषयों पर जागरूकता फैलाई जाए।

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**जागरण, भोपाल।** समाजसेवी स्वर्गीय राजेश्वर सिंह परिहार की 23वीं पुण्यतिथि के अवसर पर न्यू अशोका गार्डन स्थित परिहार चौराहा, 80 फीट रोड पर श्रद्धांजलि सभा एवं विशाल निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि स्व. परिहार ने अपने जीवन में जनसेवा और सामाजिक समरसता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी, जो आज भी प्रेरणास्रोत है। शिविर में लगभग 223 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। मधुमेह, ब्लड प्रेशर एवं यूरिक एसिड की जांच के साथ निःशुल्क दवाएं वितरित की गईं। जनरल मेडिसिन, बाल रोग, महिला रोग, त्वचा रोग एवं सर्जरी विशेषज्ञों ने सेवाएं दीं। मंत्री सारंग ने मरीजों से संवाद किया और स्वयं भोजन परोसकर सेवा भावना का परिचय दिया।

# हमीदिया में मरीजों से ठगी, 1 लाख वसूले

## अस्पताल कर्मचारियों की मिलीभगत से ठग ने दिया वारदात को अंजाम, पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया

**नगर संवाददाता, भोपाल।** हमीदिया अस्पताल में मरीजों के साथ ठगी करने का मामला सामने आया है। इस मामले में सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि ठगी करने वाले का साथ अस्पताल का ही स्टाफ दे रहा था। इस मामले में कोहेफिजा पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लिया है। जानकारी अनुसार भोपाल के हमीदिया अस्पताल में शातिर ठग ने यहां भर्ती मरीजों और उनके परिजन को डॉक्टर बनकर फोन किया। बेहतर इलाज और सुरक्षित ऑपरेशन का झांसा देकर रकम की डिमांड की। क्यूआर कोड भेजकर पैसा ऑनलाइन ट्रांसफर करा लिया। आरोपी पिछले 45 दिन में इसी तरीके से 10 पेशेंट को शिकार बना चुका है। उसने हर एक परिवार से 7 से 10 हजार रुपए तक की वसूली की। वह मरीजों और उनके परिजन को फोन कर कहता था कि यदि बेहतर इलाज और सुरक्षित ऑपरेशन चाहते हैं, तो तय रकम तुरंत ऑनलाइन ट्रांसफर करनी होगी। भरोसे में आकर कई लोगों ने रकम ट्रांसफर कर दी, जिसके बाद आरोपी ने फोन उठाना बंद कर दिया। मामले में अस्पताल के स्टाफ की मिलीभगत भी सामने आई है, जो मरीजों की मेडिकल कंडीशन से जुड़ी जानकारी ठग को उपलब्ध कराता था। इसी जानकारी के आधार पर आरोपी फोन करता था, जिससे परिजन झांसे में आ जाते थे।



### इंदौर से गिरफ्तार किया गया ठग

पुलिस ने आरोपी जितेंद्र खाकरे को गुरुवार को इंदौर से गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार शाम उसे भोपाल के कोहेफिजा थाने लाया गया। इसके बाद हमीदिया अस्पताल प्रबंधन और ठगी का शिकार बने मरीज एफआईआर दर्ज कराने पहुंचे।

### बीमारी का नाम बताकर करता था ठगी

विनोद अहिरवार ने बताया कि उनकी पत्नी हमीदिया अस्पताल में बीते एक सप्ताह से भर्ती है। उनको एक कॉल आया। फोन करने वाले ने खुद को हमीदिया अस्पताल का डॉ. अर्णव बताया। उसने विनोद से कहा कि आपकी पत्नी के लिवर में सूजन है, जिसकी कुछ दवाएं बाहर से आएंगी। इसके लिए 5 हजार रुपए क्यूआर कोड पर भेज दीजिए। विनोद ने रकम भेजने के थोड़ी देर बाद जब कॉल करके दवा की जानकारी मांगनी चाही तो उसका फोन नंबर ब्लॉक कर दिया गया था। **बनाई पकड़ने की रणनीतिः** आरोपी तक पहुंचने अस्पताल अधीक्षक डॉ. सुनीत टंडन ने रणनीति बनाई। पीड़ित के जरिए ठग को दोबारा संपर्क करने के लिए लालच दिया गया। जैसे ही आरोपी ने कॉल और पैसे को लेकर बातचीत शुरू की, उसकी जानकारी तुरंत क्राइम ब्रांच को दी गई। आरोपी के मोबाइल नंबर को ट्रेसिंग पर ले लिया गया।

### अस्पताल अधीक्षक तक पहुंची शिकायत, फिर खुला मामला

हमीदिया अस्पताल से मिली जानकारी अनुसार करीब एक सप्ताह पहले एक मरीज ने अस्पताल अधीक्षक डॉ. सुनीत टंडन से ठगी की शिकायत की थी। इसके अगले ही दिन दूसरे मरीज के परिजन भी शिकायत लेकर पहुंचे। उन्होंने बताया कि किसी ने डॉक्टर बनकर फोन किया और बेहतर इलाज के नाम पर 10 हजार रुपए ट्रांसफर करा लिए। इसके बाद कॉल रिसीव नहीं कर रहा है। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद अस्पताल प्रबंधन ने मामले को गंभीरता से लिया। जांच में सामने आया कि जनवरी से अब तक करीब 10 मरीजों को इसी तरह ठगा जा चुका है। इसके बाद पूरे मामले की सूचना साइबर क्राइम और क्राइम ब्रांच को दी गई।

### आधार मैसेज से ठगी, खाते से 55 हजार रुपए उड़ाए

**जागरण, भोपाल।** श्यामला हिल्स थाना क्षेत्र में एक युवक से मोबाइल पर आए आधार मैसेज के जरिए 55 हजार रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार माखन वर्मा सर्वेंट क्वार्टर में रहते हैं। वह चौकीदारी का काम करते है। 21 दिसंबर 2025 की शाम करीब 8 बजकर 21 मिनट पर उनके मोबाइल पर यूआईडी (आधार) केंद्र के नाम से एक मैसेज आया, जिसमें उन्हें आधार कार्ड डाउनलोड करने के लिए लिंक खोलने को कहा गया था। इस पर उन्होंने जैसे ही लिंक पर क्लिक किया तो उनके एसबीआई खाते से जुड़े यूपीआई (योनो एप) से 50 हजार रूपए कटने का मैसेज आता है। इस बीच एक और मैसेज उन्हें आता है। और फिर कुछ ही मिनटों में उनके खाते से 5 हजार रूपए काट जाते है। जिसके बाद उन्हें पता चला कि उनके खाते से कुल 55 हजार रुपए साइबर ठगों ने निकाल लिए हैं। जिसकी शिकायत उन्होंने थाने में की। फिलहाल पुलिस साइबर सेल की मदद से पूरे मामले की जांच कर रही है।

### 15 लाख की ठगी करने वाले 8 आरोपी गिरफ्तार

**जागरण, भोपाल।** शाहपुरा पुलिस ने कम कीमत पर यूएसडीटी (डिजिटल करेंसी) दिलाने का झांसा देकर 15 लाख रुपए की ठगी करने वाले गिरोह के नाबालिग समेत आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 7.50 लाख रुपए नकद बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार राजेश अग्रवाल (45), निवासी विराषा हाइट्स, दानिश कुंज, कोलार में रहते है। वह एक बिल्डर है। शुक्रवार को उन्होंने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि श्रीराम अहिरवार, मयूर यादव, रोनिश आर्य, नवदेव सिंह और उनके साथियों ने बुधवार को कम रेट पर यूएसडीटी दिलाने का लालच देकर उससे 15 लाख रुपए नकद लेकर फरार हो गए। इस पर पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। जांच के दौरान शाहपुरा पुलिस और क्राइम ब्रांच की पांच टीमें गठित की गईं। धरपकड़ के दौरान आरोपी श्रीराम अहिरवार और तीन विधि विरुद्ध बालकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में उन्होंने अपने साथियों हर्ष बाथरी, आशीष नारनवरे, सचिन ठाकुर, रोहित आझोट समेत अन्य के साथ मिलकर ठगी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने 7 लाख 50 हजार रुपए नकद बरामद किए। इसके बाद आरोपी श्रीराम अहिरवार, हर्ष बाथरी, आशीष नारनवरे, सचिन ठाकुर और रोहित आझोट को गिरफ्तार कर लिया गया। तीन विधि विरुद्ध बालकों को बाल न्याय अधिनियम के तहत हिरासत में लिया है। अब पुलिस इस ठगी में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार करने का दावा कर रही है।

### सीएमएचओ दफ्तर पहुंची ईओडब्ल्यू, दस्तावेज खंगाले

**नगर संवाददाता, भोपाल।** जिले के निजी अस्पतालों की फर्जी रिपोर्ट बनाने के मामले में सीएमएचओ भोपाल डॉ. मनीष शर्मा घिरते नजर आ रहे हैं। इस मामले की शिकायत आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) में है और जांच की जा रही है। इसी सिलसिले में शुक्रवार को ईओडब्ल्यू की चार सदस्यीय टीम मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय पहुंची। दोपहर 3 से 3:30 के बीच टीम ने यहां पहुंचकर कर्मचारियों से हल्की पूछताछ की। सूत्रों ने बताया कि इस दौरान सीएमएचओ डॉ. शर्मा कार्यालय में मौजूद नहीं थे, उनके आने तक टीम पीसीपीएनडीटी प्रभारी प्रजापति के कक्ष में बैठी रही। कुछ देर बाद जब सीएमएचओ पहुंच तो फिर टीम ने उनके ऑफिस में बैठकर मामले से जुड़े दस्तावेज खंगाले। सूत्र ने यह भी बताया कि टीम के जाने के बाद सीएमएचओ ने शाम छह बजे तक पूरी रिपोर्ट बनाकर ईओडब्ल्यू को भेजी है। हालांकि इस मामले में सीएमएचओ डॉ. मनीष और ईओडब्ल्यू एसपी से जानकारी चाही गई तो दोनों ने ही मना कर दिया।

# चेतावनी, स्टायपेंड नहीं बढ़ा तो करेंगे हड़ताल

## अप्रैल 2025 से होना थी बढ़ोतरी, एमपी जेडीए की नई कार्यकारिणी का गठन

**नगर संवाददाता, भोपाल।** मध्य प्रदेश जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन ने राज्य सरकार को चेतावनी दी है। यदि 15 दिन के भीतर जूडा का स्टायपेंड नहीं बढ़ाया गया तो सभी सरकारी मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टर काम बंद हड़ताल शुरू करेंगे। यह अल्टीमेटम शुक्रवार को भोपाल के गांधी मेडिकल कॉलेज से दिया गया। दरअसल मध्य प्रदेश जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का गठन हाल ही में किया गया है। इस संबंध में शुक्रवार को भोपाल के गांधी मेडिकल कॉलेज में एक पत्रकारवार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें जानकारी दी गई कि जीएमसी के जूनियर डॉक्टर्स महेन्द्र प्रताप को एमपीजेडीए का अध्यक्ष चुना गया है और डॉ. यशवीर गुर्जर व डॉ. शुभांशू शर्मा को संगठन का उपाध्यक्ष चुना गया है।

**स्वास्थ्य बीमा भी नहीं मिलाः**डॉ. महेन्द्र ने बताया कि जूडा के लिए शासन ने व्यक्तिगत स्वास्थ्य बीमा की घोषणा की थी, इस घोषणा पर भी अमल नहीं किया गया। जूडा ने मांग रखी है कि प्रदेश के प्रत्येक यूजी एवं पीजी रेजीडेंट डॉक्टर के लिए व्यक्तिगत स्वास्थ्य बीमा अनिवार्य किया जाए। आज लगभग हर पेशे में कर्मचारियों को स्वास्थ्य बीमा उपलब्ध है, किंतु स्वास्थ्य सेवा देने वाले डॉक्टर स्वयं इससे वंचित हैं।



### एक साल से लंबित है स्टायपेंड वृद्धि

पत्रकारवार्ता के दौरान डॉ. महेन्द्र ने बताया कि सरकारी अस्पतालों में अध्ययनरत जूनियर डॉक्टर्स का स्टायपेंड कई साल से नहीं बढ़ाया गया है। करीब तीन साल पहले तत्कालीन जूडा ने हड़ताल की थी तब सरकार ने आदेश तो जारी कर दिए थे, लेकिन इस पर अमल अभी तक शुरू नहीं किया गया है। जूडा के स्टायपेंड में वृद्धि एक अप्रैल 2025 से लंबित है। हमारी सरकार से मांग है कि बिना देर दिए जूडा के स्टायपेंड में वृद्धि की जाए। यदि ऐसा नहीं होता है तो जूडा मजबूरन हड़ताल करेगा। जिसकी जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी।

### युवक से लूट करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**जागरण, भोपाल।** निशातपुरा पुलिस ने लूट की वारदात को अंजाम देने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने एक युवक को रोककर मारपीट कर उसकी बाइक, मोबाइल, पर्स समेत तीन अंगूठियां लूट लिए थे। पुलिस ने उनके कब्जे से लूट का करीब डेढ़ लाख रुपए का माल बरामद किया हैं। 32 वर्षीय हर्ष वर्मा गुर्जरपुरा जुमेराती में रहते है। गुरुवार को जेल रोड क्षेत्र में एक शादी समारोह में खाना बनाने गए थे। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद वह अपने परिचित योगेंद्र उर्फ गोपाल रघुवंशी की बाइक से साथ रहने वाले हलवाई को अस्सी फीट रोड शिवनगर स्थित उसके घर छोड़कर अपने घर लौट रहे थे। करोंद स्थित शिव मंदिर के पास रात करीब 1.40 बजे एक युवक ने उनकी बाइक के सामने आकर रास्ता रोक लिया। उसके दो अन्य साथी मौके पर पहुंच गए। तीनों बदमाश युवक को शिव मंदिर के पास बने टपरे की ओर ले गए। जहां मारपीट कर बाइक, मोबाइल फोन, नकदी से भरा पर्स, दो चांदी की अंगूठियां, सोने की अंगूठी छीन ली।

#### सदाबहार गीतों से लता को भावभीनी श्रद्धांजलि

### शहीद भवन में गूंजे लता दीदी के यादगार नगमे

**जागरण, भोपाल।** स्वर कोकिला लता मंगेशकर और कवि प्रदीप की स्मृति में स्वराज संस्थान संचालनालय द्वारा शहीद भवन में 'ऐ मेरे वतन के लोगों' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।




कार्यक्रम में लता जी के सदाबहार गीतों के माध्यम से उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत सुहासिनी जोशी द्वारा 'दे दी हमें आज़ादी' गीत से की गई। इसके बाद नितिन नंदेश्वर ने 'दूर हटो ए दुनिया वालों', 'कभी धूप तो कभी छांव', 'आओ बच्चों तुम्हें दिखाएं', 'तेरे द्वार खड़ा भगवान' सहित कई यादगार गीत प्रस्तुत कर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। 'ऐ मेरे वतन के लोगों' गीत के दौरान पूरा सभागार देशभक्ति के रंग में रंग गया। सुहासिनी जोशी ने 'आपकी नज़रों ने समझा', 'तेरा मेरा प्यार अमर', 'जो वादा किया', 'रुक जा रात ठहर जा रे चंदा' जैसे गीतों से श्रद्धांजलि अर्पित की। नितिन नंदेश्वर ने भी 'तेरी आंखों के सिवा', 'हमें और जीने की चाहत', 'तस्वीर तेरी दिल में' जैसे गीत गाए। संगीत संयोजन में सतीश बघेल, वेदप्रकाश प्रधान, मूलचंद और प्रकाश रिछारिया ने संगत दी। कार्यक्रम का संचालन सुनीता सिंह ने किया। दर्शकों ने कलाकारों के प्रस्तुतीकरण की सराहना की।

### समाज व संस्कृति के जीवंत दस्तावेज हैं संग्रहालय

#### मानव संग्रहालय में राष्ट्रीय कार्यशाला का आगाज



**जागरण, भोपाल।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में शुक्रवार से तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला एंथ्रोपोलॉजी एंड म्यूजियम्स का भव्य शुभारंभ हुआ। 8 फरवरी तक चलने वाली इस कार्यशाला में देशभर के विश्वविद्यालयों से आए शोधार्थी और विशेषज्ञ शामिल हो रहे हैं। कार्यक्रम का उद्घाटन संग्रहालय के निदेशक प्रो. अमिताभ पांडे और दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो. एस.एम. पटनायक ने किया। वक्ताओं ने रेखांकित किया कि संग्रहालय केवल वस्तुओं के संरक्षण का स्थान नहीं, बल्कि ज्ञान और सामाजिक चेतना के जीवंत केंद्र हैं। प्रो. पटनायक ने मानव विज्ञान और संग्रहालयों के अंतर्संबंधों को जनसरोकारों से जोड़ने पर जोर दिया। निदेशक प्रो. अमिताभ पांडे ने संग्रहालयों की शैक्षणिक और सांस्कृतिक भूमिका स्पष्ट की। प्रतिभागियों ने संग्रहालय की ओपन एयर प्रदर्शनी के अंतर्गत रॉक आर्ट हेरिटेज, ट्रेडिशनल टेक्नोलॉजी पार्क और कुम्हार पारा का अवलोकन कर स्वदेशी ज्ञान प्रणालियों को समझा। कार्यक्रम के पहले दिन की शाम शास्त्रीय कलाओं के नाम रही। सुश्री दीवा ने भरतनाट्यम (देवी दुर्गा स्तुति) की मनमोहक प्रस्तुति दी, वहीं देवयानी भदौरिया ने शिव रुद्राष्टकम का गायन किया। पश्चिम बंगाल के तुहिनसुभ्र मंडल ने 'अत्रेयी नदी' पर कविता पाठ किया।

#### जीएम इंटरनेशनल स्कूल में पोंगल उत्सव

### पारंपरिक गीतों और नृत्य के साथ सूर्य देव का आभार



**जागरण, भोपाल।** राजधानी में तमिल संगम, कला केंद्र और जीएम इंटरनेशनल ग्रुप ऑफ स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में पोंगल महोत्सव पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में दक्षिण भारतीय समाज की महिलाओं और बच्चों ने समूह नृत्य और गायन के जरिए तमिल संस्कृति की सजीव झांकी प्रस्तुत की। इस अवसर पर पोंगल के चारों दिनों-भोगी, थाई, माटू और कानूम पोंगल के महत्व को साझा किया गया। वक्ताओं ने बताया कि यह पर्व प्रकृति और पशुधन के प्रति आभार व्यक्त करने का प्रतीक है। मुख्य उत्सव थाई पोंगल के दिन मिट्टी के बर्तन में दूध, गुड़ और नए चावल का भोग बनाकर सूर्य देव को अर्पित किया गया। कार्यक्रम में अपर आयुक्त (जीएसटी) मणिकंडन स्वामी, एस. चंद्रशेखर, डॉ. शांता अय्यर और नीरज स्वामी सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

#### भारत भवन में बीना एस उन्नीकृष्णन की एकल प्रदर्शनी `एका : द वन´ का शुभारंभ

# कैनवास पर उतरीं चौसठ योगिनियांः दिव्य स्त्री ऊर्जा का अनूठा साक्षात्कार

**जागरण, भोपाल।** राजधानी का प्रसिद्ध कला केंद्र भारत भवन इन दिनों एक ऐसी आध्यात्मिक और कलात्मक ऊर्जा से सराबोर है, जो दर्शकों को एक अलग ही लोक में ले जा रही है। केरल की वरिष्ठ चित्रकार बीना एस उन्नीकृष्णन की एकल प्रदर्शनी 'एका : द वन' का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ। मध्य प्रदेश में पहली बार चौसठ योगिनियों पर केंद्रित इस भव्य प्रदर्शनी ने कला प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया है। संस्कृति विभाग के अपर मुख्य सचिव शिवशेखर शुक्ला ने इस संग्रह को अद्वितीय बताते हुए घोषणा की कि इस प्रदर्शनी को जल्द ही ग्वालियर के मितावली में भी प्रदर्शित किया जाएगा। कला प्रेमी इस दिव्य संसार को 8 फरवरी तक दोपहर 2 से रात 8 बजे तक देख सकते हैं।





### खंडित मूर्तियों से जीवंत चित्रों तक का सफर

बीना ने इन चित्रों को तैयार करने से पहले मध्य प्रदेश, ओडिशा और उत्तर प्रदेश के योगिनी मंदिरों की विस्तृत यात्रा की। उन्होंने बताया कि मंदिरों में देवियों की खंडित अवस्था को देखकर उन्हें जो पीड़ा हुई, उसी ने इन जीवंत चित्रों को जन्म दिया। प्रदर्शनी में कुल 68 एक्रेलिक चित्र हैं, जिनमें देवियों की चमकती आंखें और लहराते केश समकालीन स्त्री शक्ति को दर्शाते हैं।

### प्रदर्शनी में प्रदर्शित हर योगिनी अपनी एक विशिष्ट शक्ति का बोध कराती है

**योगिनी चर्चिकाः** इन्हें सतर्कता की शक्ति माना गया है। यह वह प्रचंड जागरूकता है जो पवित्रता की रक्षा करती है और सत्य के लिए खतरा बनने वाली ताकतों को पहचानकर उन्हें नष्ट कर देती है।

**योगिनी धूमावतीः** इन्हें सच्चे ज्ञान की शक्ति कहा गया है। वे भ्रम को जलाकर शाश्वत सत्य को उजागर करती हैं और समय, स्थान व सांसारिक मोह-माया से परे स्थित हैं।

**योगिनी अजिताः** यह दृढ़ता की शक्ति को दर्शाती हैं। वे विपरीत परिस्थितियों से अटूट ऊर्जा, अनुग्रह और सभी बाधाओं को पार करने की शक्ति के साथ उठती हैं।

**मृदुल गुरुदेव**- पहली बार इन योगिनियों के नाम और स्वरूप को इतने विस्तार से जाना। यह अनुभव आध्यात्मिक और शैक्षणिक दोनों है। पहले मुझे इनके नाम तक नहीं पता थे, लेकिन यहां आकर इनके नाम, रूप, स्वरूप और महत्व के बारे में जानकारी मिली।

**रघुनाथ नायर**- यह स्थान हमें यह समझाता है कि मानवता के लिए देवी के अलग-अलग रूपों का क्या महत्व है। हर योगिनी की अपनी अलग शक्ति और विशेषता है। कोई हमें भय से मुक्त होने की प्रेरणा देती है, तो कोई आनंद और सुरक्षा का भाव देती है।

## नगर में आज

### पर्ल्स म्यूजिकल नाइट

- समय: शाम 5:30 बजे से
- स्थान: रवींद्र भवन, भोपाल
- आयोजक: लायंस क्लब भोपाल पर्ल और एम्पल ड्रीम एजुकेशन सोसाइटी
- आयोजन: शौकिया सिंगर्स और प्रोफेशनल म्यूजिशियंस के साथ म्यूजिकल नाटक की प्रस्तुति। इसमें दिव्यांग कलाकारों को भी मंच दिया जाएगा।

### कला प्रदर्शनी

- समय: दोपहर 2:00 बजे से
- स्थान: भारत भवन, भोपाल
- आयोजक: भारत भवन
- आयोजन: मप्र में पहली बार चौंसठ योगिनी पर आधारित विशेष कला प्रदर्शनी। विषय पर आधारित फिल्मों का प्रदर्शन भी होगा।

### हार्मोन इंडिया कॉन्फ्रेंस

- समय: शाम 4:30 बजे से
- स्थान: होटल ह्यात रेजिडेंसी
- आयोजन: सेंट्रल इंडिया की अपनी तरह की मेडिकल कॉन्फ्रेंस। इसमें देशभर के 1100 से ज्यादा डॉक्टर्स हार्मोनल इम्बैलेंस और उससे जुड़ी रिसर्च पर चर्चा करेंगे।

### चित्र प्रदर्शनी

- समय: दोपहर 12:00 बजे से
- स्थान: जनजातीय संग्रहालय
- आयोजक: जनजातीय संग्रहालय (लिखंदरा दीर्घा)
- आयोजन: गोंड चित्रकार कुम्हार सिंह धुर्वे के चित्रों की प्रदर्शनी।

### शरद व्याख्यानमाला

- समय: दोपहर 1 बजे
- स्थान: हिंदी भवन, भोपाल
- आयोजक: मप्र राष्ट्रभाषा प्रचार समिति
- आयोजन: भारतीय संविधान और लोक कल्याणकारी राज्य व्यवस्था विषय पर सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय का व्याख्यान। साथ ही सूर्यबाला (मुंबई) और हृदय नारायण दीक्षित सहित देश की 8 साहित्यिक विभूतियों का सम्मान किया जाएगा।

### 'उद्भव' का उद्घाटन

- समय: शाम 6:00 बजे
- स्थान: आलियांस फ्रांसेज दे भोपाल, बी-75 शाहपुरा
- आयोजक: आलियांस फ्रांसेज
- आयोजन: उज्जैन के चित्रकार नितेश पंचाल की एकल प्रदर्शनी का शुभारंभ। इसमें भारतीय ज्योतिष और जन्म कुंडली के प्रतीकों को समकालीन कला के माध्यम से कैनवास पर उतारा गया है।

**सुनवाई:** कलियासोत-केरवा के ग्रीन बेल्ट में विकसित हो रहीं कालोनियों पर एनजीटी ने लगाई रोक

# जलाशय के कैचमेंट-ग्रीन बेल्ट की निजी भूमि पर भी नहीं किए जा सकते निर्माण

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** किसी भी जलाशय के ग्रीन बेल्ट एरिया या फुल टैंक लेवल में मौजूद निजी भूमि पर भी निर्माण कार्य नहीं किए जा सकते और इन क्षेत्रों में निर्माण कार्यों को रोकने की सारी जिम्मेदारी राज्य सरकार की है।

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की सेंट्रल जोन बैंच ने शुक्रवार को केरवा और कलियासोत डैम के जलभराव क्षेत्र में अवैध मिट्टी भराव और ठोस अपशिष्ट डंपिंग के मामले में आदेश जारी करते हुए यह बात कही। दरअसल राजधानी भोपाल के पर्यावरण कार्यकर्ता राशिद नूर खान की याचिका पर निर्णय देते हुए बैंच ने राज्य सरकार सहित तमाम विभागों को इन केरवा और कलियासोत डैम के ग्रीन बेल्ट व एफटीएल में मौजूद अवैध निर्माणों की पहचान कर इन्हें हटाने के निर्देश जारी किए। बता दें कि याचिका के दौरान एनजीटी के समक्ष यह तथ्य भी रखा गया कि जिस जगह पर कोपरा या मिट्टी डाली गई है वह भूमि निजी स्वामित्व की है और एफटीएल क्षेत्र में नहीं आती है। इस पर एनजीटी ने स्पष्ट रूप से कहा कि भूमि का निजी होना भी पर्यावरणीय नियमों के उल्लंघन को वैध नहीं कर सकता। यदि निजी जमीन पर हो रही गतिविधि से किसी डैम, जलाशय, कैचमेंट, ग्रीन बेल्ट या फुल टैंक लेवल एरिया प्रभावित होता है, तो उस निर्माण पर रोक लगाना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है।



### प्लॉटिंग के लिए कोपरा, मुरम और काली मिट्टी डाली

भोपाल जिले के ग्राम महुआखेड़ा में केरवा डैम के फुल टैंक लेवल और आसपास के क्षेत्र में प्लॉटिंग के लिए 2 हजार से ज्यादा डंपरों के माध्यम से कोपरा, मुरम और काली मिट्टी डाली गई थी। जिसकी शिकायत राशिद नूर खान ने एनजीटी के समक्ष की थी। बता दें कि इस तरह अवैध तरीके से डाली गई मिट्टी वेटलैंड (संरक्षण एवं प्रबंधन) नियम, 2017, पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 तथा जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम, 1974 का सीधा सीधा उल्लंघन थीं। मामले में एनजीटी ने एक जांच दल गठित किया था, जिसकी जांच में सामने आया था कि भूमि स्वामियों द्वारा 33 मीटर बफर जोन का उल्लंघन किया गया है। इसके बाद मिट्टी और कोपरा हटाने के लिए नोटिस जारी किए गए थे।

### यह भी कहा एनजीटी ने

एनजीटी ने कहा कि केरवा डैम कलियासोत जल निकाय का ही हिस्सा है। इस कारण इसका संरक्षण जरूरी है। इसके साथ यह भोपाल का वैकल्पिक पेयजल स्रोत है और इसके पानी का उपयोग हजारों हेक्टेयर कृषि भूमि की सिंचाई करने के लिए किया जाता है। लेकिन डैम के कैचमेंट क्षेत्र में हो रहे अतिक्रमण से डैम की आयु और जल भंडारण क्षमता कम होती है। इस कारण एनजीटी ने जल संसाधन विभाग को निर्देश दिया कि विभाग महीने में कम से कम दो बार केरवा डैम के एफटीएल क्षेत्र की दो बार निगरानी के लिए विशेष पेट्रोलिंग अभियान चलाए और अवैध डंपिंग या अतिक्रमण की स्थिति में तत्काल कार्रवाई करें। जिला प्रशासन, वन विभाग और ग्राम पंचायत अपने-अपने क्षेत्रों से अवैध अतिक्रमण हटाएं। राज्य वेटलैंड प्राधिकरण केरवा डैम के आसपास जोन ऑफ इन्फ्लुएंस की पहचान और सीमांकन की प्रक्रिया दो माह में पूरी करें, ताकि भविष्य में अनियंत्रित विकास गतिविधियों को रोका जा सके। मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को इस क्षेत्र की निरंतर निगरानी करना होगी और नियमों के उल्लंघन पर तुरंत कार्रवाई करनी होगी।

# निगम का दावा भोपाल में ग्रीन बेल्ट पर केवल 58 अतिक्रमण

### याचिकाकर्ता ने कहा- कार्रवाई वाले स्थानों की लिस्ट उपलब्ध कराएं

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** राजधानी भोपाल में बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई जारी है। खासकर सड़कों के बीच यानी सेंट्रल वर्ज और सड़कों के दोनों किनारो यानी साइड वर्ज पर मौजूद पेड़ों को काटकर इन स्थानों का उपयोग व्यावसायिक गतिविधियों में किया जा रहा है। जिसे लेकर शहर के वरिष्ठ पर्यावरणविद् डॉ. सुभाष सी पांडे द्वारा भोपाल नगर निगम और अन्य के खिलाफ 2023 में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल की सेंट्रल जोन बैंच में याचिका लगाई गई थी। इसी मामले पर गत दिवस हुई सुनवाई में नगर निगम ने बैंच के समक्ष जवाब प्रस्तुत करते हुए कहा कि शहर में सेंट्रल और साइड वर्ज पर मौजूद केवल 58 अतिक्रमण ही बचे हैं। इस पर आपत्ति लेते हुए याचिकाकर्ता डॉ. पांडे ने ट्रिब्यूनल से मांग की कि नगर निगम भोपाल से वह लिस्ट मांगी जाए, जिसमें अतिक्रमण हटाकर, तार फेंसिंग लगाकर, उस स्थान पर नए सिरे से प्लांटेशन का काम पूरा कर लिया गया हो।

### सेंट्रल व साइड वर्ज पर 1500 से ज्यादा अतिक्रमण

साथ ही डॉ. पांडेय ने बताया कि उनके द्वारा प्रस्तुत याचिका की पहली लिस्ट में राजधानी परियोजना प्रशासन (सीपीए) द्वारा जारी 692 अतिक्रमणकारियों की जानकारी दी गई थी। जबकि दूसरी लिस्ट में 266 अतिक्रमणकारियों की जानकारी है। इन 958 अतिक्रमणकारियों द्वारा लगभग 1500 से ज्यादा अतिक्रमणों की जानकारी मिलती है। इसलिए जरूरी हो जाता है कि नगर निगम ऐसे स्थानों की जानकारी दे। जहां से अतिक्रमण हटाकर, तार फेंसिंग लगाकर और ग्रीन बेल्ट की जमीन पर फिर से देशी पेड़ों का प्लांटेशन किया गया है। साथ ही इनकी जियो टैगिंग से मॉनिटरिंग की जा रही हो।

### शहर में वार्ड के अनुसार हो ट्री सेंसेस

डॉ पांडेय ने एनजीटी को बताया कि भोपाल में 10 सालों में ही मध्यम आकार के सघन वनों में 17.80 फीसदी की कमी आई है। यह पैमाना 3.1 वर्ग किलोमीटर की एक्चुअल फॉरेस्ट में हुई कमी को बताता है। उन्होंने बताया कि पिछले 15 सालों में भोपाल शहर में 6 लाख 30 हजार से अधिक पेड़ों की कटाई हुई है। इनमें से ज्यादातर हेरिटेज ट्री हैं, यानी वे पेड़ जिनकी आयु 50 साल या उससे अधिक थी। डॉक्टर पांडे ने अपने शोध पत्र एनजीटी को प्रस्तुत करते हुए कहा कि भोपाल की वास्तविक हरियाली का पता लगाने के लिए पूरे शहर में नगर निगम के प्रत्येक वार्ड में ट्री सेंसस कराया जाना चाहिए। एनजीटी की बैंच ने याचिकाकर्ता से अगले दो दिनों में समस्त सुझाव एनजीटी को देने का निर्देश दिया है।



# अंतरराष्ट्रीय क्लाइंट काउंसलिंग स्पर्धा का राष्ट्रीय चयन शुरू

### जागरण लेकसिटी विवि में आयोजित चयन स्पर्धा में प्रमुख विधि विश्वविद्यालयों की टीमें शामिल

**जागरण, भोपाल।** जागरण लेकसिटी विश्वविद्यालय में ब्राउन मोस्टेन अंतरराष्ट्रीय क्लाइंट काउंसलिंग प्रतियोगिता के राष्ट्रीय चयन दौर (भारत) का शुभारंभ गुरुवार को किया गया। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता अंतरराष्ट्रीय बार एसोसिएशन (आईबीए) के संरक्षण में आयोजित की जा रही है, जिसमें देश के प्रमुख विधि विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों की टीमों ने भाग लिया। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्जवलन के साथ हुई।

विधि संकाय के अधिष्ठाता प्रो. (डॉ.) सचिन रस्तोगी ने प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा प्रतिभागी टीमों को प्रोत्साहित करते हुए आधुनिक विधिक अभ्यास में अनुभवात्मक अधिगम एवं क्लाइंट-केंद्रित विधि कौशल के महत्व पर बल दिया और कहा कि क्लाइंट काउंसलिंग आधुनिक विधिक अभ्यास का एक महत्वपूर्ण अंग है, जिससे छात्रों में व्यावहारिक कौशल विकसित होता है। मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति रोहित आर्य, पूर्व न्यायाधीश, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय, ने कहा कि प्रभावी वकालत केवल तर्क पर आधारित नहीं होती, बल्कि उसमें संवेदनशीलता, संवाद और विश्वास का विशेष महत्व होता है। उन्होंने क्लाइंट को वकालत की आधारशिला बताया। कार्यक्रम में ब्राउन मोस्टेन अंतरराष्ट्रीय क्लाइंट काउंसलिंग प्रतियोगिता के राष्ट्रीय समन्वयक प्रो. (डॉ.) एम.आर.के. प्रसाद ने प्रतियोगिता की वैश्विक परंपरा और महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की रूपरेखा सैफ हुसैन ने प्रस्तुत की। संयोजक डॉ. यश तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए गणमान्य अतिथियों, आयोजन समिति की सदस्याओं सुश्री पारुल अस्थाना, सुश्री मीनाक्षी डांगी एवं श्री नीरज सिंह, प्रतिभागियों, विद्यार्थियों तथा विश्वविद्यालय प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। उद्घाटन समारोह में विश्वविद्यालय के प्रति-कुलपति, कुलसचिव एवं अन्य विशिष्ट गणमान्यजन उपस्थित रहे। प्रतियोगिता 6 से 8 फरवरी तक आयोजित होगी। विजेता टीम क्रोएशिया के ज़ाग्रेब में होने वाले अंतरराष्ट्रीय दौर में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी।




# लापरवाह तहसीलदार, बिजली और अर्बन डेवलपमेंट के अफसरों को शोकॉज नोटिस

### भोपाल के जामफल, राजगढ़ के संतरों और सीहोर की शरबती को मिलेगा जीआई टैग

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** हर शुक्रवार को संभाग आयुक्त कार्यालय में होने वाली समय सीमा पत्रों की बैठक में बिजली विभाग के अधिकारी और शहरी विकास विभाग के संयुक्त संचालक को उपस्थित न होना महंगा पड़ गया। कार्यों की विभागीय समीक्षा के दौरान जब इन दोनों विभाग के अफसर संभाग आयुक्त को नहीं दिखे तो उन्होंने दोनों को बैठक में उपस्थित न होने का शोकॉज नोटिस जारी कर दिया। इसके साथ ही संभाग आयुक्त ने किसान सम्मान निधि और प्राकृतिक आपदा राहत वितरण राशि के प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण न करने वाले तहसीलदारों को भी शोकॉज नोटिस जारी किए हैं। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को नसीहत दी कि शासकीय कार्यों के दौरान लापरवाही करने से बचें। इस दौरान संभाग आयुक्त ने संभाग के सभी जिलों में एक जिला एक उत्पाद के तहत उत्पादों की ब्रांडिंग और जीआई टैगिंग करने को कहा।



**इन उत्पादों की होगी ब्रांडिंग :** योजना के तहत भोपाल के जामफल, सीहोर की शरबती गेहूं, विदिशा के कृषि उपकरण, राजगढ़ के संतरों की मंडी के व्यापारियों, संगठनों के माध्यम से बैठककर इन उत्पादों की पहचान करने और इनके लिए बाजार उपलब्ध कराने के साथ ही स्टार्ट अप तैयार कराने को भी कहा। इस पर संयुक्त संचालक कृषि सुमन प्रसाद ने बताया कि सीहोर के शरबती गेहूं को जीआई टैगिंग की प्रक्रिया जारी है। जिलों में प्राकृतिक और जैविक खेती करने वाले किसानों को विभागीय योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

**इन कामों को लेकर भी जारी किए निर्देश :** महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य व शिक्षा में आंगनबाड़ी महत्वपूर्ण काम करें। इसे लेकर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। अगली टीएल बैठक तक सभी अधिकारी विभागीय पोर्टल की विस्तृत रिपोर्ट बनाएंगे जिसके आधार पर विभागीय समीक्षा की जाएगी।

# ऑटो रोककर चाकू से किन्नरों पर हमला एक घायल

**जागरण, भोपाल।** कोहेफिजा थाना क्षेत्र में किन्नरों के एक ऑटो को तीन बदमाशों ने सरेराह रोक लिया। आरोपियों ने चाकू से हमला कर एक किन्नर को घायल कर दिया, जबकि अन्य दो के साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट की गई। घटना शुक्रवार दोपहर करीब 12-10 बजे लालघाटी ब्रिज की है। जानकारी के मुताबिक किन्नर पल्लवी पाठक मंगलवारा क्षेत्र में रहती हैं और गुरु सुरैया नायक गुट से जुड़ी हैं। पल्लवी ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ ऑटो से बैरागढ़ की ओर जा रही थी, तभी आरोपी शाहरुख ईदगाह और उसके दो साथियों ने फिल्मी अंदाज में ऑटो रोक लिया। उन्होंने मारपीट शुरू कर पल्लवी के गले से सोने की चेन झपट ली। विरोध करने पर शाहरुख ने धारदार हथियार से पल्लवी के पैर पर वार कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही गुरु सुरैया नायक समेत बड़ी संख्या में किन्नर कोहेफिजा थाने पहुंच गए। घायल किन्नर को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस का कहना है कि सभी आरोपों की जांच की जा रही है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# डिवाइडर से टकराई तेज रफ्तार स्कूटी, एक की मौत, दो घायल

**जागरण, भोपाल।** हबीबगंज थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार स्कूटी सवार युवक डिवाइडर से टकरा गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके दो दोस्त गंभीर रूप से घायल है। 22 वर्षीय भास्कर निर्मल बारह नंबर स्टॉप मल्टी के पास रहता था। वह निजी काम करता था। वह गुरुवार रात वह अपने दो दोस्तों के साथ स्कूटी से घूमने निकला था। रात करीब 11 बजे तीनों दोस्त बिट्टन मार्केट की ओर जा रहे थे। जैसे ही वे कोलार तिराहा स्थित वन विभाग कार्यालय के सामने पहुंचे, तभी तेज रफ्तार स्कूटी डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों उन्हें जेपी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने भास्कर निर्मल को मृत घोषित कर दिया। जबकि अन्य दो घायलों का इलाज जारी है।

## दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत, युवक की मौत

**जागरण, भोपाल।** कोहेफिजा थाना क्षेत्र में दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई। 45 वर्षीय मेहराज खां हमीदिया के सामने मस्जिद परिसर में रहते थे। जहां वह रोटी बनाने का काम करते थे। नईम उद्दीन (60) भी यही काम काम करते हैं। गुरुवार सुबह दोनों बाइक से हलालपुरा स्थित मदरसा जा रहे थे। सुबह 10 बजे जैसे ही वे लालघाटी चौराहा पार कर रहे थे, तभी गांधी नगर से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। मेहराज को सिर में गंभीर चोट आई थी। उसके साथी नईम को मामूली चोटें आई है। इस दौरान राहगीरों ने घायलों को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया। जहां देर रात उसकी मौत हो गई।

## चाबी बनाने के बहाने घर से लाखों के जेवरात चुराए

**जागरण, भोपाल।** कमला नगर थाना क्षेत्र में दो जालसाजों ने ताला-चाबी बनाने के बहाने एक घर की अलमारी से लाखों रुपए के जेवरात चोरी कर फरार हो गए। जिसकी शिकायत पीड़ित ने थाने पहुंचकर दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार रितेश साहू नेहरू नगर में रहते है। वह चाय-नाश्ते का होटल चलाते हैं। बुधवार दोपहर उनके माता-पिता घर में थे। इसी दौरान सरदारों की वेशभूषा में दो युवक ताला-चाबी बनाने की आवाज लगाते हुए उनके घर पहुंचे। जहां बुजुर्ग दंपती ने अलमारी की चाबी बनवाने के लिए दोनों युवकों को घर के अंदर बुला लिया। इस दौरान अलमारी का लॉक खोलने और चाबी बनाने के दौरान दोनों आरोपियों ने चोरी-छिपे चालाकी से अलमारी में रखे जेवरात निकाल लिए। आरोपियों के जाने के बाद जब परिजनों ने अलमारी चेक की तो जेवरात गायब थे।

# बदला लेने के लिए चार छात्रों ने किया युवक का अपहरण

### चलती कार से कूदकर बचाई जान, सभी आरोपी गिरफ्तार

**जागरण, भोपाल।** एमपी नगर थाना क्षेत्र में गुरुवार शाम मारपीट का बदला लेने के लिए चार छात्रों ने मिलकर एक युवक का स्कॉर्पियो कार से अपहरण कर लिया। आरोपियों ने युवक के साथ मारपीट भी की। जान बचाने पीड़ित चलती कार से कूद गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। 23 वर्षीय अभिषेक पटेल प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा है और हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करता है। आरोपी सूर्याश, प्रियांग, आदित्य और साहिल छात्र हैं और उसी हॉस्टल में रहते हैं। कुछ दिन पहले पीड़ित और सूर्याश के बीच मारपीट हुई थी। इसी विवाद का बदला लेने के लिए सूर्याश अपने तीन साथियों के साथ स्कॉर्पियो कार से चाय-सुट्टा बार पहुंचा और अभिषेक को जबरन कार में बैठाकर ले गया।

### सुनसान इलाके में कार में युवक के साथ की मारपीट

आरोपी युवक को गैमन इंडिया के पास सुनसान इलाके में ले गए, जहां कार के अंदर ही उसके साथ बेरहमी से मारपीट की गई। उन्होंने मारपीट का वीडियो भी बनाया। इसके बाद वे उसे प्रगति पेट्रोल पंप की ओर ले जा रहे थे, तभी मौका पाकर पीड़ित चलती कार से कूद गया। इसके बाद पीड़ित ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर घेराबंदी कर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।


## कट्टा लेकर घूम रहा बदमाश पकड़ाया

**जागरण, भोपाल।** टीटी नगर पुलिस ने अवैध हथियार के साथ घूम रहे बदमाश को गिरफ्तार किया है। आरोपी पिछले चार महीने से अड़ीबाजी और मारपीट के मामले में फरार चल रहा था। पुलिस के अनुसार शक्रवार को मुखबिर से सूचना मिली थी कि अटल पथ क्षेत्र में लाडली लक्ष्मी पार्क के पास एक युवक अवैध हथियार लेकर घूम रहा है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची टीम को देखकर आरोपी ने भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया। आरोपी की पहचान सनी अहिरवार उर्फ सरकार (26) निवासी चार इमली के रूप में हुई। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक लोहे का देशी कट्टा और जेब से एक जिंदा कारतूस बरामद किया। आरोपी के खिलाफ पहले से ही निशातपुरा थाने में मारपीट, चोरी और अपहरण जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं। इसके अलावा उसके खिलाफ कोर्ट से स्थाई वारंट भी जारी था।

**कार्रवाई** — तीन मंदिरों और पुलिस चौकी की शिफ्टिंग के साथ सुलभ शौचालय भी हटेगा

# अयोध्या बायपास चौड़ीकरण, हटाई गईं 153 से ज्यादा दुकानें

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** आशाराम तिराहे से रत्नागिरी तिराहे तक बनाए जा रहे 16 किमी लंबे 6 लेन हाईवे के निर्माण के चलते शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की गई। इस दौरान आनंद नगर पर प्रशासन ने 153 दुकानों को कब्जे में लेकर मुख्य मार्ग से हटाया। नगर निगम के अतिक्रमण अमले ने जेसीबी से निर्माण तोड़ते हुए दोपहर 3 बजे तक 140 से ज्यादा दुकानों को जमींदोज कर दिया। एसडीएम भुवन गुप्ता ने बताया कि आनंद नगर क्षेत्र में 160 दुकानें हटाई जानी हैं, जिनमें से 153 को कलेक्टर गाइड लाइन के हिसाब से मुआवजे का वितरण कर दिया गया है। इन दुकानदारों को 1 करोड़ 12 लाख का मुआवजा वितरित किया गया है। नेशनल हाईवे 146 के निर्माण के तहत रत्नागिरी तिराहे से मोरकेड़ी विदिशा तक जमीन अधिग्रहण का काम किया जा रहा है। इसी के चलते प्रशासन द्वारा यह कार्रवाई की गई है। एसडीएम गुप्ता ने बताया कि कार्रवाई के बाद अगले कुछ दिनों में सड़क निर्माण में बाधा बन रहे 3 मंदिर, सुलभ शौचालय, पुलिस चौकी और वार्ड आफिस को भी हटाने की कार्रवाई की जाएगी।



### तेज गति से जा सकेंगे रायसेन और विदिशा

बता दें कि एनएचएआई नेशनल हाईवे 146 के चौड़ीकरण का काम किया जा रहा है। इसका लाभ भोपाल, रायसेन, विदिशा और राजगढ़ के लोगों को होगा। योजना के तहत रायसेन के आगे मोरी कोडी तक सड़क को सिक्स लेन किया जा रहा है। इसके कारण रायसेन रोड से होकर विदिशा, रायसेन जाना आसान होगा। अयोध्या बायपास के चौड़ीकरण से लोगों को आवागमन के लिए तेज सड़क मिलेगी, जो सीधे आशाराम तिराहे पर जाकर मिलेगी। यहां से होकर एयरपोर्ट और परवलिया सड़क होते हुए राजगढ़ जाना आसान होगा।

### बनाया जाएगा फ्लाईओवर

बता दें कि आनंद नगर क्षेत्र में फ्लाईओवर निर्माण किया जा रहा है, जिसके चलते इन दुकानों को हटाने की कार्रवाई की गई। वाहनों को आवागमन के लिए रेड सिग्नल पर न रुकना पड़े और ट्रैफिक तेजी से रायसेन रोड की ओर निकल जाए। इसके लिए फ्लाईओवर बनाया जा रहा है। एसडीएम ने बताया कि नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों ने बताया था कि निर्माण के चलते यह दुकानें परेशानी पैदा कर सकती थीं। इस कारण इन्हें हटाया जा रहा है। ज्यादातर अतिक्रमण शुक्रवार को हटा दिए गए हैं, शनिवार को तीन मंदिरों की शिफ्टिंग, नगर निगम के वार्ड ऑफिस, पुलिस चौकी और शौचालय को भी हटाने का काम होगा। कार्रवाई के दौरान किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति न बने इसके चलते जिला प्रशासन द्वारा पुलिस बल को बुला लिया गया था। ताकि कार्रवाई के दौरान किसी भी तरह का विरोध न हो।

# थानों में पहुंचे दसवीं-बारहवीं के प्रश्न-पत्र व गोपनीय सामग्री



**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं-बारहवीं परीक्षा के प्रश्न-पत्र व गोपनीय सामग्री शुक्रवार को पुलिस के कड़े पहरे में परीक्षा केंद्रों के करीबी थानों में सुरक्षित पहुंच गई। राजधानी में पहले दिन दूरस्थ इलाकों के परीक्षा केंद्रों के नजदीकी थानों में पेपर भेजे गए हैं। परीक्षा दस फरवरी से शुरू होगी। हाईस्कूल परीक्षा में नौ लाख व हायर सेकंडरी में सात लाख परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा देने वाले छात्रों की कुल संख्या 16 लाख रहेगी। परीक्षा के लिए कुल तीन हजार 856 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा केंद्रों के नजदीकी थानों में प्रश्न-पत्रों व गोपनीय सामग्री पहुंचाने का सिलसिला शुक्रवार से शुरू हो गया है। राजधानी की समन्वयक संस्था मॉडल स्कूल टीटी नगर से शुक्रवार को सात बस रूट से पुलिस के कड़े पहरे में परीक्षा केंद्रों के प्रश्न-पत्र नजदीकी थानों में रखवाए जा रहे हैं।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

### संपादकीय

## लोकतंत्र, संप्रभुता और रणनीति का सवाल

भारत-अमेरिका डील देश में विवादों और सवालों के घेरे में है। बजट सत्र के दौरान लोकसभा की कार्यवाही और प्रधानमंत्री का संबोधन स्थगित किया जाना इस बात का संकेत है कि मामला सिर्फ व्यापार नहीं, लोकतांत्रिक प्रक्रिया, संप्रभुता और राजनयिक रणनीति से जुड़ चुका है।

इस समझौते को लेकर सबसे पहला और तीखा सवाल प्रक्रिया और पारदर्शिता का है। विपक्षी दलों का आरोप है कि इस डील की घोषणा भारत की संसद से पहले अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप की ओर से हुई। ऐसे में, सवाल स्वाभाविक है कि जब कोई अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौता देश की अर्थव्यवस्था, किसानों, उद्योगों और उपभोक्ताओं को प्रभावित करता है, तब उसकी पूरी जानकारी पहले संसद के पटल पर क्यों नहीं रखी गई? सरकार ने केवल संक्षिप्त बयान देकर औपचारिकता पूरी की, जबकि मूल दस्तावेज, शर्तें, अपवाद और सुरक्षा के उपाय संसद से साझा नहीं किए गए। आपत्ति केवल राजनीतिक शोर नहीं है, बल्कि भारत की संसदीय परंपरा से जुड़ा गंभीर प्रश्न है। अतीत में चाहे डब्ल्यूटीओ समझौते हों, परमाणु करार हो या यूरोपीय संघ के साथ एफटीए, हर बड़े अंतरराष्ट्रीय समझौते पर संसद में विस्तृत चर्चा हुई है। ऐसे में, विपक्ष का यह पूछना कि डील का 'टेक्स्ट आधारित विवरण' क्यों नहीं दिया गया, लोकतांत्रिक जिम्मेदारी के दायरे में आता है। विपक्ष इसे राष्ट्रीय संप्रभुता से जोड़कर देख रहा है, इसीलिए विरोध उग्र हुआ।

दूसरा बड़ा विवाद कृषि और संवेदनशील क्षेत्रों को लेकर है। टैरिफ कटौती का सीधा लाभ अमेरिकी कृषि उत्पादों, डेयरी और अन्य संवेदनशील वस्तुओं को मिलेगा, जिससे भारतीय बाजार में उनकी आसान पहुंच हो सकती है। भारत में कृषि केवल आर्थिक गतिविधि नहीं, बल्कि सामाजिक संरचना का आधार है। छोटे और सीमांत किसानों की आजीविका पहले ही महंगाई, जलवायु परिवर्तन और बाजार की अस्थिरता से जूझ रही है। ऐसे में, यह आशंका जताई जा रही है कि अमेरिकी उत्पादों की प्रतिस्पर्द्धा भारतीय किसानों को और कमजोर कर सकती है। विपक्ष ने ऊर्जा सुरक्षा का मुद्दा भी उठाया है। क्या इस डील के तहत भारत ने अपनी ऊर्जा नीति से किसी तरह का नकारात्मक समझौता किया है?

वर्तमान में जो अमेरिकी टैरिफ लगे हैं, वे भी भारत के लगभग 86 अरब डॉलर के निर्यात में से करीब आधे हिस्से को प्रभावित कर सकते हैं। टेक्सटाइल, रत्न-आभूषण, झींगा, रसायन और मशीनरी जैसे क्षेत्रों पर विशेष दबाव बनाया गया है। इसी तरह, स्टील और एल्युमिनियम पर बढ़े शुल्क भारत के 4.56 अरब डॉलर के धातु निर्यात को महंगा बना सकते हैं। टैरिफ बढ़ने के बाद इसके शुरुआती असर सामने भी आए थे। मई से सितंबर 2025 के बीच अमेरिका को होने वाले भारतीय निर्यात में 37.5 प्रतिशत की कमी देखी गई। फार्मा निर्यात में 15.7 प्रतिशत और एल्युमिनियम में 37 प्रतिशत गिरावट दर्ज की गई। समझौते के बाद भी जोखिम बने हुए हैं। विशेषज्ञ इसे 'रणनीतिक झटका' बताते हैं, जो श्रम-प्रधान उद्योगों में रोजगार और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भारत की स्थिति को कमजोर कर सकता है। टैरिफ नीति भारत के लिए चेतावनी भी है। यह स्पष्ट संकेत देती है कि केवल सस्ते उत्पादन से नहीं, बल्कि उच्च गुणवत्ता, तकनीक और मजबूत घरेलू बाजार के सहारे ही भारत वैश्विक प्रतिस्पर्द्धा में टिक सकता है। यदि 'मेड इन इंडिया' को विश्वसनीय ब्रांड बनाया जाता है और निर्यात बाजारों को वैविध्यपूर्ण बनाया जाता है, तो हम इन चुनौतियों को अपनी आर्थिक शक्ति में बदल सकते हैं।

इसका विश्लेषण करें, तो हम पाएंगे कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौता 2026 केवल टैरिफ कटौती का मामला नहीं है। यह लोकतांत्रिक पारदर्शिता, घरेलू राजनीति, वैश्विक वित्तीय अस्थिरता, ऊर्जा सुरक्षा व भू- राजनीतिक समीकरणों का संगम है। विपक्ष के सवाल लोकतंत्र को मजबूती देने के लिए जरूरी हैं।


### सुब्बाराव के जन्मदिवस पर विशेष

## अहिंसा और युवा चेतना का राष्ट्रवादी आदर्श थे 'भाईजी'

अनिल कुमार गुप्ता

मकान बना रहे दो राजमिस्त्रियों से एक ही प्रश्न पूछने पर मिले दो अलग-अलग उत्तर उनके दृष्टिकोण और कर्तव्यबोध को उजागर करते हैं। एक का कहना था—परिवार का पेट पालने के लिए मजदूरी कर रहा हूँ, जबकि दूसरे ने उत्तर दिया-भारत माता की एक संतान के रहने के लिए भवन बना रहा हूँ। प्रश्न केवल इतना था कि वे क्या कर रहे हैं। इस छोटे से उदाहरण के माध्यम से जीवन और राष्ट्र को देखने की व्यापक दृष्टि समझाने वाले व्यक्ति थे प्रख्यात गांधीवादी और सर्वोदयी नेता डॉ. एस.एन. सुब्बराव, जिन्हें देशभर के युवा स्नेहपूर्वक 'भाईजी' कहकर संबोधित करते थे। उनका मानना था कि हमें इस बात पर गर्व होना चाहिए कि हम भारत माता की संतान हैं और अपने हर छोटे-बड़े काम को राष्ट्र-प्रेम और जिम्मेदारी की भावना से जोड़कर देखना चाहिए।

सुब्बराव जी का जीवन सादगी, सेवा और अहिंसा के मूल्यों से निर्मित था। उनका जन्म 7 फरवरी 1929 को कर्नाटक के सेलम में हुआ। पिता वकील थे, किंतु किशोरावस्था में ही वे महात्मा गांधी के 'करो या मरो' आंदोलन से गहराई से प्रभावित हुए। मात्र 13 वर्ष की आयु में उन्होंने ब्रिटिश शासन के विरुद्ध 'भारत छोड़ो' के नारे लिखे और कक्षाओं का बहिष्कार किया। इस दौरान उन्हें एक दिन के लिए पुलिस हिरासत में भी रखा गया। पढ़ाई के साथ-साथ वे सेवादल से जुड़े और 1950 के दशक में कांग्रेस सेवादल के सक्रिय कार्यकर्ता बने। विधि की पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने वकालत को जीवन-लक्ष्य न बनाकर समाज सेवा को अपना मार्ग चुना।



स्वतंत्रता के बाद उनका कार्य राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सद्भाव और रचनात्मक कार्यों के विस्तार से जुड़ा रहा। वर्ष 1969 में गांधी जन्मशताब्दी के अवसर पर भारत सरकार द्वारा संचालित गांधी रेल प्रदर्शनी को पूरे देश में ले जाने की जिम्मेदारी उन्होंने निभाई। इसके बाद चंबल क्षेत्र में शांति स्थापना के प्रयासों से उनका नाम विशेष रूप से जुड़ा। जौरा में महात्मा गांधी सेवा आश्रम की स्थापना कर उन्होंने चंबल घाटी में संवाद, विश्वास और अहिंसा की राह खोली। 1970 के दशक में हुए ऐतिहासिक बागी आत्मसमर्पण और पुनर्वास में उनकी भूमिका निर्णायक रही। उन्होंने सैकड़ों बागियों को केवल हथियार छोड़ने के लिए नहीं, बल्कि समाज की मुख्यधारा में सम्मानपूर्वक लौटने के लिए प्रेरित किया। विनोबा भावे और जयप्रकाश नारायण जैसे वरिष्ठ गांधीवादियों के मार्गदर्शन में चंबल में अहिंसा की एक नई परंपरा गढ़ी गई।

सुब्बाराव जी का विश्वास था कि चरित्र निर्माण के बिना राष्ट्र निर्माण संभव नहीं है। युवाओं को वे देश की सबसे बड़ी शक्ति मानते थे। इसी सोच से राष्ट्रीय युवा योजना की स्थापना हुई। इसके माध्यम से देशभर में नेतृत्व, सद्भाव, पर्यावरण संरक्षण, जल-संरक्षण और आपदा राहत से जुड़े शिविर आयोजित किए गए। यह कार्य केवल महानगरों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि नागालैंड, मणिपुर, मेघालय, लद्दाख, अंडमान और लक्षद्वीप जैसे दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुँचा।

1990 के दशक में जब देश सांप्रदायिक तनाव के दौर से गुजर रहा था, तब सुब्बाराव जी ने सद्भावना रेल यात्रा के माध्यम से शांति और भाईचारे का संदेश दिया। दो चरणों में चली इस यात्रा में देश के विभिन्न राज्यों से हजारों युवा शामिल हुए। रेल ही उनका घर बनी और अलग-अलग शहर उनकी कर्मभूमि। साइकिल रैलियों और सर्वधर्म प्रार्थना सभाओं के माध्यम से उन्होंने यह संदेश दिया कि भारत की आत्मा विविधता में एकता और परस्पर सम्मान में निहित है।

व्यक्तिगत जीवन में सुब्बाराव जी सादगी और अनुशासन के प्रतीक थे। वे युवाओं से 'एक घंटा देश को, एक घंटा देह को' देने की बात कहते थे। अपना अधिकांश काम स्वयं करते, सादा जीवन जीते और सभी धर्मों के प्रति समान सम्मान रखते थे। अनेक भारतीय भाषाओं का ज्ञान रखने वाले भाईजी का विश्वास था कि 'सर्व धर्म-समभाव' ही भारतीय समाज को जोड़ने की सबसे मजबूत कड़ी है।

27 अक्टूबर 2021 को उनके निधन के बाद भी उनके विचार और आदर्श आज के समय में और अधिक प्रासंगिक प्रतीत होते हैं। जब दुनिया हिंसा, विभाजन और असहिष्णुता से जूझ रही है, तब उनका अहिंसक और सेवा-आधारित मार्ग ही समाज और राष्ट्र को स्थायी शांति की दिशा में ले जा सकता है। उनके जीवन से प्रेरणा लेकर यदि हम सेवा, सद्भाव और सामाजिक जिम्मेदारी को अपने आचरण में उतार सकें, तो यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

### मनोवैज्ञानिक पहलू

## क्यों फिल्में देखकर रोने लगते हैं हम



"फिल्में हमारी जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुकी हैं। उन्हें देखकर हम हंसते हैं, रोते हैं, डरते हैं और कभी-कभी देशभक्ति के रस में भी डूब जाते हैं। हम जानते हैं कि ये सिनेमा है फिर भी आंखों से आंसू निकल आते हैं।

क्या आपने कभी खुद से पूछा है- जब हमें पता है कि पर्दे पर दिखाई जा रही कहानी सिर्फ कहानी है, किरदार अभिनेता हैं और सब अभिनय कर रहे हैं तो फिर उन्हें देखकर दिल फूट-फूटकर क्यों रोने लगता है? आज समझते हैं इसके पीछे का मनोविज्ञान।

हमारा दिमाग लॉजिक और इमोशन्स को अलग-अलग प्रोसेस करता है। इसलिए दिमाग को पता होता है कि ये कहानी सच्ची नहीं है, लेकिन दिल उसे बिल्कुल असली मान लेता है। हमारा इमोशनल ब्रेन, जिसे मनोविज्ञान में लिम्बिक सिस्टम कहा जाता है, फैक्ट्स पर नहीं फीलिंग्स पर चलता है। और सिनेमा देखते वक्त यही सिस्टम सबसे ज़्यादा एक्टिव हो जाता है। अकसर रोना फिल्म की वजह से नहीं, हमारे अधूरे दर्द की वजह से होता है। डीडीएलजे हमारे देश में सिर्फ़ सुपरहिट नहीं हुई थी- वो एक भावना बन गई थी। क्योंकि परदे पर राज और सिमरन में हम खुद को देखते हैं। उस दौर में बहुत-सी प्रेम कहानियां शुरू तो होती थीं, लेकिन परिवार और समाज के दबाव में अधूरी रह जाती थीं। जब शाहरुख़ खान राज बनकर प्यार से सिमरन के घरवालों को मनाता है, तो हमारे भीतर दबी इच्छाएं जाग उठती हैं। सख्त माता-पिता और इमोशनली अनअवेलेबल पतियों के बीच- जब एक ऐसा प्रेमी दिखता है जो गर्लफ्रेंड के लिए करवा चौथ का व्रत रखता है, तो हम बस यही चाहते हैं कि ये कहानी पूरी हो जाए। असल में हम परदे पर अपनी अधूरी प्रेम कहानियों को पूरा होते देखते हैं।

### सिनेमा एक ट्रिगर

फिल्में हमारे लिए ट्रिगर का काम करती हैं- अधूरा इश्क, प्यार में रिजेक्शन, अनकहा दर्द। जिंदगी में जिस दर्द को हम रोज छिपाते हैं, वही दर्द सिनेमा देखते वक्त दिल से निकलकर आंखों से बहने लगता है। 'शादी में ज़रूर आना' में जब सत्तू आईएएस अफसर बनकर आरती के सामने आता है और बैकग्राउंड में बजता है- ठुकरा के मेरा प्यार, मेरा इंतकाम देखेगी...। तो सिनेमाहॉल में तालियां क्यों बजती हैं? क्योंकि ये सिर्फ़ सत्तू की जीत नहीं होती- ये हर उस इंसान की जीत लगती है जिसे कभी प्यार में ठुकराया गया था। असल जिंदगी में आईएएस अफसर बनना मुमकिन हो या न हो, लेकिन वो सीन हमारी तरफ से एक जवाब जैसा लगता है। 'टाइटेनिक' हमें इसलिए रुलाती है क्योंकि जैक और रोज़ की कहानी की कहानी भी हमारे उस पहले प्यार की तरह होती है जो पूरा होते-होते बस रह जाता है। हम उस इश्क़ पर रोते हैं जो हमेशा के लिए नहीं मिल सका।

### दर्द को मिलता है वैलिडेशन

असल ज़िंदगी में ब्रेकअप पर कहा जाता है- मूव ऑन करो, स्ट्रॉन्ग बनो, इतना मत सोचो...। लेकिन फिल्में कहती हैं- दर्द है तो रोना गलत नहीं है। हम सिनेमा सिर्फ़ देखते नहीं- महसूस करते हैं, इसलिए फिल्में देखते वक्त हमारी आंखें भर आती हैं, दिल भारी हो जाता है।

### कुछ फिल्में बार-बार क्यों देखी जाती हैं?

हम सबकी जिंदगी में कुछ ऐसी फिल्में होती हैं जो हमारी पसंदीदा होती हैं, और हम बड़े गर्व से बताते हैं कि ये फिल्म हमने इतनी बार देखी है, जानते हैं क्यों? क्योंकि हम उनसे खुद को जोड़ पाते हैं। कई बार एक ही फिल्म हर बार हमें कुछ नया सिखाती है- ऐसा इसलिए क्योंकि हर बार हम थोड़े बदले हुए होते हैं। हमारे ज़ख्म बदल जाते हैं, हमारी समझ बदल जाती है।

फिल्म वही रहती है, लेकिन हमारे इमोशन्स बदल चुके रहते है। इसके नॉस्टैल्जिया भी जुड़ा होता है। पहली बार फिल्म देखते वक्त जो महसूस हुआ था, उसकी याद हमें उस पल में वापस ले जाती है।



### सिनेमा एक आईना

कई बार हम अपने दर्द से भागने के लिए फिल्म देखते हैं। लेकिन सही फिल्म हमारी सच्चाई से मिलवाती हैं। कुछ कहानियां हमें हमारे पास वापस ले आती हैं। क्वीन जैसी फिल्में हिट होती हैं क्योंकि वो सिखाती हैं- कि हर बार रिजेक्ट होना बुरा नहीं होता है। कभी-कभी किसी और का छोड़ देना हमें खुद से मिलवा देता है। हम जब दूसरों में खो जाते हैं, तब अपनी वैल्यू भूल जाते हैं। और ऐसी फिल्में हमें धीरे-धीरे खुद से जोड़ती हैं।

आखिरी बात... अगर ये जानते हुए भी कि ये सिर्फ़ कहानी है, आपकी आंखों से आंसू निकल आते हैं- तो खुश हो जाइए। इसका मतलब है- आपके भीतर अब भी कुछ जिंदा है।

### रोज डे

## हर गुलाब कुछ कहता है



"गलत रंग का गुलाब दे दिया, तो मामला उल्टा भी पड़ सकता है। इसलिए रोज डे पर गुलाब देने से पहले जानिए हर रंग का अर्थ।

गुलाब सिर्फ एक फूल नहीं, बल्कि भावनाओं की भाषा है। गुलाब के महत्व और भावनाओं की अभिव्यक्ति में इसकी भूमिका को समझते हुए वैलेंटाइन सप्ताह की शुरुआत रोज डे से होती है। हर साल 7 फरवरी को रोज डे मनाते हैं। रोज डे के मौके पर दिया गया एक छोटा-सा गुलाब भी प्यार, दोस्ती, सम्मान या यहां तक कि दिल की अनकही बातों को बयां कर सकता है। लेकिन हर रंग के गुलाब का अलग मतलब होता है। अगर गलत रंग का गुलाब दे दिया, तो प्यार का इज़हार उल्टा भी पड़ सकता है।

### रोज डे क्यों है खास?

रोज डे वैलेंटाइन सप्ताह की शुरुआत का दिन होता है। यह दिन रिश्तों में नएपन, स्नेह और भावनात्मक जुड़ाव को दर्शाता है। इस दिन गुलाब देकर लोग अपने दिल की बात बिना शब्दों के कह देते हैं। रोज डे सिर्फ फूल देने का दिन नहीं, बल्कि रिश्तों को और मजबूत बनाने का मौका है। सही रंग का गुलाब देकर आप बिना कुछ कहे भी बहुत कुछ कह सकते हैं।



**लाल गुलाब**- सच्चा प्यार, जुनून और गहरी भावनाएं। अगर प्यार का इज़हार करना चाहते हैं, तो यह सबसे सही चुनाव है।

**पीला गुलाब** - दोस्ती, खुशी और पॉजिटिव एनर्जी। दोस्ती के लिए बेहतरीन है। इसे अपने दोस्तों को दें, लेकिन अपने पार्टनर को देने से पहले सोच लें। कहीं वह गलत मतलब न निकाल ले।

**सफेद गुलाब** - शांति, पवित्रता और सम्मान। सच्चे और साफ रिश्ते का प्रतीक है। यह नए रिश्ते की शुरुआत या सम्मान प्रकट करने के लिए दिया जाता है।

**गुलाबी गुलाब** - प्रशंसा, केयर और कोमल भावनाएं। अगर आप किसी को स्पेशल फील कराना चाहते हैं लेकिन सीधे प्यार नहीं जताना चाहते, तो गुलाबी गुलाब परफेक्ट है।

**आरेंज गुलाब** - आकर्षण, ऊर्जा और उत्साह। यह गुलाब उन भावनाओं को दर्शाता है जहां दोस्ती धीरे-धीरे प्यार में बदल रही हो।

### रोज डे पर गुलाब देते समय रखें ये बातें ध्यान में

- सामने वाले के साथ अपने रिश्ते को समझें
- सही रंग का चुनाव करें
- गुलाब के साथ एक छोटा-सा नोट जरूर जोड़ें
- दिखावे से ज्यादा भावनाओं पर ध्यान दें
- याद रखें, गुलाब की खूबसूरती से ज्यादा उसकी भावना मायने रखती है।

## सैमसंग ला रहा वायरलेस चार्जर



सैमसंग भी ऐपल की तरह वायरलेस चार्जर बाजार में लाने की तैयारी में है। यह गैलेक्सी एस26 सीरीज के साथ आ सकता है। चार्जर ऐपल के मैगसेफ जैसा दिखता है और 25वोल्ट की चार्जिंग को सपोर्ट करेगा। इसे इस्तेमाल करने के लिए विशेष केस की जरूरत पड़ सकती है। लेटेस्ट लीक रिपोर्ट में चार्जर की फोटो लीक हुई हैं। चार्जर दिखने में ऐपल के मैगसेफ जैसा लग रहा है। ऐपल कई साल से अपने आईफोन में मैगसेफ सपोर्ट दे रहा है। इससे यह भी पता चला है कि गैलेक्सी एस26 सीरीज में मैग्नेटिक अलाइनमेंट की सुविधा मिल सकती है।

**ऐपल के मैगसेफ से कितना अलग है?**

सैमसंग ने अपने मैग्नेटिक वायरलेस चार्जर के लिए एप्पल के चार्जर जैसा ही डिजाइन चुना है। इसकी हाउसिंग और केबल ब्लैक फिनिश में है। यह गोल और पतला है। इसका केबल फैब्रिक से बना हुआ है। इसे इस्तेमाल करने के लिए 45वोल्ट या उससे ज्यादा पावर वाले एडॉप्टर की जरूरत होगी।

### स्मार्ट गैजेट्स

## कार को इंटेलिजेंट बनाएं

"सड़क पर ड्राइविंग का अनुभव अब सिर्फ अच्छी कार से तय नहीं होता, बल्कि कार में सही गैजेट्स का साथ होना भी जरूरी है। कुछ जरूरी गैजेट्स ऐसे हैं, जो हादसों से बचाने के साथ हर सफर को आसान और सुकून भरा बना देते हैं।



भारत में ड्राइविंग के दौरान कब क्या हो जाए, कहना मुश्किल है। कभी टायर अचानक पंक्चर हो जाता है, तो कभी सड़क पर बेवजह के विवाद में आपकी गलती न होने पर भी आपको दोषी मान लिया जाता है। ऐसे में आपकी कार में लगे कुछ गैजेट्स मुश्किल समय में आपका साथ दे सकते हैं। ये न केवल आपकी कार को इंटेलिजेंट बनाते हैं, बल्कि आने वाले खतरों से भी बचाते हैं। कार गैजेट्स की दुनिया इतनी बड़ी है कि अक्सर लोग कंफ्यूज हो जाते हैं कि क्या खरीदें। इसलिए कुछ ऐसे गैजेट्स चुने हैं जो हर कार मालिक को जरूर लगवाने चाहिए।

### टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम

गलत टायर प्रेशर कई हादसों की बड़ी वजह बनता है। आजकल की नई गाड़ियां टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम के साथ आती हैं, लेकिन बजट कारों में ये फीचर नहीं मिलता। हालांकि, आप इसे मार्केट से खरीद सकते हैं। टीपीएमएस सेंसर कार के टायर में आसानी से फिट हो जाता है और टायरों की हवा और तापमान पर हर सेकंड नजर रखता है। यह हवा कम या ज्यादा होने पर तुरंत अलर्ट देता है। इससे टायर फटने का खतरा कम होता है और माइलेज भी बेहतर रहता है।

### डैशकैम

डैश कैम आज के समय का सबसे जरूरी कार गैजेट माना जाता है। यह ड्राइविंग के दौरान सड़क पर होने वाली हर गतिविधि को रिकॉर्ड करता है। एक्सीडेंट, रोड रेज या बीमा क्लेम के दौरान यह वीडियो आपके लिए सबसे बड़ा सबूत बन सकता है। कई डैश कैम नाइट विजन और पार्किंग मोड के साथ भी आते हैं, जो कार खड़ी होने पर भी रिकॉर्डिंग करते हैं। कई बार गलत चालान या इंश्योरेंस क्लेम के समय यह गैजेट आपको हजारों रुपयों के नुकसान से बचा लेता है।



### जीपीएस ट्रैकर

भले ही आपकी कार में कंपनी का इन-बिल्ट सिस्टम हो, लेकिन एक अलग से लगा जीपीएस ट्रैकर सुरक्षा की एक एक्स्ट्रा लेयर जोड़ता है। कार चोरी होने की स्थिति में आप अपने फोन पर उसकी लाइव लोकेशन देख सकते हैं। कुछ एडवांस ट्रैकर आपको जियो-फेंसिंग की सुविधा भी देते हैं, यानी अगर आपकी कार तय इलाके से बाहर जाएगी, तो आपके पास तुरंत अलर्ट आ जाएगा।

### पोर्टेबल जंप स्टार्टर और पावर बैंक

अगर अचानक कार की बैटरी बैठ जाए, तो यह छोटा सा गैजेट बड़ी परेशानी से बचा सकता है। पोर्टेबल जंप स्टार्टर बिना दूसरी कार की मदद के आपकी गाड़ी स्टार्ट कर सकता है। कई मॉडल्स में टॉर्च, एसबी चार्जिंग और इमरजेंसी लाइट जैसी सुविधाएं भी मिलती हैं, जो सफर में बेहद काम आती हैं।

### सक्सेस स्टोरी

## जर्जर घर से दुबई में आलीशान जिंदगी तक का सफर

फाइनेंशियल कंटेंट क्रिएटर सौमेंद्र जेना ओडिशा के राउरकेला में कभी जर्जर मकान में रहते थे। जेना दुबई चले गए और 17 साल की कड़ी मेहनत के बाद करोड़पति बन गए। जेना ने सोशल मीडिया में अपने संघर्ष की कहानी शेयर की है।

सफलता की कहानी वह यात्रा है, जिसमें कोई व्यक्ति अपने जीवन में कठिनाइयों, संघर्षों और असफलताओं का सामना करते हुए अपने लक्ष्यों को हासिल करता है। यह कहानी प्रेरणा, संघर्ष, मेहनत और आत्मविश्वास पर आधारित होती है, जो दूसरों को भी प्रेरित करती है कि किसी भी परिस्थिति में हार न मानें। इनमें कुछ ऐसे ही केरल के सौमेंद्र जेना जैसे लोग भी शामिल होते हैं, जो किसी प्रेरणा से कम नहीं हैं। सौमेंद्र जेना का जन्म ओडिशा के राउरकेला में हुआ। यहीं उनका बचपन बीता। 12वीं तक यह पढ़ाई की। इसके बाद जेना दुबई चले गए। 17 साल की कठोर मेहनत के बाद आज जेना करोड़पति बन गए हैं। सौमेंद्र जेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट शेयर की है। जिसमें उन्होंने अपनी जिंदगी के दो अलग-अलग पहलुओं को दिखाने वाली





तस्वीरें शेयर की है। पहली तस्वीर में राउरकेला का उनका पुराना और छोटा सा घर नजर आता है, जहां उन्होंने 1988 से 2006 तक 12वीं तक की पढ़ाई की है। दूसरी तस्वीर में दुबई का उनका शानदार बंगला नजर आ रहा है। जहां पोर्श टायकन और जी वैगन ब्राबस 800 जैसी महंगी गाड़ियां खड़ी हैं। जेना ने बताया कि यह सफलता 17 साल की कड़ी मेहनत, कई रातों की नींद की कुर्बानी और बिना किसी शॉर्टकट के मिली है।

### करीब 5 लाख फॉलोअर्स

सौमेंद्र जेना फाइनेंस सेक्टर के एक जाने-माने कंटेंट क्रिएटर हैं। इंस्टाग्राम पर उनके 3,00,000 से ज्यादा और यूट्यूब पर लगभग 487,000 सब्सक्राइबर हैं। वो अपने कंटेंट के जरिए वित्तीय विषयों को आसान भाषा में समझाते हैं, निवेश की सलाह देते हैं और लोगों को सही वित्तीय फैसले लेने में मदद करते हैं।

# पटरियों के ऊपर रखे जाने लगे गार्डर, लोगों में जागी उम्मीद

## 31 मई तक ओवर ब्रिज की मिल सकती है सौगात

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** संत हिरदाराम नगर के महत्वाकांक्षी रेलवे ओव्हर ब्रिज का निर्माण अंतिम चरण पहुंच गया है और पटरियों के ऊपरी हिस्से पर गार्डर रखने का महत्वपूर्ण कार्य शुरू कर दिया गया है। यहां पुल निर्माण की मांग पांच दशक पुरानी थी, जिसके निर्माण की शुरूआत नवम्बर 2022 में होने एवं इसके नवम्बर 2023 तक पूरी किए जाने की घोषणा की गई थी, जो अपने लक्ष्य से ढाई साल पिछड़ गई है, लेकिन अब जिस गति से काम हो रहा है, उसे देखते हुए लगता है कि 31 मई 2026 तक इसकी सौगात मिल जाएगी इसके बाद फाटक बंद होने की वजह से पिछले पांच दशक से दो हिस्सों में बंटी आबादी की समस्या भी दूर हो जाएगी और संत हिरदाराम नगर खासतौर पर वार्ड 3, 4 एवं 5 की जनता की वार्ड 2 व वार्ड के नागरिकों से दूरी खत्म हो जाएगी इसके बाद पटरी पार कालोनियों दाता कालोनी, कैम्प नम्बर 12, सीटीओ, एयरपोर्ट रोड तथा खासतौर पर गांधीनगर की जनता का संत हिरदाराम नगर में और इस ऐरिया के लोगों की पटरी पार आवागन आसान हो जाएगा इससे न केवल कम समय में गंतव्य तक पहुंचा जा सकेगा बल्कि पटरी पार बहुत बड़े सैन्य इलाके थ्री ईएमई सेंटर के जवानों एवं खासतौर पर भारी वाहनों के आने जाने में भी दिक्कतें पूरी तरह से दूर हो जाएंगी।



**भाजपा सरकार में फिर बनी योजना :** चूंकि संत हिरदाराम नगर की जनता को 1967 से जनसंघ जमाने से भाजपा समर्थक माना जाता रहा है वह इसलिए कि 1967 में पहली बार अर्जुनदास मूरजानी ने जनसंघ की टिकट पर विधान सभा का चुनाव जीता था, और उसके बाद फिर कभी यहां से कांग्रेस का उम्मीदवार सफल नहीं हो पाया। वैसे 7 बार बाबूलाल गौर ने भी विधायक के रूप में यहां का प्रतिनिधित्व किया और मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचे, पर रेलवे ओवर ब्रिज नहीं बन सका परन्तु जब रामेश्वर शर्मा 2018 में विधायक का चुनाव दूसरी बार जीता, तब यहां ओवर ब्रिज के निर्माण का बीड़ा उठाया और इसके लिए 23 करोड़ की राशि स्वीकृत हुई, जिसके बाद इसके निर्माण का मार्ग भी प्रशस्त हुआ।

### कांग्रेस सरकार में हुई थी घोषणा

अगर एक नजर ओवर ब्रिज के इतिहास पर डाली जाए तो पता चलता है कि संत हिरदाराम नगर में फाटक क्रमांक 115 पर ओवर ब्रिज की घोषणा 23 मार्च 1987 को उस समय के केन्द्रीय रेल राज्य मंत्री माधवराव सिंधिया ने मुख्यमंत्री मोतीलाल वोरा के सामने नव युवक सभा भवन में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान की थी, और इसके लिए 1988 के बजट में 4 करोड़ की राशि का प्रावधान भी किया गया लेकिन बाद में न केवल मोतीलाल वोरा की मुख्यमंत्री पद से विदाई हो गई और बागडोर अर्जुन सिंह के हाथों में आई बल्कि माधवराव सिंधिया का भी विभाग बदल गया। जिसके बाद ओवर ब्रिज का निर्माण खटाई में पड़ गया।

### गार्डर रखने में इसलिए हुई देरी

रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण फाटक पर पटरियों को छोड़कर भोपाल इंदौर राजमार्ग पर कालका चैराहे एवं दूसरी छोर पर थ्री ईएमई सेंटर के गैस सिलेण्डर गोदाम तक तो काफी पहले पूरा कर लिया गया था लेकिन पटरियों वाले हिस्से पर चूंकि काम कुछ कठिन था, इस वजह से इसमें देरी हुई। तीन माह पूर्व ही विधायक रामेश्वर शर्मा ने रेलवे एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर हर हालत में काम 31 मार्च 2026 तक पूरा करने के निर्देश दिए, लेकिन काम कुछ अधिक पैचीदा है, इस वतह से इसमें देरी हुई परन्तु अब जिस तरीके से पटरियों के ऊपर गार्डर रखने का महत्वपूर्ण काम तेज हुआ है, उसे देखते हुए इस बात की संभावना बनी है कि 31 मार्च तक न सही लेकिन 31 मई 2026 तक निश्चित रूप से इस ओवर ब्रिज का काम पूरा हो जाएगा, जिसके बाद 50 सालों से फाटक रोड पर जो अव्यवस्थित यातायात था, उसे भी हमेशा के लिए छुटकारा मिल जाएगा।

# सुख सागर उदासीन आश्रम में माघ माह उत्सव का समापन

## माता मोहिनी देवी उदासीन की बरसी मनाई गई

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** सिंधी समाज के धार्मिक गुरू बाबा रामदास उदासीन द्वारा संचालित सुख सागर दरबार में वैसे तो प्रतिदिन सुबह शाम कीर्तन एवं सत्संग में सैकड़ों श्रद्धालु जुटते हैं लेकिन आश्रम में माघ माह उत्सव बडे धूमधाम से मनाया गया। आश्रम के गदीशीन महंत स्वामी बाबा रामदास उदासीन के सानिध्य में प्रातः काल व साय काल पर सत्संग कीर्तन होता था साथ ही माताजी मोहिनी देवी धर्मपत्नी बाबा गोविंददास उदासीन की वरसी उत्सव भी मनाया गया। इस अवसर पर गुरुग्रन्थ साहिब की पवित्र वाणी का अखंड पाठ साहिब रखा गया जिसका अभी समापन्न हुआ साथ ही हरिओम नम शिवाय धुनी जो दिनांक 20 जनवरी को शुरु हुई जिसका समापन्न 15 फरवरी महाशिवरात्रि पर होगा। बाबा रामदास उदासीन जी ने प्रवचन देते हुए कहा कि माघ का महीना भक्ति, तपस्या और पवित्र दान का महीना है। इस महीने में भगवान विष्णु और भगवान कृष्ण की पूजा की जाती है। माघ मास में पवित्र नदियों में स्नान और दान पुण्य करने का विशेष महत्व है। इस महीना भगवान विष्णु और भगवान कृष्ण की उपासना करना चाहिए। ऐसा करने से आपको पुण्य की प्राप्ति होती है। इसके अलावा गुरु ग्रन्थ साहिब एवं भागवत गीता का भी सिमरन कराया गया। इस अवसर पर गुरु माता राधा देवी उदासीन, संतोष कुमार उदासीन, नानकराम उदासीन के अलावा नारायणदास सबनानी, बबल आसनानी, तुलसी सदारंगानी, लालचंद जसवानी, माधु चांदवानी, श्याम गोपलानी, भगवानदास, रमेश कुमार दरयानी, लीलाराम लेखवानी, मोहनलाल, अमित सदारंगानी सहित सैकडो धर्मप्रेमी बंधु उपस्थित थे। इस मौके पर भंडारे का आयोजन भी किया गया।



# शासकीय कॉलेज में हुआ वार्षिक सम्मेलन व पुरस्कार वितरण

**जागरण, ओबेदुल्लागंज।** वीर सावरकर शासकीय महाविद्यालय औबेदुल्लागंज में वार्षिक स्नेह सम्मेलन के अंतर्गत पुरस्कार वितरण का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में डॉ भूपेंद्र नागर, रविंद्र विजयवर्गीय, लक्ष्मी सोनू चौकसे, नमिता बागीश अग्रवाल अतिथि के रूप में उपस्थित थे। प्राचार्य डॉ. गढ़वाल ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय एवं राज्य, संभाग व जिला स्तरीय खिलाड़ियों, युवा उत्सव तथा वार्षिक उत्सव में विभिन्न प्रतियोगिता में भाग लेने वाले तथा मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर दिलीप भंडारी और पूर्वी मांझी को वीर सावरकर शासकीय महाविद्यालय औबेदुल्लागंज का प्रिंस एवं प्रिंसेस चुना गया।




कार्यक्रम का संयोजन डॉ रविंद्र योद्धा ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. श्वेता श्रीवास्तव, डॉ सुमित सिंह, डॉ अंजलि अग्रवाल द्वारा किया गया।

# पारिवारिक टूर के जरिए आपसी संबंध भी होंगे मजबूत: दीपानी

## अभा सिंधी सम्मेलन इस बार दुबई में

**हिरदाराम नगर प्रतिनिधि।** सिंधियों की अग्रणी सामाजिक संस्था अभा सिंधी समाज का दुबई में 31 मार्च से 4 अप्रैल तक 6 दिवसीय अभा सिंधी समाज का राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया है, जिसकी जोरदार तैयारियां की जा रही हैं। समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष त्रिलोक दीपानी ने बताया कि 5 रातें एवं 6 दिन दुबई में बिताए जांएगे। एक दिन का सम्मेलन होगा, जिसमें सिंधियों की वर्तमान अन्तरराष्ट्रीय स्तर की स्थिति पर विस्तार से विचार विमर्श किया जाएगा। सम्मेलन में सिंधी भाषा, कला, साहित्य एवं संस्कृति को हर हालत में जीवित रखने, युवाओं को इसकी विस्तार से जानकारी देने, जिन महापुरूषों ने आजादी आन्दोलन में देश को आजाद कराने के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जिन्होंने बलिदान दिया है, उसकी भी जानकारी युवा पीढ़ी को देने पर विचार किया जाएगा।



**मजबूत होंगे आपसी रिश्ते :** त्रिलोक दीपानी ने बताया कि 6 दिवसीय इस आयोजन के दौरान पारिवारिक टूर भी होगा और दुबई के सभी दर्शनीय स्थलों की सैर भी की जाएगी इसके माध्यम से सिंधी परिवारों के आपसी रिश्तों को मजबूत किया जाएगा साथ ही यह प्रयास भी होगा कि सम्मेलन में परिवार के साथ जो लोग शामिल होंगे, उनके परिवारों में अगर कोई विवाह योग्य युवक अथवा युवती है, तो उनके रिश्ते किस तरह से तय हो सकते हैं, उसकी आपसी सहमति भी बनाई जाएगी।

**विवाह पूर्व रक्त परीक्षण:** अभा सिंधी समाज इस सम्मेलन के माध्यम से देश व दुनिया के सिंधी परिवारों को यह भी संदेश देगी कि विवाह के पूर्व युवक व युवती के रक्त का परीक्षण आवश्यक किया जाए, ताकि विवाह पूर्व थैलेसेमिया जैसी बीमारी से पैदा होने वाले बच्चों को बचाया जा सके इसके अलावा सम्मेलन में सिंधी परिवारों में मंगनी व शादी के बीच टूटते रिश्ते, शादी के बाद आपसी समझ के अभाव में आ रहे अलगाव व टूटन को किस तरह से मजबूती के साथ रोका जाए।

# आईईएचई ने बांटे कंबल एवं गर्म वस्त्र

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान (आईईएचई) द्वारा शुक्रवार को सेवा संकल्प समिति एवं युवाम सेवा भारती, भोपाल के संयुक्त



तत्वावधान में स्पर्श गर्माहट का कंबल एवं गर्म वस्त्र वितरण अभियान का आयोजन बाबा नगर बस्ती में किया गया। अभियान का उद्देश्य शीतऋ तु में जरूरतमंद एवं वंचित वर्ग को राहत प्रदान कर युवाओं में समाज सेवा और मानवीय संवेदनाओं का विकास करना था। जिसमें बाबा नगर बस्ती में निवासरत जरूरतमंद परिवारों को कंबल एवं गर्म वस्त्र वितरित किए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि हरभजन शिवहरे, सेवा भारती मध्य भारत के प्रांत कार्यकारिणी सदस्य की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# समाज व देश की जरूरत को पूरा कर रहे फार्मास्युटिकल उद्योग

## आरजीपीवी में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में विशेषज्ञों ने रखे विचार

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज (एसओपीएस) आरजीपीवी, भोपाल द्वारा एमपी प्राईड-2026 के तहत इमैजिनरी लॉजिक क्रिएटिव इनोवेशन और ट्रांसलेशनल ड्रग डिलीवरी विषय पर विश्वविद्यालय परिसर में हाइब्रिड मोड पर दो दिवसीय अंतराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। कॉन्फ्रेंस के संरक्षक कुलगुरु डॉ. एससी चौबे रहे। कॉन्फ्रेंस में मुख्य अतिथि आईसीएमआर निदेशक डॉ.आरआर तिवारी, मुख्य वक्ता यूनाइटेड स्टेट ऑफ अमेरिका के अलाबामा विश्वविद्यालय के डॉ एमएनवी रवि कुमार थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता आरजीपीवी के कुलगुरु प्रो एससी चौबे ने की। विभाग की निदेशक एवं कॉन्फ्रेंस संयोजक प्रो दीप्ति जैन एवं प्रो सुमन रामटेक सहित विभिन्न फार्मेसी संस्थानो के निदेशक, प्राचार्य, प्रधायपक एवं शोधार्थियों सहित 106 प्रतिभागी उपस्थित थे। प्रो दीप्ति जैन ने कहा कि वर्तमान समय में वैश्विक पटल पर फार्मेसी शिक्षा एवं फार्मास्यूटिकल उद्योग दोनों समाज एवं देश कि आवशयकताओं को पूरा कर रहे हैं। ऐसे समय में तकनीकी का उचित समायोजन इसे उचित दिशा प्रदान करेगा कॉन्फ्रेंस में फार्मास्यूटिकल साइंसेज के उन प्रोफेसरों एवं शोधार्थियों को सहभागी बनाया गया है, जो इस दिशा में कार्य कर सके। मुख्य वक्ता रवि कुमार ने कहा कि उन्होंने आधुनिक ड्रग डिलीवरी सिस्टम, नवाचार आधारित अनुसंधान एवं प्रयोगशाला शोध को चिकित्सीय उपयोग तक पहुंचाने की रणनीतियों पर कार्य कर रहा है। दवाओं की प्रभावशीलता के लिए दवाओ का मार्ग एवं डोज अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। दवा देने का सही मार्ग और उपयुक्त मात्रा यह तय करती है कि दवा शरीर में कितनी तेजी से और कितनी प्रभावी तरह से कार्य करेगी, गलत मार्ग या डोज से दवा का प्रभाव कम हो सकता है या दुष्प्रभाव बढ़ सकते हैं। इसलिए ड्रग डेवलपमेंट के लिए फिज़ियोलॉजिकल समझ अनिवार्य है। उन्होने कहा कि शरीर की संरचना, अंगों की कार्य प्रणाली और जैविक प्रक्रियाओं की सही जानकारी के बिना प्रभावी और सुरक्षित दवाओं का विकास संभव नहीं है। आज नैनो ड्रग डिलीवरी सिस्टम में व्यापक संभावनाएं हैं, क्योंकि यह लक्षित और नियंत्रित दवा वितरण में सहायक है। हालांकि, इसका बड़े पैमाने पर उत्पादन अभी भी एक बड़ी चुनौती बना हुआ है।



### दुनिया में तीसरे नंबर पर फार्मा क्षेत्र

डॉ तिवारी ने कहा कि आज फार्मा क्षेत्र दुनिया में तीसरे नंबर है। साथ ही वैश्विक अर्थव्यवस्था में इसका महत्वपूर्ण योगदान है। हम इस क्षेत्र में तकनीकी ओर नवाचार के माध्यम से मॉलिक्यूल्स पर काम करते हुये वैश्विक समाज के भले बहुत कुछ दे सकते है। आज फार्मास्यूटिकल उद्योग बड़े पैमाने पर रोजगार प्रदान कर रहा है। केन्द्र सरकार ने बजट में बायोफार्मा शक्ति स्कीम के बजट में वृद्धि करते हुये दस हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। हम फार्मास्यूटिकल क्षेत्र में विकास करें किन्तु पर्यावरण को भी बचाए रखे यह हमारा उद्देश्य होना चाहिए।

# प्रभात चौराहे से गोविंदपुरा की ओर आना-जाना हुआ मुश्किल

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने प्रभात चौराहे पर थ्री टियर सिस्टम आधारित फ्लाईओवर तैयार करने का कार्य शुरु कर दिया है। शुक्रवार को अप्सरा टाकीज से प्रभात चौराहे की तरफ आने वाली सड़क को बंद कर दिया गया है। वाहनों को निकलने के लिए सर्विस लाइन खोल दी गई है। सर्विस लाइन पर गिट्टी डाल दी गई है। वहीं प्रभात से अप्सरा टाकीज की तरफ जाने वाली सड़क की सर्विस लाइन खोली गई है। जिसकी चौड़ाई ज्यादा नहीं हैं। दोनों तरफ से वाहनों का निकलना मुश्किल हो रहा है। अप्सरा टाकीज की तरफ से आना वाले वाहनों से प्रभात चौराहे के पहले जाम लगाना शुरु हो गया है। क्योंकि उक्त सड़क पर आवाजाही के कोई माकूल इंतजाम नहीं किए गए हैं। सड़क पर गिट्टी डली होने के कारण धूक मिट्टी उड़ रही है। इससे लोगों को सड़क से गुजरने पर काफी परेशानी हो रही है। खासकर दमे रोग से पीड़ित लोगों को खासी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। नियमानुसार एजेंसी को सड़क पर निर्माण कार्य शुरु करने के पहले लोगों की आवाजाही के लिए सर्विस लाइन का इंतजाम करना होता है, ताकि लोगों को आने जाने में कोई समस्या नहीं आए। यहां तक ट्रैफिक जमा की स्थिति नहीं बने। सड़क की चौडाई ज्यादा नहीं होने के कारण ट्रैफिक जमा की स्थिति बन रही है।




### यहां लगता है बसों का जमावड़ा

उक्त फ्लाईओवर अप्सरा टॉकीज से पुल बोगदा तक बनेगा। 750 मीटर लंबा और 15 मीटर चौड़े फ्लाईओवर को तैयार होने में करीब डेढ साल का समय लगेगा। फ्लाईओवर की सुविधा लेने में अभी डेढ साल का समय है, लेकिन लोगों को उसके निर्माण कार्य की परेशानी अभी से भोगना पड़ रही है। प्रभात चौराहे से रायसेन रोड की ट्रैफिक का दबाव ज्यादा रहता है। यहां तक आईएसबीटी से रायसेन, सागर, छतरपुर की बसें भी प्रभातर चौराहे से गुजरती हैं, जिससे यहां हमेशा बसों का जमावड़ा लगा रहता है।

**पिपलानी तक बनी हुई समस्या:** रत्नागिरी से जेके रोड़ तक मेट्रो की लाइन की कार्य चलन में बना हुआ है। यहां की सड़कें काफी खराब बनी हुई है। यहां से लोगों का गुजरना मुश्किल हो रहा है।

# शिव महापुराण की कथा में गणेश-रिद्धि सिद्धि विवाह प्रसंग का वर्णन

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** अरेरा कॉलोनी 11 नं के शिव दरबार में चल रही दिव्य शिव महापुराण कथा के दौरान भगवान गणेश और रिद्धि-सिद्धि के विवाह का मनोहारी प्रसंग भावपूर्ण ढंग से वर्णित किया गया। कथा व्यास पं. शशांक शेखर महाराज ने इस प्रसंग की सुंदर व्याख्या करते हुए बताया कि भगवान गणेश का विवाह बुद्धि, समृद्धि और सिद्धि का प्रतीक है, जो मानव जीवन में संतुलन और सफलता का संदेश देता है। महाराज ने बताया कि रिद्धि और सिद्धि के साथ गणेश विवाह का तात्पर्य यह है कि जहां विवेक और भक्ति होती है, वहां स्वतः ही समृद्धि और सिद्धि का वास होता है।

## नाम परिवर्तन सूचना

मैं, मोहम्मद साद ख़ान, पुत्र श्री शाहिद ख़ान, निवासी 61 खनूजा एंक्लेव बावड़ियां कलाँ भोपाल। एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मैंने अपना नाम मोहम्मद साद ख़ान से बदलकर मोहद साद ख़ान कर लिया है। आगामी समय में मैं अपने सभी शैक्षणिक, कानूनी, पासपोर्ट, वीजा एवं अन्य सभी अभिलेखों में मोहद साद ख़ान नाम से जाना जाऊँगा।
दिनांक : 07.02.26
स्थान : भोपाल
मोहद साद ख़ान

## संशोधित विज्ञप्ति

दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 22/01/2026 को प्रकाशित 106 दुकान नीलामी विज्ञप्ति में दुकान आरक्षण में (प्रवर्ग आरक्षण) क्रमांक 01 को अजा. के स्थान पर अजजा. एवं क्रमांक 02 को अजजा. के स्थान पर अजा. पढ़ा जावे। शेष दुकान संख्या एवं शर्तें यथावत रहेंगी।
सचिव
ग्राम पंचायत बगरोदा
(जनपद पंचायत फंदा, भोपाल)

## कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल

प्रगति भवन प्रेस कॉम्पलेक्स जोन-1 महाराणा प्रताप नगर भोपाल
प्रॉपर्टी आई डी. नं. 1000850380, आवेदन क्रमांक-10874
आवेदन दिनांक-23/01/2026
क्रमांक 1015/राजस्व/भौविप्रा/26 भोपाल दिनांक 03.02.26

### आम-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की योजना साकेत नगर में स्थित भू. क्र.-380 सेक्टर-9 बी, श्रीराम केकरे आ. श्री पी.राओ केकरे के नाम पर आवंटित है। आवंटी का स्वर्गवास दिनांक-22/09/2024 को हो जाने के कारण उनके वारिसगणो में 1 श्रीमती रंजना केकरे पत्नी स्व. श्रीराम केकरे, 2- श्री मंगेश कुमार केकरे पुत्र स्व. श्रीराम केकरे, 3- श्री मनीष केकरे पुत्र स्व. श्रीराम केकरे, द्वारा आवेदन पत्र के साथ आवंटी का मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आधार कार्ड एवं समस्त वारिसों की सहमति तथा वांछित प्रपत्रों को प्रस्तुत कर उक्त भूखंड का अपने संयुक्त नाम पर नामांतरण चाहा गया है। उक्त नामांतरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साषये। दस्तावेजो के साथ अधोहताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति दावा प्रस्तुत करे। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा /आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।
राजस्व अधिकारी
भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल

## आम सूचना

मेरे पक्षकार भारतीय स्टेट बैंक, आरएसीपीसी - 1, भोपाल की ओर से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि श्री महेन्द्र सिंह सेंगर आत्मज श्री जीत सिंह सेंगर एवं श्री जीत सिंह सेंगर आत्मज स्व. श्री अजय सिंह सेंगर द्वारा एक किता आवासीय लीज होल्ड मकान क्र. एच.बी./ 10, जिसके भूखण्ड का क्षे. 161.25 वर्गमीटर है, उक्त मकान हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, अभिरुचि परिसर, फेस-2, ओल्ड सुभाष नगर, तहसील, हुजूर, जिला भोपाल में स्थित है एवं जिसकी चतुर्थ सीमाएं - पूरब में- भू.क्र. - एच.बी. / 07, पश्चिम में-रोड़, उत्तर में- भू. क्र.-एच. बी./09 एवं दक्षिण में- भू. क्र. एच. बी./11 को साम्यिक बंधक किया जाना प्रस्तावित है। उक्त संपत्ति वर्तमान में श्री महेन्द्र सिंह सेंगर आत्मज श्री जीत सिंह सेंगर एवं श्री जीत सिंह सेंगर आत्मज स्व. श्री अजय सिंह सेंगर के संयुक्त, स्वामित्व एवं आधिपत्य में है। उक्त सम्पत्ति से संबंधित मूल विक्रय पत्र दिनांक 20/06/2007, जो उप - पंजीयक कार्यालय भोपाल में पु. क्र.-अ-1, ग्र.नं.-26546, द.क्र. - 612घ पर विधिवत पंजीबद्ध है, का अंतिम पृष्ठ कहीं गुम हो जाने के कारण उनके पास उपलब्ध नहीं है, जिसके संबंध में उनके द्वारा पुलिस थाना टी.टी. नगर जिला भोपाल में प्रथम सूचना रिपोर्ट दिनांक 04/02/2026 को दर्ज कराई गई थी। उक्त गुम हुये पृष्ठ का कोई दुरूपयोग न हो, इसलिये इस सूचना का प्रकाशन भी किया जा रहा है। मेरे पक्षकार बैंक में उक्त संपत्ति को उपरोक्त दस्तावेज के आधार पर साम्यिक बंधक किये जाने के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, शासकीय - अर्धशासकीय निकाय को किसी प्रकार की आपत्ति हो अथवा किसी प्रकार का कोई भार या ऋण हो या किसी अन्य व्यक्ति के हित निहित हो या कोई विवाद या ऋण हो या उक्त मूल विक्रय - पत्र दिनांक 20/06/2007 का अंतिम पृष्ठ, किसी भी व्यक्ति को मिले या किसी के पास हो तो मेरे पक्षकार बैंक में प्रस्तुत करें एवं इस सूचना के प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर समस्त दस्तावेजी साक्ष्य के साथ मेरे कार्यालय (कार्यालयीन समय सांय 6 बजे से रात्रि 8 बजे) में आपत्ति दर्ज कराये, अन्यथा निर्धारित समयावधि के पश्चात मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति को उपरोक्त दस्तावेज की सत्य प्रतिलिपि एवं शेष अन्य मूल दस्तावेजों के आधार पर बंधक कर ऋण प्रदान कर सकेगा। निर्धारित समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई भी आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी और तत्संबंध में मेरा पक्षकार न्यायसंगत कार्यवाही करने के लिये स्वतंत्र रहेगा।
भवदीय धर्मेन्द्र सिंह (अधिवक्ता)
आफिस:- आई-26, वर्धमान ग्रीन पार्क कालोनी, अशोका गार्डन, भोपाल
मो.नं. 9827452301

# विद्या विहार स्कूल में बारहवीं का दीक्षांत समारोह आयोजित

**बैरसिया।** विद्या विहार बैरसिया में बारहवीं कक्षा के भैया-बहनों का दीक्षांत समारोह शुक्रवार को हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बारहवीं



के विद्यार्थियों ने अपने अनुभव कथन साझा करते हुए विद्यालय के संस्कारमय वातावरण को अपने जीवन निर्माण का श्रेष्ठ केंद्र बताया। समारोह में कुंअर अर्जुन सिंह स्मृति न्यास के उपाध्यक्ष रणजीत सिंह राजपूत, अर्जुन शिक्षा समिति के अध्यक्ष राजीव शर्मा, कोषाध्यक्ष भैरव सिंह मैहर, सचिव दीपक दुबे एवं सदस्य रमा दांगी, प्राचार्य सुनील कुमार नागर मंचासीन रहे। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को आगामी बोर्ड परीक्षाओं के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि वर्षभर की गई मेहनत का उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त कर वे अपने विद्यालय एवं माता-पिता का नाम रोशन करें। अतिथियों ने विद्यार्थियों से कहाकि विद्यालय में केवल शैक्षणिक शिक्षा ही नहीं, बल्कि संस्कार, राष्ट्र निर्माण एवं मानव निर्माण का कार्य भी किया जाता है।

## SUDOKU 140

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | 6 | | | 9 | |
| | | | | | 9 | | 7 | |
| | 7 | 5 | | 3 | 1 | | | 6 |
| 4 | | | | | | | | |
| | 9 | | 3 | | 7 | | 6 | |
| | | | | | | | | 5 |
| 3 | | | 1 | 4 | | 8 | 2 | |
| | 8 | | 9 | | | | | |
| | 2 | | | 8 | | 7 | | |

## SOLUTIONS 139

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 5 | 9 | 3 | 8 | 4 | 1 | 7 |
| 8 | 7 | 9 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 | 5 |
| 3 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 9 | 2 | 8 |
| 1 | 2 | 3 | 8 | 4 | 6 | 5 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 6 | 3 | 5 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 5 | 8 | 4 | 7 | 2 | 9 | 1 | 3 | 6 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 1 |
| 4 | 5 | 2 | 1 | 9 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 6 | 1 | 7 | 5 | 8 | 3 | 2 | 9 | 4 |

Rules : The 3x3 sub-grids are called regions. Number already filled in the grid are called givens. The goal of the player is to fill the blank grids of every row, every column and every 3x3 box with the numbers 1,2,3,4,5,6,7,8,9 However, All rows, colums and regions (3x3) should contain numbers 1 to 9 without repeating.

## राशिफल

**मेष :** आज दिन पैसों के मामले में थोड़ा संभलकर चलने का समय है। जल्दबाजी में कोई बड़ा आपको नुकसान करा सकता है। व्यापार में आर्थिक उन्नति मिल सकती है।

**वृषभ :** आज आप पुराने झगड़े सुलझाने की कोशिश करेंगे। रिश्तों में आज आगे बढ़ेंगे और करीब आएंगे। ऑफिस में सीनियर्स नाराज हो सकते हैं।

**मिथुन :** आज दिमाग तेज चलेगा और नए आइडिया इनोवेटिव हों, तो टीम मीटिंग्स में बताएं। बॉस से तारीफ मिलेगी। खर्च कंट्रोल में रखें।

**कर्क :** आज इमोशंस आपके लिए खास रहेंगे। पार्टनर की सुनें और स्पेस दें पैसों को लेकर आज कोई बड़ा रिस्क न लें। सेहत के मामले में पेट या नींद से जुड़ी दिक्कत हो सकती है।

**सिंह :** आज आप कॉन्फिडेंट रहेंगे और सामने वाले पर आपकी बात का असर पड़ेगा। ऑफिस में आपकी मेहनत दिखेगी, भले तारीफ तुरंत न मिले। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी।

**तुला :** आज छोटे-छोटे कामों में उलझ सकते हैं, जिससे मन थोड़ा परेशान हो सकता है। लेकिन धैर्य से काम लेंगे तो सब संभल जाएगा।

**वृश्चिक :** आज लोगों से जुड़ने का दिन है। आपको आज निवेश को लेकर ध्यान देना चाहिए धोखा हो सकता है। ऑफिस में नए लोगों से मिलेंगे, आपका नेटवर्क बनेगा।

**धनु :** आज रिश्तों में बैलेंस बनाएंस आपके लिए आज काम के मौके आएंगे। आज किसी नौकरी का ऑफर भी आ सकता है। काम में टीमवर्क से काम आगे बढ़ेगा।

**मकर :** आज मन थोड़ा भारी रह सकता है, इसलिए कहीं घूमने जा सकते हैं। पैसों को लेकर सतर्क रहें, बड़ी रकम ना उधार दें, ना लें।

**कुंभ :** आज घूमने-फिरने का प्लान बना सकते हैं, इससे मन खुश होगा। काम में नए मौके मिल सकते हैं, डेडलाइन में रहकर काम करें।


**कन्या :** आज जिम्मेदारियां अधिक और काम भी अधिक रहेगा। ऑफिस का काम घर पर ना लाएं। निवेश के लिए रिसर्च करें।

**मीन :** आज मन भावुक रह सकता है, आज उदास फील करेंगे। काम में ध्यान थोड़ा भटकेगा, इसलिए खुद को फोकस में लाने की जरूरत है।

**आज का पंचांग:** 07 फरवरी शनिवार 2026। **दिशाशूल :** पश्चिम दिशा में रहेगा। विक्रम संवत 2082 शके 1947 उत्तरायण, दक्षिणगोल, शिशिर ऋतु फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष की पंचमी 25 घंटे 19 मिनट तक तत्पश्चात षष्ठी हस्त नक्षत्र 24 घंटे 24 मिनट तक तत्पश्चात चित्रा नक्षत्र धृति योग 23 घंटे 38 मिनट तक तत्पश्चात शूल योग, कन्या में चंद्रमा। **राहुकाल :** सुबह 9.51 बजे से प्रातः 11.13 बजे तक रहेगा।

## मौसम अपडेट

### प्रदेश के चार महानगरों का तापमान




### देश के चार महानगरों का तापमान

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 24.8 | 9.1 |
| मुंबई | 35.1 | 20.4 |
| चेन्नई | 33.6 | 17.5 |
| कोलकाता | 26.5 | 15.7 |

सूर्यास्त 6:11 PM
सूर्योदय 6:59 AM
चन्द्रोदय 10:26 AM
चन्द्रास्त 9:36 PM

## पिकअप की टक्कर से महिला सहित 3 की मौत

**जागरण, बड़वानी।** जिले में एक बाइक और पिकअप वाहन की आमने-सामने टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि छह लोग घायल हुए हैं। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक का अगला पहिया निकलकर दूर जा गिरा। यह हादसा गुरुवार देर रात घोलनिया फाटे (गोलानिया फाटा कट पॉइंट ए बी रोड) के पास हुआ। दरअसल बाइक नंबर एमपी 46 एमएच 6678 पर सवार दो युवक ठीकरी से जुलवानिया की ओर जा रहे थे, जबकि पिकअप वाहन (एमपी 42 जी 1559) बरूफाटक से ठीकरी की ओर आ रहा था। ठीकरी थाना पुलिस के मुताबिक हादसे में बाइक सवार विनोद मुजाल्दे और राजेश मुजाल्दे की मौत हो गई। दोनों बालकवाड़ा के रसवां गांव के थे। वहीं पिकअप सवार एक महिला रोशनी सस्ते निवासी समरतलाई, थाना ठीकरी ने भी दम तोड़ दिया। पिकअप में सात लोग सवार थे, जो राजपुर से मकान की छत भरकर रसगांव स्थित अपने घर लौट रहे थे। पिकअप पलटने से उसमें सवार दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। इनमें रोशनी और केसरी बाई दोनों समरतलाई शामिल हैं।



## गढ़ कालिका मंदिर में बार बालाओं ने लगाए ठुमके

**जागरण, धार।** शहर के आस्था का केंद्र प्रसिद्ध गढ़ कालिका माता मंदिर परिसर में बार बालाओं के ठुमके लगाने का मामला सामने आया है। दरअसल इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो को लेकर श्रद्धालुओं में नाराजगी है। हालांकि अभी तक पुलिस को इसकी कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। दरअसल किसी विवाह समारोह का बनौला निकाला जा रहा था। उस दौरान धार्मिक मर्यादाओं को ठेस पहुंचाने का यह मामला सामने आया है। इस समारोह में बार- बालाओं को बुलाया गया था, जिनके द्वारा देवी जी के मंदिर परिसर में अश्लील डांस किया गया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। दर्शन के लिए पहुंचे श्रद्धालु यह सब देखकर अचंभित रह गए।



# घोटाला : 20 स्कूलों में 'कागजी' मरम्मत, 4.37 करोड़ किए हजम

### मैहर के स्कूलों में फर्जीवाड़ा, बीईओ व 7 प्राचार्यों सहित 10 निलंबित

**जागरण, सतना।** प्रदेश में नए-नए बने मैहर जिले के अधिकारी-कर्मचारियों ने बड़े-बड़े घोटाले शुरू कर दिए हैं। घोटाले करने में शिक्षा के मंदिरों से जुड़े प्राचार्य व अधिकारी-कर्मचारी भी संकोच नहीं कर रहे हैं। प्राचार्यों और अफसरों के नैक्सेस ने स्कूलों में मरम्मत कराने मंजूर हुई 4 करोड़ 39 लाख से ज्यादा राशि बिना काम कराए ही आपस में बांट ली। प्राचार्यों ने नियम विरूद्ध वर्क ऑर्डर जारी कर बिना काम कराए ही भुगतान भी स्वीकृत कर दिया। इसके बाद ठेकेदारों को पेमेंट भी करा दिया।
चार करोड़ 37 लाख 89 हजार 420 रुपए की यह जालसाजी मैहर जिले के रामनगर क्षेत्र के स्कूलों से जुड़ी है। मामला सामने आने पर मैहर से भोपाल तक अधिकारी सकते में आ गए हैं। विभाग के आला अधिकारियों व कर्मचारियों पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। आनन फानन में कार्रवाई करते हुए दस लोगों पर गाज गिर चुकी है।
प्रारंभिक जांच में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, सात प्राचार्य, एक लिपिक और एक भृत्य की भूमिका सामने आई है। शुरुआती जांच में प्राचार्यों पर बिना प्रक्रिया अपनाए कार्यादेश जारी करने, बिना कार्य पूर्णता के भुगतान स्वीकृत करने और शासकीय राशि के दुरुपयोग के गंभीर आरोप प्रमाणित पाए गए हैं। कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम रामनगर ने सख्त कार्रवाई करते हुए आरोपित ठेकेदारों के बैंक खातों से आहरण पर रोक लगा दी है।




#### यह है पूरा मामला

**रामनगर** क्षेत्र के 20 स्कूलों में पार्किंग, पुताई, खिड़की, दरवाजे सहित मरम्मत के अन्य कार्य की मांग प्राचार्यों द्वारा निकाली गई। फिर बिना प्रक्रिया पूर्ण किए ही फर्मों को वर्क ऑडर दे दिया गया। फर्मों से मिलीभगत कर कागजों में ही कार्य पूर्ण दिखा दिया। बीईओ ने भी प्राचार्यों के इस खेल में शामिल कर 20 स्कूलों में लघु निर्माण कार्यों के नाम पर 4 करोड़ 37 लाख 89 हजार 420 रुपये का पेमेंट जारी कर दिया। जिन फर्मों को वर्क आर्डर दिया गया, उनमें शुभम नायक के श्री महाकाल ट्रेडर्स सतना, संजीव रजक के रुद्र इंटरप्राइजेज भोपाल और लकी के वाणी इंफ्रास्ट्र. र मटेरियल सप्लायर चूना भट्टी भोपाल शामिल हैं। इन फर्मों के सतना व भोपाल के बैंक खातों में राशि ट्रांसफर की गई। अब इन तीनों फर्मों के खाते सीज करा दिए गए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी ने पुलिस को दी शिकायत में साफ कहा है कि इन फर्मों के खातों से किसी भी तरह का लेनदेने नहीं होना चाहिए। यदि इसका उल्लंघन मिला तो बैंक शाखा पर भी कार्रवाई की जाए।

#### कलेक्टर ने दिए एफआईआर के निर्देश

गबन का मामला सामने आने पर मैहर कलेक्टर रानी बाटड ने जांच टीम गठित की। जिला शिक्षा अधिकारी की टीम ने जांच की, जिसमें शिक्षा विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से गबन प्रमाणित हो गया। जांच रिपोर्ट के आधार पर जिला शिक्षा अधिकारी ने मैहर पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर एफआईआर दर्ज करने की सिफारिश की है। वहीं सीज खातों से कोई लेन-देन होने पर इन बैंक शाखाओं के प्रबंधक के खिलाफ भी वित्तीय कदाचार के तहत एफआईआर दर्ज कर ली जाएगी।

#### ये हैं मुख्य आरोपी

किरण पटेल, प्रभारी प्राचार्य, शासकीय हाईस्कूल मड़वार, रविंद्र सिंह, प्रभारी प्राचार्य, शासकीय उमावि सगौनी, संकर्षण प्रसाद पाण्डेय, प्रभारी प्राचार्य, शासकीय हाईस्कूल बड़वार ने अनियमित तौर पर लाखों रुपयों का अनियमित भुगतान एवं आहरण किया। इनके अलावा छिरहाई के प्रभारी प्राचार्य रामाधार शर्मा, शासकीय हाईस्कूल मनकहरी के प्रभारी प्राचार्य राजेश कुमार साकेत, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मझटोलवा के प्रभारी प्राचार्य कामता प्रसाद तिवारी और सांदीपनि विद्यालय रामनगर में पदस्थ चपरासी विनोद कुमार पटेल को भी निलंबित किया गया है।

## पत्नी के बाद पति को भी लील गया इंदौर का दूषित पानी, 33वीं मौत

**जागरण, इंदौर।** दूषित पानी से भागीरथपुरा में मौतों का सिलसिला रुक नहीं पा रहा है। दूषित पानी का लंबे समय तक इस्तेमाल करने से बीमार हुए लोग लंबे इलाज के बाद भी बच नहीं पा रहे हैं। शुक्रवार को 33 वें मरीज ने भी दम तोड़ दिया। अरविंदो अस्पताल में इलाज करा रहे अलगूराम यादव की पत्नी की मौत पहले ही हो चुकी थी, अब इलाज के दौरान अलगूराम का भी निधन हो गया।
भागीरथपुरा में कई ऐसे परिवार हैं, जहां एक से ज्यादा सदस्यों की अब तक मौत हो चुकी है। उल्टी-दस्त की शिकायत पर अरविंदो अस्पताल में भर्ती कराए गए अलगूराम यादव 70 को सांस लेने में भी परेशानी थी। गुरूवार देर रात उनकी सांसें उखड़ गईं। मृतक के बेटे का कहना है कि उसके पिता को पहले कोई बीमारी नहीं थी, दूषित पानी पीने से उल्टी-दस्त के कारण भर्ती कराया गया था। एक महीने पहले अलगूराम की पत्नी उर्मिला यादव की मौत भी उल्टी-दस्त के कारण हुई थी। भागीरथपुरा में दूषित पानी से अब तक 33 मौते हो चुकी हैं। अभी भी तीन मरीज अस्पतालों में उपचाररत हैं। हालांकि 450 से ज्यादा अस्पतालों में इलाज कराकर घर भी पहुंच चुके हैं। दो मरीजों की डिस्चार्ज होने के बाद मौत हो चुकी है। अरविंदो अस्पताल के चिकित्सकों का कहना है कि अलगूराम लंबे समय से भर्ती थे। उन्हें पहले से ही लकवा था। उनकी दाहिनी जांघ की हड्डी में फ्रैक्चर के अलावा वह अन्य बीमारियों से भी पीड़ित थे। दूसरी तरफ हाईकोर्ट द्वारा पेयजल को संवैधानिक हक बताए जाने के बाद भी इंदौर में दूषित पानी से मुक्ति नहीं मिल पा रही है। देश भर में प्रदेश पर लगे इस कलंक के कारण शासन-प्रशासन मौतों का सही आंकड़ा तक नहीं बता पा रहे हैं। हाईकोर्ट स्वयं भी मौतों के आंकड़ों को लेकर गंभीर असहमति जता चुका है। सरकारी आंकड़ों में अभी भी केवल 16 मौतें दूषित पानी से मानी जा रही है। वहीं मौतों की संख्या में विरोधाभास को लेकर याचिकाएं बढ़ती जा रही हैं।

## ठेकेदार के स्टॉफ पर अवैध शराब तस्करों का हमला, दौड़ा-दौड़ाकर पीटा, गाड़ी तोड़ी

**जागरण, धार।** अवैध शराब की तस्करी रोकने के लिए आबकारी पुलिस की भूमिका निभाना ठेकेदार के स्टॉफ को महंगा पड़ गया। पीछा कर रहे शराब कंपनी के कर्मचारियों को बेदम पीट दिया। पहले तो बदमाशों ने सारे कर्मचारियों को बीच सड़क पर लाठी-डंडों से जमकर पीटा, फिर भी मन नहीं भरा तो सड़क पर दौड़ा-दौड़ाकर पीटकर अधमरा कर दिया। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां एक की हालत गंभीर बनी हुई है। शराब कंपनी कर्मचारियों के साथ मारपीट का यह मामला शुक्रवार सुबह बदनावर जिले का है। इस मारपीट का वीडियो भी वायरल हुआ है। सीसीटीवी फुटेज में शराब तस्करों की बेरहमी साफ दिख रही है। जो करीब 20 मिनट तक तोड़फोड़ और मारपीट करते रहे। पुलिस के मुताबिक, शराब ठेकेदार के कर्मचारी इलाके में अवैध शराब की बिक्री पर निगरानी रखते हैं। शुक्रवार सुबह शराब कंपनी के कर्मचारियों ने अवैध शराब से भरे एक वाहन का पीछा किया। यह वाहन लेबड़-नयागांव फोरलेन पर स्थित बोराली बस स्टैंड के पास देखा गया, जहां कर्मचारियों ने इसे रोक लिया। रोकते ही वाहन से उतरे बदमाशों ने शराब ठेकेदार के कर्मचारियों पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

# पाकिस्तानी जेल से 7 साल बाद लौटे प्रसन्नजीत को देख फफक पड़ी मां-बहन, बोलीं- अब कहीं मत जाना

### दिल्ली से अचानक पहुंच गया था पाकिस्तान, 31 जनवरी को हुआ रिहा, अमृतसर से लेकर आए जीजा और अधिकारी

**जागरण, बालाघाट।** सात साल तक पाकिस्तान की जेल में बंद रहा बालाघाट का प्रसन्नजीत अपने जिंदा रहने की उम्मीदें खो चुका था। रह-रहकर उसे घर और घरवालों की याद सताती थी, उनकी आवाज सुनने को तरस गया था। घर-परिवार की यादें भी साल दर साल धुंधली पड़ने लगी थीं। मगर अचानक उसकी जिंदगी में नई सुबह हुई और 31 जनवरी को उसे पाकिस्तान जेल से रिहा कर दिया गया। शुक्रवार रात उसे सही-सलामत सामने देख मां-बहन की आंखें छलक उठीं। आसपास के लोगों ने भी उसका फूल मालाओं व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। फफकती मां-बहन रुंहासे गले से सिर्फ इतना ही कह सकीं- अब कहीं मत जाना। पाकिस्तान जेल से रिहा होकर अमृतसर के स्वर्ण मंदिर में दर्शन के बाद प्रसन्नजीत शुक्रवार रात बालाघाट के कटंगी पहुंचा। भाजपा विधायक गौरव पारधी ने प्रसन्नजीत का शॉल और माला पहनाकर स्वागत किया।



**ऐसे पहुंचा था पाकिस्तान :** प्रशासनिक अधिकारियों और गांव वालों को पूछने पर प्रसन्नजीत ने बताया कि वह 2017 में दिल्ली घूमने गया था। इसी दौरान मानसिक स्थिति खराब हो गई थी। इसके अलावा कुछ याद नहीं है। पाकिस्तान में दर्ज एफआईआर में लिखा है कि अक्टूबर 2019 में प्रसन्नजीत को बिना वीजा और पासपोर्ट के पकड़ा गया था। इसके बाद उसे लाहौर जेल भेज दिया गया था। जबकि प्रसन्नजीत के जीजा राजेश खोब्रागड़े का कहना है कि वह 2017 में घर से लापता हो गए थे। कुछ समय बिहार रहे, फिर लौट आए लेकिन बाद में दोबारा गायब हो गए। परिजन ने काफी तलाश की। कोई सुराग नहीं मिला तो उन्हें मृत मान लिया गया था।

## पीतांबरा पीठ में अब साधना स्थल पर ही होगा जप

**जागरण, दतिया।** विश्व विख्यात श्री पीतांबरा पीठ मंदिर में दलाल साधकों के कारण पांडा गिरी को बढ़ावा मिल रहा है। इसकी निरंतर शिकायत मिल रही थी। जिसके बाद मंदिर परिसर व प्रशासन ने इस पर संज्ञान लिया और खुले में जप साधना पर रोक लगा दी है। अब मंदिर परिसर में बने मणिपुर धाम और साधना स्थल पर ही साधना होगी। दरअसल, श्री पीतांबरा पीठ मंदिर में साधना और पूजा पाठ के नाम पर श्रद्धालुओं से मोटी रकम वसूली जाती थी। इसकी शिकायत मंदिर प्रबंधन को लंबे समय से मिल रही थी। कुछ दलाल जैसे साधकों ने मंदिर का माहौल खराब कर रखा था। इस मामले में पड़ताल की तो पता चला कि मंदिर में पांडा गिरी सक्रिय है, जिससे आने वाले श्रद्धालुओं को काफी दिक्कतें हो रही हैं। जबकि मंदिर में पांडा गिरी के तहत दक्षिणा नहीं ली जाती है, लेकिन दलाल साधक पूजा अनुष्ठान के नाम पर लाखों रुपए ऐंठते है। इसकी रोकथाम के लिए जिला प्रशासन और मंदिर प्रबंधन ने संयुक्त बैठक कर यह निर्णय लिया कि मंदिर में बैठे साधक यथा स्थान पर ही बैठेंगे। अन्य साधक भी जो मंदिर से रजिस्टर्ड नहीं है, वह भी उनके साथ बैठकर जप कर सकते हैं।

Jamia Hamdard
(A Government Aided Deemed to be University)
Where Legacy Meets Modern Learning
Hamdard Nagar, New Delhi - 110062
SCAN TO APPLY
Applications for MBA & M.Sc. Nursing 2026-27
School of Nursing Education and Research
M.Sc. Medical Surgical Nursing;
M.Sc. Obstetrics & Gynaecological Nursing;
M.Sc. Mental Health (Psychiatric) Nursing;
M.Sc. Community Health Nursing;
M.Sc. Child Health (Paediatric) Nursing
School of Management and Business Studies
MBA with specialisation in Marketing, HR, Finance, IB, IT, Operations & Entrepreneurship
MBA – Healthcare & Hospital Management;
MBA – Pharmaceutical Management
For further details, refer to the Admissions Prospectus 2026-27
Phone No: +91-11-26059688
Website: www.jamiahamdard.ac.in
Email: admissions@jamiahamdard.ac.in
Apply Now: ums.jamiahamdard.ac.in
For any queries related to admissions, Contact: 7042519957/9205774417/9266777157
CBC 21265/12/0008/2526

एक कदम आत्मनिर्भर भारत की ओर
10 साल से आपकी सेवा में
12वाँ कुक्षी एवं बाग ब्लॉक महोत्सव
दिनांक 7 से 15 फरवरी 2026
समय : दोपहर 1:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक
स्थान : गोहर महल, व्ही.आई.पी. रोड़ भोपाल
उस्ताद कारिगरों के हाथों से बने प्रकृतिक रंगों से सजे रंग-बिरंगे बाग एवं ब्लॉक प्रिंट वस्त्रों एवं तरह तरह के आकर्षक मटेरियल यहाँ आप पायेंगे बाग एवं ब्लॉक प्रिंट के 60 कारिगरों से
सीधे खरीदने का मौका
बाग कोटन सूट, बाग क्रेप सूट, बाग रियान सूट, बाग सेंटून सूट, बाग रनिंग कलमकारी प्रिंट, डाबू प्रिंट, इंडिगो प्रिंट, बटिक प्रिंट, अजरक प्रिंट, आल ब्लॉक प्रिंटिंग एवं सभी प्रकार के रनिंग फेब्रिक्स, बाग साड़ी, बाग जारजट साड़ी, बाग रियोन साड़ी बाग महेश्वरी साड़ी, बाग क्रेप साड़ी एवं सभी प्रकार की साडियां, बाग बेडशीट आदि

## बिजनेस प्लस

### मॉन्ट्रा इलेक्ट्रिक ने किया पीएम ई-ड्राइव सर्टिफाईड इलेक्ट्रिक हैवी-ड्यूटी ट्रक डिलीवर

**मुंबई।** मॉन्ट्रा इलेक्ट्रिक ने भारत का पहला पीएम ई-ड्राइव सर्टिफाईड इलेक्ट्रिक हैवी-ड्यूटी ट्रक डिलीवर कर क्लीन मोबिलिटी की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। मुरूगप्पा ग्रुप की इस कंपनी ने पीएम ई-ड्राइव योजना के तहत प्रमाणन प्राप्त करने वाली देश की पहली इलेक्ट्रिक ट्रक निर्माता बनते हुए राइनो 5538 ईवी 6म4 ट्रैक्टर ट्रेलर अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड को सौंपा। एन3 कैटेगरी सर्टिफिकेशन के तहत प्रति वाहन 9.6 लाख रुपए तक का इंसेंटिव मिलने से इलेक्ट्रिक ट्रकों की कमर्शियल व्यवहारिकता और मजबूत हुई है। 10,900 करोड़ रुपए की पीएम ई-ड्राइव योजना में ई-ट्रकों के लिए 500 करोड़ रुपए आवंटित हैं। राइनो 5538 ईवी भारतीय परिस्थितियों के अनुरूप डिजाइन किया गया है और इसमें 282 किलोवाट एलएफपी बैटरी, 380 एचपी पावर, 2000 एनएम टॉर्क और लगभग 198 किमी की रेंज मिलती है। यह ट्रक लॉजिस्टिक्स, माइनिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में डीकार्बोनाइजेशन और नेट-जीरो लक्ष्यों को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगा।



### छह एपिसोड की एक भावनात्मक कहानी हिंदी सीरीज 'शबद -रीत और रिवाज'

**मुंबई।** जी5 की ओरिजिनल हिंदी सीरीज 'शबद -रीत और रिवाज़' छह एपिसोड की एक भावनात्मक कहानी है, जो बाप-बेटे के रिश्ते, पीढ़ियों के टकराव और अपने सपनों को चुनने की हिम्मत को खूबसूरती से दर्शाती है। अमित गुप्ता के निर्देशन में बनी इस सीरीज में मिहिर आहूजा और सुविंदर विक्की ने दमदार मुख्य भूमिकाएं निभाई हैं। पंजाब की पारंपरिक पृष्ठभूमि पर आधारित कहानी घुप्पी सिंह के इर्द-गिर्द घूमती है, जो हकलाने की समस्या से जूझता है और भक्ति संगीत की पारिवारिक विरासत से अलग फुटबॉल में अपना भविष्य देखता है। उसके पिता हरमिंदर सिंह, एक प्रसिद्ध रागी गायक हैं, जो बेटे को अपनी परंपरा आगे बढ़ाते देखना चाहते हैं। यह सीरीज विरासत बनाम पहचान के संघर्ष को संवेदनशीलता से पेश करती है और सवाल उठाती है कि असली विरासत हमें मिलती है या हम खुद बनाते हैं। 'शबद -रीत और रिवाज' अब जी5 पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध है।





### जीसीएलआई ने की 'हियर नाउ' के अगले चरण की शुरुआत

**मुंबई।** जेनेराली सेंट्रल लाइफ इंश्योरेंस (जीसीएलआई) ने अपने राष्ट्रीय ब्रांड अभियान 'हियर नाउ' के अगले चरण की शुरुआत की है, जिसमें बच्चों के भविष्य की आकांक्षाओं और सेवानिवृत्ति सुरक्षा जैसे जीवन के दो अहम चरणों पर विशेष ध्यान दिया गया है। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के साथ संयुक्त उद्यम के बाद, यह अभियान कंपनी की नई पहचान और परिवारों को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। अभियान का उद्देश्य लोगों को आज ही सोच-समझकर वित्तीय निर्णय लेने के लिए प्रेरित करना है, ताकि वे सुरक्षित और मजबूत भविष्य बना सकें। कंपनी जीवन के हर पड़ाव पर ग्राहकों के साथ खड़े रहने का संदेश देती है—चाहे बच्चों की शिक्षा और सपनों की योजना हो या आत्मविश्वास से भरी सेवानिवृत्ति की तैयारी। अभियान में जीवन बीमा को केवल सुरक्षा नहीं, बल्कि दीर्घकालिक लक्ष्यों और महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने का माध्यम बताया गया है। यह अभियान टीवी, डिजिटल, आउटडोर और क्षेत्रीय मीडिया के माध्यम से देशभर में चलाया जा रहा है।




### एमपीएल टी20 सीजन 3 के लिए ओपन प्लेयर ट्रायल की घोषणा

**जबलपुर।** जबलपुर रॉयल लायंस ने मध्य प्रदेश की जमीनी स्तर की क्रिकेट प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता को जारी रखते हुए एमपीएल टी20 सीजन 3 के लिए ओपन प्लेयर ट्रायल की घोषणा की है। फ्रैंचाइजी लगातार युवा और उभरते खिलाड़ियों को अवसर देकर राज्य के क्रिकेट इकोसिस्टम को मजबूत कर रही है। ट्रायल 11 और 12 फरवरी 2026 को जबलपुर के रानीताल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित किए जाएंगे। पंजीकरण 4 से 14 फरवरी 2026 तक खुले रहेंगे, जिसे खिलाड़ी आधिकारिक वेबसाइट या इंस्टाग्राम लिंक के माध्यम से ऑनलाइन पूरा कर सकते हैं। चयनित खिलाड़ियों की अंतिम सूची महीने के अंत तक जारी की जाएगी। ट्रायल में भाग लेने के लिए 700 रुपए का पंजीकरण शुल्क निर्धारित है। ये ट्रायल केवल मध्य प्रदेश के योग्य निवासियों के लिए खुले हैं। जबलपुर रॉयल लायंस राज्य के युवा क्रिकेटरों को एमपीएल के जरिए पेशेवर क्रिकेट की ओर कदम बढ़ाने का अवसर दे रहा है।




### नवाचार, अनुसंधान और समाजोन्मुख विकास पर केंद्रित अंतरराष्ट्रीय संवाद

**भोपाल।** रबींद्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, भोपाल में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन शोध शिखर 2026 का शुभारंभ अत्यंत गरिमामय वातावरण में हुआ। यह सम्मेलन नवाचार, हरित प्रौद्योगिकी, सतत विकास लक्ष्यों और समाजोन्मुख अनुसंधान की दिशा में वैश्विक दृष्टिकोण प्रस्तुत करने का एक महत्वपूर्ण मंच बनकर उभरा। कार्यक्रम में देश-विदेश के प्रतिष्ठित शिक्षाविदों, वैज्ञानिकों, उद्योग विशेषज्ञों और शोधार्थियों की सक्रिय भागीदारी रही। बतौर मुख्य अतिथि डॉ. अपर्णा एन., ग्रुप डायरेक्टर, एनआरएससी, इसरो, हैदराबाद ने रिमोट सेंसिंग की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आधुनिक शोध में भू-स्थानिक तकनीक अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। कृषि, आपदा प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण और संसाधन प्रबंधन में रिमोट सेंसिंग का योगदान समाज के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रहा है। उन्होंने शोधार्थियों और पेपर प्रेजेंटर्स को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शोध का उद्देश्य केवल ज्ञान अर्जन नहीं, बल्कि समाज की समस्याओं का समाधान होना चाहिए।




शोक संदेश



श्रीमती स्वर्णा रानी नंदा जी
अत्यन्त व्यथित ह्रदय के साथ सूचित कर रहे है कि हमारी माताजी
श्रीमती स्वर्णा रानी नंदा जी (पत्नी स्व. श्रीराम नंदा जी)
दिनांक 06 फरवरी 2026 को अपनी जीवन यात्रा सम्पन्न कर परमात्मा के स्वरूप में लीन हो गई हैं। अंतिम यात्रा आज दिनांक 07 फरवरी 2026 को प्रात: 11.00 बजे निज निवास से सुभाष नगर विश्राम घाट के लिए प्रस्थान करेगी।
शोकाकुल
अश्वनी नंदा, अशोक नंदा (चेयरमैन-इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, मिसरोद)
अनिल नंदा (पुत्र), आलोक नंदा एवं पुष्कर नंदा (पौत्र)
एवं समस्त परिवारजन
71- जी, सेक्टर- 1, शक्तिनगर, भोपाल
8461000000, 9303131823

## बाजार पर नजर



शेयर बाजार में आज

+ 266

83,580

**Nifty 50 Top Gainers**

| Scrip | High | %Gain |
|---|---|---|
| ITC | 327.70 | 5.03% |
| Kotak Mahindra | 424.65 | 3.33% |
| HUL | 2,429.00 | 2.96% |
| Bharti Airtel | 2,049.70 | 2.31% |
| Bajaj Finance | 986.50 | 1.76% |

**Nifty 50 Top Losers**

| Scrip | Close | %Loss |
|---|---|---|
| HDFC Life | 721.90 | -2.35% |
| TCS | 2,985.00 | -1.67% |
| Tech Mahindra | 1,645.90 | -1.60% |
| Bajaj Auto | 9,668.00 | -1.33% |
| Asian Paints | 2,444.00 | -1.27% |

**फोरेक्स रेट**

| मुद्रा | बिक्री |
|---|---|
| $ डॉलर | 90.660 |
| € यूरो | 106.91 |
| ¥ येन | 0.5773 |
| £ पौंड | 123.10 |

# सोना हुआ सस्ता और दो दिन में चांदी की चमक भी पड़ गई फीकी

## चांदी के भाव में ऐतिहासिक गिरावट, 1980 और 2011 जैसे क्रैश की आहट



**नई दिल्ली, जेएनएन।** इस साल चांदी कीमतों में भारी उथल पुथल देखने को मिल रहा है। सबसे पहले इस जनवरी के अंत में इसके भाव तेजी से बढ़कर सारे रिकॉर्ड तोड़ते हुए ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए थे। इस स्तर को छूने के दूसरे दिन से चांदी के भाव तेजी से गिरने लगे और अब इसके भाव क्रैश कर गए हैं। चांदी की कीमतों में यह गिरावट 1980 और 2011 में जैसी नजर आ रही है। अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 29 जनवरी को 121.79 डॉलर के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गए थे। लेकिन इसके अगले दिन से भाव गिरने लगे और आज इसके भाव 63.90 डॉलर के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। इस तरह चांदी के भाव ऑल टाइम हाई से 47.53 फीसदी गिर चुके हैं। घरेलू बाजार एमसीएक्स पर चांदी के वायदा भाव ने 29 जनवरी को 4,20,048 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छुआ था। आज इसके भाव 2,29,187 रुपये के निचले स्तर तक चले गए। हालांकि 2 फरवरी को इसके भाव 2,25,805 रुपये किलो तक लुढ़क गए थे।

### बेकाबू हुई चांदी के पीछे की कहानी

केडिया की रिपोर्ट में कहा गया है कि 2026 में चांदी की शुरुआत लगभग 72.40 डॉलर प्रति औंस के आसपास होने के बाद यह जनवरी के अंत तक महीने के भीतर करीब 68 फीसदी उछलकर रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई। इस तेजी को भू-राजनीतिक जोखिम प्रीमियम, मजबूत औद्योगिक मांग की उम्मीदों और फ्यूचर्स व ईटीएफ में आक्रामक पोजिशनिंग ने बढ़ावा दिया। कुल खपत का लगभग 55–60 फीसदी हिस्सा औद्योगिक मांग से आता है, जो सोलर इंस्टॉलेशन, इलेक्ट्रिफिकेशन और इलेक्ट्रॉनिक्स के कारण मजबूत बना रहा। साथ ही निवेशकों ने वैश्विक स्तर पर आसान मौद्रिक नीति की उम्मीदों और बढ़ते भू-राजनीतिक तनावों से सुरक्षित निवेश के रूप में चांदी में दिलचस्पी बढ़ाई।

### चांदी में 1980 व 2011 जैसी गिरावट

चांदी की कीमतों में आ रही गिरावट दशकों पहले की ऐतिहासिक गिरावट की ओर इशारा कर रही है। केडिया एडवाइजरी की रिपोर्ट में कहा कि चांदी की कीमतों में यह गिरावट चांदी के ऐतिहासिक पतनों 1980 और 2011 के साथ तुलना का कारण बन रही है। हालांकि गिरावट पहले जैसी ही दिखती है, लेकिन इसके पीछे की असली वजह अलग है।

**1980 से तुलना मुख्यतः** गिरावट के पैमाने को लेकर है। उस समय बाजार में अत्यधिक लीवरेज और सीमित खिलाड़ियों की भारी पोजिशनिंग थी, जिसका अंत नियामकीय हस्तक्षेप के साथ हुआ। इसके विपरीत 2026 की गिरावट व्यापक रही, जिसमें हेज फंड, ईटीएफ, रिटेल निवेशक और सिस्टमैटिक रणनीतियां सभी शामिल थे और किसी एक बड़े खिलाड़ी या नीतिगत सख्ती की भूमिका नहीं रही। 2011 का क्रैश मैकेनिक्स तौर पर ज्यादा समान दिखता है, जहां मौद्रिक नीति की उम्मीदों में बदलाव, लगातार मार्जिन बढ़ोतरी और तेज लिक्विडेशन ने गिरावट को बढ़ाया था। हालांकि मांग का स्वरूप बड़ा अंतर पैदा करता है और कीमतों की संरचना में है। 2011 में चांदी मुख्यतः निवेश-आधारित ट्रेड थी, जबकि 2026 में औद्योगिक उपयोग मांग की रीढ़ बन चुका है। जो पिछले चक्रों में मौजूद नहीं था।

### चांदी की कीमतों में अब क्या रहने वाला है स्तर?

केडिया एडवाइजरी की रिपोर्ट के अनुसार तकनीकी दृष्टि से चांदी तब तक कमजोर बनी रह सकती है, जब तक यह प्रमुख रेजिस्टेंस के नीचे कारोबार कर रही है। यदि कीमतें लगातार 70 डॉलर प्रति औंस से नीचे टिकती हैं, तो 54.50 डॉलर प्रति औंस तक और दबाव बन सकता है। यह स्तर लंबी अवधि के रिट्रेसमेंट और पुराने कंसोलिडेशन का महत्वपूर्ण आधार माना जाता है। चांदी की कीमतों में मुख्य रेजिस्टेंस–94.80 डॉलर प्रति औंस पर एक अहम सप्लाई जोन है। जब तक कीमतें इस स्तर के नीचे रहती हैं, तब तक व्यापक तकनीकी नजरिया कमजोर से न्यूट्रल रहेगा और तेजी आने पर भी बिकवाली का दबाव देखने को मिल सकता है। केवल 94.80 डॉलर के ऊपर मजबूत ब्रेकआउट ही तेजी की वापसी का स्पष्ट संकेत देगा। कुल मिलाकर 2026 की चांदी गिरावट पैमाने में 1980 और मैकेनिक्स में 2011 जैसी दिखती है, लेकिन संरचनात्मक रूप से अलग है। यह तेज, गहरी और वित्तीय कारणों से हुई आधुनिक लीवरेज–आधारित गिरावट है। जब तक कीमतें 94.80 डॉलर से नीचे हैं, रुख सतर्क रहेगा और 70 डॉलर के टूटने पर गिरावट का जोखिम बना रहेगा।

## एनएसई के बोर्ड ने दी आईपीओ की मंजूरी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के बोर्ड ने आईपीओ लाने को मंजूरी दे दी है। 6 फरवरी को हुई बोर्ड मीटिंग में यह अहम फैसला लिया गया। इस मंजूरी के बाद एनएसई के शेयर बाजार में आने का रास्ता साफ हो गया है। कंपनी अब इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग से जुड़े अगले कदमों पर चर्चा करेगी, जो निवेशकों के लिए एक बड़ी खबर है। कंपनी ने अपने तिमाही नतीजे भी जारी किए। साल दर साल प्रॉफिट में 37 फीसदी की गिरावट देखी गई। इसके बोर्ड ने मौजूदा शेयरधारकों द्वारा ऑफर फॉर सेल के जरिए कंपनी का इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग मंजूर कर दिया है। प्रस्तावित आईपीओ के भारत के कैपिटल मार्केट में सबसे बड़े आईपीओ में से एक होने की उम्मीद है।


जवाहरलाल स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान
JAWAHARLAL INSTITUTE OF POSTGRADUATE MEDICAL EDUCATION & RESEARCH
(स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन राष्ट्रीय महत्व का संस्थान)
(An Institution of National Importance under Ministry of Health & Family Welfare)
भारत सरकार / GOVERNMENT OF INDIA, धन्वंतरि नगर, पुदुच्चेरी / Dhanvantari Nagar, Puducherry- 605 006
वेबसाइट / Website : www.jipmer.edu.in दूरभाष / Phone : 0413-2296022

सं.जिप–प्रशा/I/डीईपी./1(32)/केकेएल/2026 दिनांक:07.02.2026

जिपमेर (कारैक्काल परिसर) के लिए डीन (अकादमिक) (7वें केंद्रीय वेतन आयोग के अनुसार स्तर–14) के एक पद को प्रतिनियुक्ति/अल्पकालिक संविदा/संविदा (सेवा–निवृत्त व्यक्तियों के लिए) के आधार पर भरने के लिए केन्द्रीय/राज्य सरकार/स्वायत्त संस्थानों/विश्वविद्यालयो/अनुसंधान संस्थानों के पात्र सेवारत अधिकारियों या सेवानिवृत्त व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

आवेदन का प्रारूप और वेतनमान, आयु, योग्यता, अनुभव और पात्रता की अन्य शर्तें आदि से संबंधित जानकारी **www.jipmer.edu.in** पर उपलब्ध है।

भरे हुए आवेदन प्राप्त करने की **अंतिम तारीख 23.03.2026 (सोमवार)** को शाम **4.30** बजे तक है।

निदेशक

उत्तर मध्य रेलवे

पत्र सं0 - JHS/Comm/e-Auction/26/141 दिनांक - 04.02.2026

ई–नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य) झांसी द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है:-

| श्रेणी - पार्सल | केटलोग संख्या : JHS-LEASING |
|---|---|
| एसेट्स डिटेल्स | |
| 01- ट्रेन संख्या-12198 में 02 एसएलआर-एफ-I & एफ-II | 05- ट्रेन संख्या-22195 में 01 एसएलआर-एफ-I |
| 02- ट्रेन संख्या-12049 में 01 एसएलआर-एफ-I | 06- ट्रेन संख्या-11107 में 02 एसएलआर-आर-I & एफ-I |
| 03- ट्रेन संख्या-12279 में 01 एसएलआर-एफ-I | 07- ट्रेन संख्या-22547 में 01 एसएलआर-एफ-I |
| 04- ट्रेन संख्या-22198 में 01 एसएलआर-एफ-I | 08- ट्रेन संख्या-11086 में 01 एसएलआर-एफ-I |

ई-नीलामी प्रारम्भ होने की तिथि व समय : दिनांकः-19.02.2026 को समयः - 11:00 से
ई-नीलामी समाप्त होने की तिथि व समय : दिनांकः-19.02.2026 को समयः - 13:00 तक

नोटः- उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के **e-auction module** के माध्यम से की जाएगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अन्तर्गत उपलब्ध है।

260/26(DG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in


## बाजार पर नजर

### उच्च पूंजीगत व्यय से बनी रहेगी वृद्धिः वित्त मंत्री

**नई दिल्ली, जेएनएन।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को कहा कि सरकार का मुख्य उद्देश्य आर्थिक वृद्धि को बनाए रखना है। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र अब निष्क्रिय मोड से निकलकर निवेश की ओर बढ़ रहा है, लेकिन 2026–27 के बजट में सरकार ने पूंजीगत व्यय का बड़ा भार खुद उठाना जारी रखा है। सीतारमण ने कहा, इस समय हमारा प्रमुख लक्ष्य वृद्धि को बनाए रखना है। सरकार ने अगले वर्ष के लिए 12.22 लाख करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय आवंटित किया है, जो 2025–26 की तुलना में 11.5 प्रतिशत से अधिक है। हालांकि वित्त मंत्री ने कहा कि निजी क्षेत्र के निवेश में स्पष्ट संकेत दिखाई दे रहे हैं।

जो निवेश पहले निष्क्रिय आय दे रहे थे, वे अब क्षमता विस्तार और नए व्यवसाय स्थापित करने में लगाए जा रहे हैं। यह नए और उभरते क्षेत्रों में साझेदारी के रूप में अधिक दिख रहा है और पारंपरिक विनिर्माण क्षेत्रों में अभी थोड़ा कम। यह कहना जल्दबाजी होगी लेकिन संकेत सकारात्मक हैं, उन्होंने कहा। सीतारमण ने यह भी कहा कि वैश्विक निवेशकों का रुझान बदल रहा है। नॉर्वे और कनाडा जैसे देश अपने पेंशन और संप्रभु फंड्स के जरिए भारत में निवेश में रुचि दिखा रहे हैं। वहीं उत्तर अमेरिका के कुछ बड़े फंड मैनेजर अभी रुख देख रहे हैं और फिर निर्णय लेते हैं।

## ब्लू-कॉलर श्रमिकों के लिए यूएई शीर्ष गंतव्य

**नई दिल्ली, जेएनएन।** प्रवासन रुझानों पर आधारित नवीनतम सरकारी आंकड़ों के अनुसार, संयुक्त अरब अमीरात ने भारतीय ब्लू-कॉलर श्रमिकों के लिए सबसे बड़े विदेशी गंतव्य के रूप में सऊदी अरब की जगह ले ली है। यह बदलाव खाड़ी क्षेत्र में श्रम बाजार की बदलती परिस्थितियों को दर्शाता है, जिसका कारण यूएई में बुनियादी ढांचे का विस्तार, प्रतिस्पर्धी वेतन और श्रमिक–अनुकूल नीतियां हैं। 2025 में 2,00,686 भारतीय ब्लू–कॉलर श्रमिक रोजगार के लिए यूएई गए, जबकि 1,36,812 श्रमिक सऊदी अरब पहुंचे। यह बड़ा उलटफेर है, जब सऊदी अरब 1,67,598 श्रमिकों के साथ आगे था और यूएई में 1,11,308 श्रमिक गए थे। 2023 के आंकड़ों से तुलना करें तो अंतर और अधिक स्पष्ट है। सऊदी अरब में 2,00,713 भारतीय श्रमिक गए थे, जबकि यूएई में केवल 71,687। 2025 में 4,49,110 श्रमिक 11 प्रमुख श्रम–आयातक देशों में गए, जो 2024 के 3,87,067 और 2023 के 3,98,316 के मुकाबले अधिक है।

## रिलायंस ने वेनेजुएला से खरीदा तेल

**नई दिल्ली, जेएनएन।** रिलायंस इंडस्ट्रीज ने वेनेजुएला से तेल की पहली खेप खरीदी है ट्रेडर विटोल से वेनेजुएला का 20 लाख बैरल तेल खरीदा है। यह कंपनी द्वारा दक्षिण अमेरिकी देश से लगभग एक साल बाद की गई पहली खरीदारी है। सूत्रों ने बताया कि आरआईएल ने अप्रैल डिलिवरी के लिए वेनेजुएला का तेल आईसीई ब्रेंट के मुकाबले 6.5–7 डॉलर प्रति बैरल से कम दाम पर खरीदा है। इस बारे में जानकारी के लिए आरआईएल को ईमेल किया गया मगर खबर लिखे जाने तक जवाब नहीं आया।


OFFICE OF UJJAIN DEVELOPMENT AUTHORITY
Pradhikaran Bhawan, Bharatpuri Administrative Zone, Dewas Road, Ujjain - 456010
email- udaujjain@gmail.com, website- www.udaujjain.org

Tender Notice

Online tenders are invited from eligible firms for the following work. Detailed tender details can be found on the website https://mptenders.gov.in/nicgep/app

| NO. | Tender number & date of issue | Name of work | work duration & PAC | Cost of Tender Form and EMD (INR) | Last date of tender |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | UDA/ET/13/26_ DATED 04/02/2026 2026_DTCP_ 480146_1 | STONE CLADDING WORK ON MAIN GATE, EXIT GATE, BOUNDARY WALLS OF SHREE MAHAKAL BHAKTNIWAS PARISAR, UJJAIN | 365 Days 5,20,66,152/- | 23600/- 5,20,700/- | 26/02/2026 17:30 PM |

**Note:** Any amendments to the tender will be published online only on the website and will not be published separately in newspapers.

(Kuldeep Raghuwanshi)
Executive Engineer, UDA, Ujjain

उत्तर मध्य रेलवे

L. No. JHS-ELG-W-T-33-2025-26 Date : 04.02.2026

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिये तथा उनकी ओर से वरि. मंडल विद्युत अभियन्ता (सामान्य), उत्तर मध्य रेल, झाँसी द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये ऑनलाईन **(ई-टेन्डरिंग)** के माध्यम से खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है।

**निविदा सं.** : झाँसी-ईएलजी-डब्ल्यू-टी-33-2025-26

**कार्य का विवरण : विद्युत/सामान्य कार्य :** झांसी के डीआरएम कार्यालय भवन और नए नियंत्रण भवन में काइनेटिक कलर फेकेड लाइटिंग की व्यवस्था के लिए विद्युत/जी कार्य।

**निविदा राशि :** रू. 80,57,122/- मात्र | **बयाना राशि :** रू. 1,61,200/- मात्र

**कार्य समापन अवधि :** 06 माह | **निविदा बंद होने की तिथि :** 27/02/2026 (15:00 बजे तक)

निविदाकार निविदा दिनांक **27/02/2026** को **15:00** बजे तक आनलाईन जमा कर सकेगें। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के वेबसाईट **http://www.ireps.gov.in** पर देखें।

263/26 (C)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

जिला शिक्षा केन्द्र सागर
कलेक्ट्रेट परिसर जिला सागर- 470002
दूरभाष (07582) 310487, E-mail : zsksagar@gmail.com
क्र./स.शि.अ./2025/5345 सागर, दिनांक : 06.02.2026

निविदा सूचना

राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के पत्र क्र./राशिके/एसजीयू/2024/4179 भोपाल दिनांक 10.09.2024 के परिपालन में जिला सागर अन्तर्गत कुल 20 छात्रावासों में सीससीटीव्ही कैमरा सेटअप (न्यूनतम 08 कैमरा सहित) स्थापित किए जाने हेतु जेम पोर्टल के माध्यम से क्रय किया जाना है। इस हेतु संबंधित फर्मों से दिनांक 27/02/2026 तक GEM पोर्टल के माध्यम से निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। जेम पोर्टल पर निर्धारित दस्तावेज जिसमें निर्देश, शर्तें एवं निविदा आदि का विस्तृत विवरण उपलब्ध है:-

1. जेम बिड नम्बर : GEM/2026/B/7153575
2. जेम बिड प्रकाशन : 06 फरवरी 2026
3. जेम बिड बंद होने का दिनांक : 27 फरवरी 2026 सायं 06 बजे
4. जेम बिड खुलने का दिनांक : 27 फरवरी 2026 सायं 06.30 बजे

म.प्र. माध्यम/124380/2026 जिला परियोजना समन्वयक

कार्यालय उपायुक्त, वाणिज्यिक कर, टैक्स ऑडिट विंग, भोपाल
प्लॉट नं.- 19, निर्माण भवन के सामने, अरेरा हिल्स, भोपाल 462027
E-Mail : dcaudit.bpl@mptax.mp.gov.in
क्र./वा.कर/उपा./टै.आ.वि./2026 /24 भोपाल, दिनांक : 30.01.2026

// विज्ञप्ति //

वाणिज्यिक कर कार्यालय राज्य कर भवन (प्लॉट नं.-19, निर्माण भवन के सामने, अरेरा हिल्स, भोपाल) में स्थापित लिफ्ट की AMC (Annual Maintenance Contract) का कार्य कराए जाने हेतु उपायुक्त, वाणिज्यिक कर, टैक्स ऑडिट विंग, भोपाल के अंतर्गत वार्षिक रखरखाव अनुबंध से दो वर्ष हेतु वार्षिक आधार पर 02 बिड सिस्टम (वित्तीय एवं तकनीकी बिड) के आधार पर mptenders.gov.in/nicgep/app के माध्यम से अधिकृत एवं प्रतिष्ठित सेवा प्रदाता फर्मों से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

1. निविदा जारी करने की दिनांक :- 09.02.2026 (समय सुबह 10:00 बजे से)
2. निविदा शुल्क :- 1,000/- एवं प्रोसेसिंग फीस (नॉन रिफंडेबल)।
3. निविदा अर्नेस्टमनी :- 25,000/- (अक्षरी राशि रुपये पच्चीस हजार मात्र)।
4. निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि :-10.03.2026 (समय शाम 04:00 बजे तक)
5. निविदा की तकनीकी जांच :-11.03.2026 (समय दोपहर 11:00 बजे )

निविदा शर्तें वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है योग्य फर्म अपने समस्त दस्तावेज के साथ ऑनलाईन ई- निविदा MPTENDERS Portal पर लॉगइन करें।

जी-25409/25

उपायुक्त
वाणिज्यिक कर
टैक्स ऑडिट विंग भोपाल

पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार


# व्यापार समझौते भारत की वृद्धि को देंगे सहाराः आरबीआई गवर्नर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को कहा कि हाल के व्यापार समझौते बढ़ती वैश्विक अनिश्चितता और भू-राजनीतिक तनाव के बीच भी भारत की आर्थिक वृद्धि और निर्यात को सहारा देंगे। मौद्रिक नीति समिति की बैठक के परिणाम घोषित करते हुए मल्होत्रा ने कहा कि समिति ने रेपो रेट 5.25 प्रतिशत पर यथावत रखने और 'न्यूट्रल' नीति रुख जारी रखने का फैसला किया है। मल्होत्रा ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत स्थिति में है, जिसे स्थिर महंगाई और लगातार वृद्धि का समर्थन मिला है। उन्होंने कहा, बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और अनिश्चितता के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत वृद्धि और कम महंगाई के साथ अच्छी स्थिति में है। उन्होंने कहा कि हाल के व्यापारिक घटनाक्रमों से आने वाली तिमाहियों में वृद्धि मजबूत बनी रहने की संभावना है। यूरोपीय संघ के साथ ऐतिहासिक व्यापार समझौते और अमेरिका के साथ संभावित व्यापार समझौते से विकास की गति लंबे समय तक बनी रहने की उम्मीद है, आरबीआई गवर्नर ने कहा।

उन्होंने कहा कि तकनीकी निवेश, आसान वित्तीय परिस्थितियां और राजकोषीय समर्थन के कारण 2026 में वैश्विक वृद्धि थोड़ी मजबूत रहने की उम्मीद है। हालांकि बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और व्यापारिक टकराव नए जोखिम पैदा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई विकसित अर्थव्यवस्थाओं में महंगाई लक्ष्य से ऊपर बनी हुई है, जिससे विभिन्न देशों की मौद्रिक नीतियों में अंतर देखने को मिल रहा है। राजकोषीय चिंताओं के कारण बॉन्ड बाजार सतर्क हैं, जबकि टेक शेयरों के नेतृत्व में इक्विटी बाजार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछली नीति बैठक के बाद बाहरी चुनौतियां बढ़ी हैं, लेकिन व्यापार समझौतों का सफल समापन आर्थिक परिदृश्य के लिए सकारात्मक है। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि जीएसटी तर्कसंगतीकरण और आसान मौद्रिक परिस्थितियों के कारण शहरी खपत में सुधार और तेज होने की उम्मीद है। उच्च क्षमता उपयोग, तेज बैंक ऋण वृद्धि, अनुकूल वित्तीय परिस्थितियां और इंफ्रास्ट्रक्चर पर सरकार का निरंतर खर्च निवेश गतिविधियों को बढ़ावा देंगे।


MADHYA PRADESH ELECTRICITY REGULATORY COMMISSION
5th Floor, "Metro Plaza", E-5 Arera Colony, Bittan Market, Bhopal-462 016, Phone No: 0755- 2463585, 2430154
Fax No.: 2981055, E-mail :secretary@mperc.nic.in
Website : www.mperc.in
No. MPERC/Secretary/2026/254 Bhopal, Dated : 06.02.2026

ADVERTISEMENT INVITING APPLICATIONS FOR THE POST OF ELECTRICITY OMBUDSMAN

Applications are invited from interested persons for the post of Electricity Ombudsman who have experience and exposure in a specific field like Legal Affairs, Engineering, Industry, Finance, Administration, Management, Defense Service or Consumer Affairs. The Minimum experience required for aforesaid fields is given in the detailed advertisement on the website **www.mperc.in**

Application for the post of Ombudsman in the specified format must be sent to the **Secretary, Madhya Pradesh Electricity Regulatory Commission, 4thFloor Plaza, E-5 Arera Colony, Bhopal–462016**. OR Can be submitted through **E-Mail** with scan copies of all relevant documents to **'recruitmentcell@mperc.in'**. Application format can be obtained in person from the Commission's Office or can be downloaded from Commission's website **www.mperc.in**.

The last date for receipt of application in the Commission's office is **09.03.2026 till 18:00 hrs.**

**Note :- Applicants those who have applied earlier against Advertisement No. 1964 dated 09.10.2025 need not to be applied.**

M.P. Madhyam/124362/2026 SECRETARY

RELIABLE VENTURES INDIA LIMITED
Regd. Off: "Reliable House", A-6, Koh-e-fiza, Indore Road
Bhopal – 462001 (M.P.)

COMPANY NOTICE

In terms of the Reg.47 of SEBI (LODR) Regulation 2015, Notice is hereby given that the Board of Directors of the Company shall meet on Thursday 12th Day of February, 2026 at 4.30 P.M. to consider, inter-alia, and approve financial results of the company for the quarter ended 31st, December, 2025.

The Notice is also available on the website of the Company i.e. 'Noorussabahpalace.com' and BSE website www.bseindia.com.

For Reliable Ventures India Limited
Place: Bhopal Sd/-
Date: 03.02.2026 Director


## प्रथम पृष्ठ का शेष

**मऊगंजः नाबालिग से ...**

पुलिस ने बयान दर्ज कर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। किशोरी को नशीला पदार्थ पिलाकर हैवानियत की गई थी। इस घटना ने एक बार फिर पुलिस व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। घटना सामने आने के बाद से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है और किशोरी का परिवार सदमे मे हैं।

**चारों आरोपियों को किया गिरफ्तारः** घटना के संबंध में किशोरी का बयान लेने के बाद पुलिस ने घटना में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें आरोपियों की पहचान मिंटू उर्फ बेटू जयसवाल पिता रामगोपाल जयसवाल उम्र 24 वर्ष निवासी बारियां कलां थाना मऊगंज, रविनंदन सिंह गौड़ उर्फ गांधी पिता गुलाब सिंह गौड़ उम्र 22 वर्ष निवासी पैगंमा थाना बहरी जिला सीधी, लाला उर्फ नीरज जयसवाल पिता रामदास उम्र 21 वर्ष निवासी उमरी मांधव थाना मऊगंज व शुभाष जयसवाल उर्फ मिथुन पिता श्रवण कुमार जयसवाल उम्र 23 वर्ष निवासी बारियां कलां थाना मऊगंज को गिरफ्तार किया है।


कार्यालय प्राचार्य
PMCOE शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजगढ़

निविदा सूचना

PMCOE शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजगढ़, उच्च शिक्षा विभाग, म.प्र. द्वारा इस महाविद्यालय के लिए पुस्तकालय सामग्रियों के क्रय के लिए ऑनलाइन निविदाए (tenders) निम्न विवरणानुसार आमंत्रित की गई है :-

| क्र. | सामग्री | निविदा क्रमांक | निविदा विज्ञापन दिनांक | निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक | पोर्टल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पुस्तकें | 2026 HED 480438_1 | 05.02.2026 | 28.02.2026 | एम.पी. टेंडर |

इच्छुक प्रदायकर्ता फर्म निविदा विज्ञापन अनुसार निर्धारित समय में ऑनलाइन जेम पोर्टल/एम.पी. टेंडर पोर्टल के माध्यम से जमा की जा सकती है। निविदाओं सम्बन्धी समस्त नियम व शर्तों जेम पोर्टल/एम.पी. टेंडर पोर्टल पर उपलब्ध है।

म.प्र. माध्यम/124363/2026 प्राचार्य

Notice Inviting Tender (Second)
GOVERNMENT OF MADHYA PRDESH
FOREST DEPARTMENT
OFFICE OF THE DIVISIONAL FOREST OFFICER, WEST BETUL

NIT. No /2025-26 /e-tendering/ MPFD/48 Betul Date :-02-/02/2026

Online percentage rate bids for the following works are invited from registered contractors and Firms of repute fulfilling registration criteria:

| S. No. /Pkg/ Code | Name of Work | District(s) | Probable Amount of Contract (Rs. In lakh) | Earnest Money Deposit (EMD) (In Rs.) | Cost of Bid Document | Category of Cont- ractor | Period of Completion |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. |
| 1 | Line Quarter Construction work at Mohda No -01 | West Betul | 48.30 | 145000 | 2000 | Centralised PWD Registration | 03 Months (Including) Rainy Season |

1. All details relating to the Bid Document(s) can be viewed and downloaded free of cost on the website https://mptenders.gov.in
2. Bid Document can be purchased after making online payment of portal fees.
3. At the time of submission of the Bid the eligible bidder shall be required to:
   i) pay the cost of Bid Document;
   ii) deposit the Earnest Money;
   iii) Submit a check list and
   iv) Submit an affidavit.
   Details can be seen in the Bid Data Sheet The Above details are to be submitted online only
4. **ELIGIBILITY FOR BIDDERS :**
   (a) At the time of submission of the Bid the bidder should have valid registration with the Government of Madhya Pradesh, PWD. However, such bidders who are not registered with the Government of Madhya Pradesh and are eligible for registration can also submit their bids after having applied for registration with appropriate authority.
   (b) The bidder would be required to have valid registration at the time of signing of the Contract.
   (c) Failure to sign the contract by the selected bidder, for whatsoever reason, shall result in forfeiture of the earnest money deposit.
5. **Pre-qualification -** Pre qualification conditions, wherever applicable, are given in the Bid Data Sheet.
6. **Special Eligibility -** Special Eligibility Conditions, if any, are given in the Bid Data Sheet.
7. **Pre Bid meeting - A pre bid meeting will be held on Thursday date 09.02.2026 at 11.30 AM in the Office of the Divisional Forest Officer(T) West Betul (M.P)**
8. The Bid Document can be purchased only online from Date 05.02.2026 Time 10.30 AM to Date 18.02.2026 Time 06.00 pm As provided in the portal ( https://mptenders.gov.in)
9. Amendments to NIT, if any, would be published on website only, and not in newspaper

G-25425/25

Divisional Forest Officer
West Betul (T) Division

## टी-20 विश्व कप: अभी तक किसी भी टीम ने अपने खिताब का बचाव नहीं किया, भारत इस इतिहास को बदलने उतरेगा

# क्रिकेट के महासमर में भारत खिताब का सबसे प्रबल दावेदार




जेएनएन, नई दिल्ली

क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप के सबसे बड़े टूर्नामेंट से पहले चर्चा खिलाड़ियों या खेल की नहीं बल्कि मैदान से बाहर की गतिविधियों की ही रही है और शायद राजनीति का इतना असर किसी विश्व कप पर पहले देखने में आया हो। भारत और श्रीलंका में शनिवार से आईसीसी टी-20 विश्व कप शुरू हो रहा है, जिसमें सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली गत चैंपियन भारतीय टीम खिताब की सबसे प्रबल दावेदार है। लेकिन चर्चा खिलाड़ियों या प्रबल दावेदारों पर हो कहां रही है। खेल की राजनीति या राजनीति में खेल का ऐसा नजारा पहली बार देखने को मिला है। भारत में सुरक्षा कारणों का हवाला देकर खेलने से इनकार पर बांग्लादेश टूर्नामेंट से बाहर हो गया। वहीं अपने पड़ोसी के समर्थन में पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ मैच खेलने से इनकार कर दिया। दोनों देशों ने इस संकट के लिए भारत को कसूरवार ठहराया, जिसकी शुरुआत बीसीसीआई के निर्देश पर बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्ताफिजूर रहमान को आईपीएल से बाहर करने पर हुई। बांग्लादेश ने रहमान के बाहर होने को राष्ट्रीय गौरव का मसला बताकर भारत में खेलने से इनकार कर दिया, जिसकी जगह स्कॉटलैंड को टूर्नामेंट में जगह मिली। टूर्नामेंट की एक गेंद भी नहीं फेंकी गई है और आईसीसी तथा प्रसारकों की नजरें संभावित नुकसान पर है, जबकि पाकिस्तान को भी इस फैसले के गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। भारत और पाकिस्तान के विश्व कप मुकाबले हमेशा रोमांचक होते हैं और क्रिकेट की वैश्विक अर्थव्यवस्था में इनका बड़ा योगदान रहता है। मैदान से बाहर की सुर्खियों से इतर खेल पर बात करें तो भारत के लिए चुनौती बहुत कठिन नहीं दिख रही। प्रदर्शन और श्रेष्ठता के मामले में कोई टीम सूर्यकुमार यादव की टीम के मुकाबिल नहीं दिखती। पाकिस्तान शनिवार को कोलंबो में नीदरलैंड से खेलेगा, जिसमें उसकी जीत लगभग तय है।

## यूएसए पर बड़ी जीत के साथ अभियान शुरू करेगा भारत

टूर्नामेंट के पहले दिन भारतीय टीम का सामना संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) के खिलाफ मुंबई में होगा। पिछले कुछ समय से भारत का टी-20 क्रिकेट में जबरदस्त वर्चस्व देखने को मिला है और उसी फॉर्म को जारी रखते हुए टीम अगले एक महीने में इतिहास बनाने के प्रयास में रहेगी। दूसरी तरफ यूएसए की टीम एक बड़े उलटफेर की ताक में होगी और मुंबई में उनके पास भारत के खिलाफ मुंबई के भी दो खिलाड़ी रहेंगे। यूएसए की टीम में सिर्फ चार ऐसे खिलाड़ी हैं, जिनका जन्म वहीं हुआ हो और वह भी वहां के प्रवासियों के ही बच्चे हैं। इसके अलावा 11 खिलाड़ी विदेशी मूल के हैं। उन 11 में से तीन खिलाड़ियों का जन्म पाकिस्तान में हुआ था। कप्तान मोनांक पटेल के अलावा चार और खिलाड़ियों का जन्म भारत में हुआ था।



### राणा बाहर, सिराज टीम में

भारत के युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा को घुटने की चोट के कारण विश्व कप से बाहर होना पड़ा। उनकी जगह मोहम्मद सिराज को टीम में शामिल किया है। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने इससे पहले स्वीकार किया था कि इस 24 साल के गेंदबाज की स्थिति अच्छी नहीं लग रही। सूत्रों के अनुसार राणा की जगह टीम में साथी तेज गेंदबाज सिराज को शामिल किया गया है।

**भारत:** इशान किशन (विकेटकीपर), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव (कप्तान), हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, रिंकू सिंह, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती।

**यूएसए:** साई तेजा मुक्कमल्ल, ऐंड्रियस गौस, शयन जहांगीर, मोनांक पटेल (कप्तान), मिलिंद कुमार, हरमीत सिंह, शुभम रांजने, मोहम्मद मोहसिन, शैडली वान शाल्कविक, सौरभ नेत्रवलकर, अली खान

### पिच और परिस्थितियां

भारत के पश्चिमी तट पर अधिकतम 35 डिग्री तापमान देखने को मिल रहा है, लेकिन शाम में मौसम सुहावना हो सकता है। अगर मौसम के कारण शाम के बाद ओस आता है तो फिर वानखेड़े स्टेडियम में एक बड़ा स्कोर वाला मुकाबला देखने को मिल सकता है। यहां टीमों की नजर ओस पर जरूर रहेगी, क्योंकि उससे मैच का परिणाम बदल सकता है।

"यह एक अतिरिक्त फायदा है कि आपके पास इतने अच्छे गेंदबाज उपलब्ध हैं। लेकिन साथ ही टीम संयोजन भी देखना होता है कि किस प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाफ किसे खिलाया जाए। अगर जरूरत होगी कि हम दो स्पिनर या दो कलाई के स्पिनर को खिला सकते हैं, तो हम निश्चित रूप से ऐसा करेंगे। लेकिन वरुण और कुलदीप जैसे विकल्प होना हमेशा अच्छा होता है। ये बेहतरीन स्पिनरों में से हैं और यह एक बहुत अच्छा सरदर्द है। यह भी कहा कि टीम के पास दाएं हाथ के बल्लेबाजों की तुलना में बाएं हाथ के बल्लेबाज ज्यादा होना भी एक अच्छी परेशानी है। किशन के अभिषेक के साथ पारी की शुरुआत करने की उम्मीद है। किसी भी दिन, चाहे स्पिनर गेंदबाजी कर रहा हो या तेज गेंदबाज, और चाहे दो बाएं हाथ के बल्लेबाज हों या दो दाएं हाथ के बल्लेबाज, आपका काम वही करना होता है, जो टीम के लिए सबसे बेहतर हो।

- **सूर्यकुमार यादव**, कप्तान, भारत

## टी-20 विश्व कप से जुड़ी जानकारियां

**मेजबानी:** भारत और श्रीलंका इस टूर्नामेंट की सह मेजबानी करेंगे। 2012 के बाद यह पहली बार है, जब श्रीलंका किसी आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा। भारत ने सबसे पहले 1987 में वनडे विश्व कप की मेजबानी की थी। उसके बाद उन्होंने 1996, 2007, 2011 और 2023 में वनडे विश्व कप की मेजबानी की। अगर सिर्फ टी-20 विश्व कप की बात करें तो 2016 के बाद भारत में यह दूसरा आयोजन है।

**स्टेडियम:** यह विश्व कप कुल आठ स्टेडियमों में खेला जाएगा। चेन्नई का एमए चिदंबरम स्टेडियम, नई दिल्ली का अरुण जेटली स्टेडियम, मुंबई का वानखेड़े स्टेडियम, कोलकाता का ईडेन गार्डंस, अहमदाबाद का नरेंद्र मोदी स्टेडियम, कोलंबो का आर प्रेमदासा स्टेडियम, कोलंबो का सिंगलीज स्पोर्ट्स क्लब क्रिकेट ग्राउंड और कैंडी का पल्लेकेल इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में मैच आयोजित किए जाएंगे।

**20 टीमें चार ग्रुप में:** 2024 में टूर्नामेंट के विस्तार के बाद एक बार फिर टी-20 विश्व कप में 20 टीमें हिस्सा ले रही हैं। मेजबान भारत और श्रीलंका को सीधे क्वालिफिकेशन मिला है। 2024 संस्करण में सुपर 8 तक पहुंचने वाली सात टीमों ने भी स्वतः क्वालिफाई किया, इसमें अफगानिस्तान, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, यूएसए और बांग्लादेश की टीमें शामिल हैं। शेष तीन स्थान टी-20 रैंकिंग के आधार पर न्यूजीलैंड, पाकिस्तान और आयरलैंड को मिले। इसके बाद आठ स्थान शेष रह गए। इटली और नीदरलैंड्स ने यूरोपीय क्वालिफायर, कनाडा ने अमेरिका क्वालिफायर, नेपाल, ओमान और यूएई ने एशिया क्वालिफायर से क्वालिफाई किया। नामीबिया और जिम्बाब्वे अफ्रीका क्षेत्र क्वालिफाई करने वाली दो टीमें रहीं। बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को मौका दिया गया।

**2026 का फॉर्मेट:** 20 टीमों को पांच-पांच टीमों के चार ग्रुप में बांटा गया है। हर टीम अपने ग्रुप की बाकी टीमों के खिलाफ एक मैच खेलेगी। हर ग्रुप की शीर्ष दो टीमें सुपर 8 में पहुंचेंगी। वहां चार-चार टीमों के दो ग्रुप होंगे। इन ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में प्रवेश करेंगी।

**ग्रुप ए** भारत, नामीबिया, नीदरलैंड, पाकिस्तान, अमेरिका
**ग्रुप बी** ऑस्ट्रेलिया, आयरलैंड, ओमान, श्रीलंका, जिम्बाब्वे
**ग्रुप सी** इंग्लैंड, इटली, नेपाल, स्कॉटलैंड, वेस्टइंडीज
**ग्रुप डी** अफगान, कनाडा, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, यूएई

■ हर टाई मैच का फैसला सुपर ओवर से होगा। अगर सुपर ओवर भी टाई रहता है, तो एक और सुपर ओवर खेला जाएगा। यह सिलसिला तब तक चलेगा जब तक नतीजा नहीं निकल जाता।

## ऑस्ट्रेलिया को एक और झटका हेजलवुड टी-20 विश्व कप से बाहर



**मेलबर्न, जेएनएन।** अपने प्रमुख खिलाड़ियों की फिटनेस समस्याओं से जूझ रही ऑस्ट्रेलियाई टीम को करारा झटका लगा, जब स्टार तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड हैमस्ट्रिंग चोट से समय पर उबर नहीं पाने के कारण टी-20 विश्व कप से बाहर हो गए। ऑस्ट्रेलिया उनके विकल्प की घोषणा नहीं करेगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने पहले कहा था कि हेजलवुड टूर्नामेंट के बीच में या आखिर में टीम से जुड़ेंगे। चयनकर्ता टोनी डोडेमेड ने कहा कि हमें उम्मीद थी कि जोश सुपर आठ चरण तक फिट हो जाएंगे, लेकिन ताजा संकेत मिले हैं कि उसे फिट होने में समय लगेगा और जल्दबाजी करना जोखिमभरा हो सकता है। ग्रुप चरण में नाथन हिल्स और टिम डेविड उपलब्ध हो जाएंगे, जबकि एडम जम्पा पहला मैच खेलेंगे। इससे पहले तेज गेंदबाज पैट कमिंस भी कमर की चोट के कारण पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे, जिनकी जगह बेन ड्वारशुइस ने ली। मिचेल स्टार्क टी-20 क्रिकेट को पहले ही अलविदा कह चुके हैं।

## सैय्यद शकील मोहम्मद क्रिकेट में मीडिया इलेवन ने आईपीएस को 10 रन से हराया



**भोपाल, खेप्र।** मीडिया इलेवन ने पांचवें सैय्यद शकील मोहम्मद ऑल इंडिया क्रिकेट टूर्नामेंट के ओपनिंग मुकाबले में आईपीएस इलेवन को 10 रन से हराया। बाबेअली क्रिकेट मैदान पर मीडिया इलेवन ने प्रदीप भट्ट (64) और पीसी रजक (25) की पारियों की बदौलत 177 रन बनाए। जवाब में आईपीएस 167 रन बना पाई। रवि (71) ने अर्धशतक जड़ा। अंकुर ने 34 और अकील के 24 रन बनाए। प्रभात शुक्ला ने तीन विकेट लिए। इससे पहले टूर्नामेंट का शुभारंभ डीआईजी रियाज इकबाल, लोकायुक्त एसपी दुर्गेश राठौर, डीएसपी आशीष भट्टाचार्य, बीडीसीए के उपाध्यक्ष जुनेद किदवई, सुशील सिंह ठाकुर, सेंट माइकल क्रिकेट अकादमी की ऑनर हिबा शकील और आयोजन समिति के अध्यक्ष सैय्यद अयान शकील ने किया।

## नर्मदापुरम ने भोपाल को 187 रन से हराया

**भोपाल, खेप्र।** नर्मदापुरम डिवीजन ने एमवाय मेमोरियल ट्रॉफी सीनियर बॉयज इंटर डिविजनल क्रिकेट टूर्नामेंट में भोपाल को 187 रन से शिकस्त दी। एमपीसीए मैदान पर नर्मदापुरम दूसरी पारी में 72.2 ओवर में 253 रन पर ऑलआउट हो गई और भोपाल को 317 रन का लक्ष्य दिया। आर्यन देशमुख ने 41 और हिमांशु शिंदे 27 रन बनाए। भोपाल के पृथ्वीराज तोमर और पवन निर्वानी ने 3-3 विकेट लिए। भोपाल दूसरी पारी में 45.3 ओवर में 130 रन बना पाई। प्रारब्ध मिश्रा ने सर्वाधिक 65 रन बनाए। नर्मदापुरम के रित्विक दीवान ने सात और हिमांशु ने 2 विकेट लिए।

## रिकॉर्ड स्कोर बनाने के बाद बड़ी जीत के साथ भारत बना चैंपियन

### अंडर-19 विश्व कप
### वैभव सूर्यवंशी की यादगार पारी से टीम इंडिया ने इंग्लैंड को हराया

जेएनएन, हरारे

भारतीय टीम ने हरारे में इंग्लैंड को 100 रनों से हराते हुए छठी बार अंडर-19 विश्व कप का खिताब अपने नाम किया। 10वीं बार फाइनल में पहुंची भारतीय टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए सूर्यवंशी के शतक से नौ विकेट पर 411 रन का रिकॉर्ड स्कोर खड़ा किया। यह यूथ वनडे में किसी पूर्ण सदस्य देश के खिलाफ पहला 400 से अधिक टोटल था। इंग्लैड की टीम कालेब फाल्कोनर (115) के शतक और बेन डॉकिन्स (66) के अर्धशतक के बावजूद 40.2 ओवर में 311 रन ही बना सकी। यह अंडर-19 विश्व कप फाइनल में रनों के अंतर से सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने 2024 में भारत को 79 रन से हराया था। सूर्यवंशी ने यह पारी तब खेली जब इसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी। उन्होंने सिर्फ 32 गेंद में अर्धशतक पूरा किया और इसी अंदाज में खेलते हुए दूसरा अर्धशतक सिर्फ 23 गेंद में बना लिया। उनकी 175 रन की पारी में से 150 रन सिर्फ बाउंड्री से ही आए। अब उनके नाम युवा वनडे पारी में सर्वाधिक छक्के लगाने का रिकॉर्ड है। उन्होंने दिसंबर में दुबई में यूएई के खिलाफ अपने ही 14 छक्कों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। सूर्यवंशी के 100 से 150 रन तक पहुंचने के दौरान दूसरे छोर पर खड़े वेदांत त्रिवेदी ने सिर्फ चार गेंदों का सामना किया। सूर्यवंशी की बल्लेबाजी इतनी जबरदस्त थी कि आधे मैच तक भारत का रन रेट लगभग 10 था और उस चरण पर टीम का अनुमानित स्कोर 500 था।




■ वैभव की 175 रनों की पारी यूथ वनडे में किसी भी फाइनल या नॉकआउट मैच का सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर है। इससे पहले का सर्वश्रेष्ठ स्कोर 172 रन था, जो पाकिस्तान के समीर मिन्हास ने भारत अंडर-19 टीम के खिलाफ हालिया एशिया कप फाइनल में बनाया था। यह आईसीसी टूर्नामेंट के किसी भी फाइनल में (अंडर-19 और सीनियर स्तर मिलाकर) बनाया गया सबसे बड़ा स्कोर भी है। रिकॉर्ड एलिसा हीली के नाम था, जिन्होंने 2022 के महिला वनडे विश्व कप फाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 170 रन बनाए थे।

■ सूर्यवंशी का 55 गेंदों में शतक अंडर-19 विश्व कप का दूसरा सबसे तेज शतक भी है। उनसे आगे केवल विल मलाजचुक हैं, जिन्होंने इस टूर्नामेंट में जापान के खिलाफ 51 गेंदों में शतक लगाया था। कुल मिलाकर, यह यूथ वनडे में पांचवां और भारत के लिए दूसरा सबसे तेज शतक है।

■ सूर्यवंशी ने 25 पारियों में 110 छक्के लगाए हैं, जो किसी भी अन्य बल्लेबाज का कम से कम दोगुना है। दूसरे नंबर पर जावाद अबरार (55) हैं। इनमें से 30 छक्के उन्होंने इसी टूर्नामेंट में लगाए हैं, जिससे वह अंडर-19 विश्व कप के इतिहास में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड डेवॉल्ड ब्रेविस के नाम था, जिन्होंने 2022 संस्करण में 18 छक्के लगाए थे। यह फिन ऐलन (2016 और 2018 में मिलाकर 18 छक्कों) के साथ संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा था।

### स्कोर बोर्ड

**भारत: 411/9 (50 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| आरोन जॉर्ज का. मेयेस बो. ग्रीन | 9 | 11 | 2 | 0 |
| सूर्यवंशी का. रियू बो. लम्सडेन | 175 | 80 | 15 | 15 |
| आयुष म्हात्रे का. मेयेस बो. ग्रीन | 53 | 51 | 7 | 2 |
| वेदांत त्रिवेदी का. मेयेस बो मिंटो | 32 | 36 | 3 | 0 |
| मल्होत्रा का. डॉकिन्स बो. मिंटो | 30 | 36 | 2 | 0 |
| अभिज्ञान का. अलबर्ट बो. मोर्गन | 40 | 31 | 6 | 1 |
| आरएस अंबरीश बो. मिंटो | 18 | 24 | 2 | 0 |
| कनिष्क चौहान नाबाद | 37 | 20 | 3 | 1 |
| खिलन का. मूर्स बो. मोर्गन | 3 | 4 | 0 | 0 |
| हेनिल पटेल रनआउट | 5 | 7 | 0 | 0 |
| दीपेश देवेंद्रन नाबाद | 0 | 0 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त:** 9, **कुल:** 50 ओवर में नौ विकेट पर 411 रन, **विकेट पतन:** 1-20, 2-162, 3-251, 4-302, 5-308, 6-359, 7-367, 8-375, 9-393, **गेंदबाजी:** सेबेस्टियन मोर्गन 9-0-74-2, एलेक्स ग्रीन 5-0-49-2, मैनी लम्सडेन 8-0-81-1, जेम्स मिंटो 8-0-63-3, फरहान अहमद 10-0-77-0, राल्फी अलबर्ट 10-0-66-0.

**इंग्लैंड: 311/10 (40.2 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| डॉकिन्स का. खिलन बो. म्हात्रे | 66 | 56 | 7 | 2 |
| जोसेफ मूर्स बो. अमब्रिश | 17 | 16 | 4 | 0 |
| मेयस का. हेनिल बो. खिलन | 45 | 28 | 7 | 2 |
| रियू का. म्हात्रे बो. कनिष्क | 31 | 18 | 4 | 1 |
| फॉक्नर का. खिलन बो. कनिष्क | 115 | 67 | 9 | 7 |
| राल्फी एलबर्ट रनआउट | 0 | 2 | 0 | 0 |
| अहमद का. कुंडु बो. देवेंद्रन | 1 | 2 | 0 | 0 |
| मिंटो का. एनान बो. अमब्रिश | 0 | 2 | 1 | 0 |
| लम्सडेन का. वेदांत बो. अमब्रिश | 3 | 10 | 0 | 0 |
| एलेक्स ग्रीन नाबाद | 0 | 0 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त:** 5, **कुल:** 40.2 ओवर में 311 रन पर सभी आउट, **विकेट पतन:** 1-19, 2-93, 3-142, 4-174, 5-174, 6-177, 7-177, 8-269, 9-281, 10-311, **गेंदबाजी:** अमब्रिश 9-1-56-3, हेनिल 4-2-28-0, दीपेश 6-0-64-2, खिलन 8-0-66-1, कनिष्क 8.2-0-63-2, म्हात्रे 5-0-31-1.

## बीएटीसी: भारत की पुरुष टीम कोरिया से हारी, महिला टीम खिताब बचाने में नाकाम

**किंगदाओ, जेएनएन।** भारत की महिला टीम का खिताब बचाने का सफर बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को चीन की दूसरे दर्जे की टीम से मिली 0-3 की हार के बाद निराशाजनक तरीके से खत्म हो गया, जबकि पुरुष टीम को कोरिया से 1-3 से हार मिली। भारतीय महिला टीम ने 2024 में इस टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा था, लेकिन इस बार पीवी सिंधू के नहीं खेलने से भारत की संभावनाओं को धक्का लगा।

टूर्नामेंट में इससे पहले दो मैच जीत चुकी दुनिया की 42वें नंबर की खिलाड़ी तन्वी शर्मा दसवीं रैंकिंग वाली चीनी खिलाड़ी गाओ फांग जि से एकतरफा मुकाबले में 9-21, 9-21 से हार गई। गायत्री गोपीचंद और त्रिसा जॉली की जोड़ी ने जुझारू खेल दिखाया, लेकिन दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी जिया यि फान और झांग शू शियान से 22-24, 18-21 से पराजय का सामना करना पड़ा। भारत ने टूर्नामेंट के पहले मुकाबले में म्यामांर को 5-0 से हराया था, लेकिन थाईलैंड से 2-3 से हार गई थी। वहीं लक्ष्य सेन और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी के बिना टीम कोरिया के सामने टिक नहीं पाई। आयुष शेट्टी को शुरुआती पुरुष एकल में दुनिया के नंबर 74 यू ताए बिन से 84 मिनट के मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा जिससे भारत 0-1 से पीछे हो गया। चिराग शेट्टी ने हरिहरन अमसाकरुणन के साथ जोड़ी बनाई, लेकिन वे सॉन्ग ह्यून चो और किम वोन हो से 11-21, 13-21 से हार गए। विश्व चैंपियनशिप के पूर्व रजत पदक विजेता किदांबी श्रीकांत ने दूसरे एकल में दुनिया के 109वें नंबर के खिलाड़ी चोई जी हूं पर 21-15, 21-16 से जीत हासिल करके भारत को उम्मीद की एक किरण दिखाई।

## रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल: यशस्वी जायसवाल मुशीर और सिद्धेश फ्लॉप, मुंबई 120 पर सिमटी

**मुंबई, जेएनएन।** कर्नाटक ने शुक्रवार को रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल के पहले दिन मुंबई के खिलाफ अपनी स्थिति काफी मजबूत कर ली। मुंबई का पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय उल्टा पड़ गया, क्योंकि कर्नाटक के गेंदबाजों ने मेजबान टीम की बल्लेबाजी को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया। तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा (21 रन पर तीन विकेट) और विद्वथ कावेरप्पा (38 रन पर तीन विकेट) तथा लेग स्पिनर श्रेयस गोपाल (चार रन पर तीन विकेट) ने तीन-तीन विकेट लेकर मुंबई को 48.1 ओवर में 120 रन पर आउट कर दिया। दिन का खेल खत्म होते समय कर्नाटक ने दो विकेट पर 110 रन बना लिए। वह मुंबई से अब सिर्फ 10 रन पीछे हैं और उसके आठ विकेट बचे है। मयंक अग्रवाल 81 गेंदों पर 54 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद है। मुंबई की शुरुआत कमजोर रही। यशस्वी जायसवाल (5), मुशीर खान (1) और सिद्धेश लाड (12) के रूप में टीम ने 14 ओवर में 39 रन तक तीन विकेट गंवा दिए। सलामी बल्लेबाज अखिल हेरवाडकर (138 गेंदों पर 60 रन) ने अकेले दम पर संघर्ष किया। मुंबई ने 50 रन के अंदर सात विकेट गंवा दिए। कर्नाटक के लिए केएल राहुल (28) और मयंक ने शुरुआती पांच ओवरों में ही 33 रन जड़ दिए।

## मप्र ने जम्मू-कश्मीर को 194 रन पर समेटा

**इंदौर, जेएनएन।** तेज गेंदबाज कुलदीप सेन (66 रन देकर पांच विकेट) के करियर के चौथे पांच विकेट से मध्यप्रदेश ने जम्मू-कश्मीर को महज 194 रन पर आउट कर दिया। स्पिनर कुमार कार्तिकेय (36 रन पर तीन विकेट) ने मध्य क्रम को परेशान किया। मप्र ने दिन का खेल खत्म होने तक बिना किसी नुकसान के 28 रन बना लिए थे। हर्ष गवली आठ और यश दुबे 14 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद है। जम्मू-कश्मीर के शुभम खजूरिया (140 गेंदों में 60) ने टीम को संभाला।

## संक्षिप्त समाचार

### जकाती पर महिला ने लगाए गंभीर आरोप



**मेरठ, जेएनएन।** 10 रुपये वाला बिस्कुट कितने का है जी जैसी रील से मशहूर हुए मेरठ के इन्फ्लुएंसर शादाब जकाती एक बार फिर गंभीर आरोपों के घेरे में हैं। इस बार झारखंड की एक महिला ने उन पर शोषण, बंधक बनाकर रखने, मारपीट और जान से मारने की धमकी जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला का कहना है कि रील और मोटिवेशनल वीडियो के नाम पर शादाब ने उसकी जिंदगी पूरी तरह से बर्बाद कर दी। पीड़िता चांदनी उर्फ तबस्सुम ने बताया कि वह वर्ष 2017 में झारखंड से मेरठ आई थी। उसने मुजफ्फरनगर निवासी युवक सोनू प्रजापति से प्रेम विवाह किया था।

### क्रिकेटर रिंकू सिंह का फेसबुक अकाउंट हैक



**अलीगढ़, जेएनएन।** भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह का फेसबुक अकाउंट हैक होने का मामला सामने आया है। साइबर ठगों ने उनके आधिकारिक फेसबुक अकाउंट की ईमेल आईडी बदल दी और अकाउंट के मोनेटाइजेशन से होने वाली आय को अपने खाते में ट्रांसफर कर लिया। इस मामले में रिंकू सिंह के भाई सोनू की शिकायत पर अलीगढ़ के साइबर क्राइम थाने में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। रिंकू सिंह के फेसबुक अकाउंट पर करीब 16 लाख फॉलोअर्स हैं और यह मोनेटाइज है।

### आप नेता की सिर-सीने में गोली मारकर हत्या



**जालंधर, जेएनएन।** पंजाब के जालंधर में सत्ताधारी आम आदमी पार्टी के नेता सतिंदर पाल सिंह जोगी उर्फ लक्की ओबरॉय की 6 फरवरी की सुबह सरेआम गोलियां मारकर हत्या कर दी गई। वे 53 साल के थे। स्कूटी पर आए दो युवकों ने उन्हें 6 गोलियां मारीं। इनमें से 5 गोलियां ओबरॉय के सीने और एक सिर में लगी। लक्की ओबरॉय जालंधर के पॉश एरिया, मॉडल टाउन इलाके में गुरुद्वारे में माथा टेकने आए थे। जैसे ही वे गुरुद्वारे से निकलकर अपनी थार गाड़ी में बैठने लगे तो बदमाशों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोलियां चलते हुए का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है।

# चेतावनी: अमेरिका ने नागरिकों से कहा जल्द से जल्द ईरान छोड़ें

## स्थितियां बेहद खराब, अपने निकलने का प्लान खुद बनाएं, सहायता बहुत सीमित

**वॉशिंगटन डीसी/तेहरान, जेएनएन।** अमेरिका ने ईरान में रह रहे अपने नागरिकों को तुरंत देश छोड़ने की सख्त चेतावनी दी है। वर्चुअल अमेरिकी दूतावास ने कहा है कि देश में सुरक्षा की स्थिति बेहद खराब हो गई है। बढ़ती अशांति, पाबंदियां और यात्रा में रुकावटें लोगों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन रही हैं। एम्बेसी ने साफ कहा है कि जल्द से जल्द ईरान छोड़ दें। अपने निकलने का प्लान खुद बनाएं और इसमें अमेरिकी सरकार की मदद पर भरोसा न करें। मौजूदा हालात में आधिकारिक सहायता बेहद सीमित है। ईरान में देशव्यापी विरोध प्रदर्शन और अशांति के कारण सुरक्षा व्यवस्था सख्त हो गई है। सड़कें बंद हैं, सार्वजनिक परिवहन ठप है, इंटरनेट और मोबाइल-लैंडलाइन सेवाएं बार-बार बाधित हो रही हैं। कई एयरलाइंस ने ईरान आने-जाने वाली उड़ानों को सीमित या रद्द कर दिया है, जिससे बाहर निकलना और भी मुश्किल हो गया है। इस बीच अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु वार्ता आज ओमान की राजधानी मस्कट में शुरू हो रही है।




### दोहरी नागरिकता वालों को ज्यादा खतरा

अमेरिकी चेतावनी में कहा गया है कि अगर तुरंत निकलना संभव न हो तो सुरक्षित जगह पर रहें। वहां खाना, पानी, दवाइयां और जरूरी सामान का स्टॉक रखें। इंटरनेट ब्लैकआउट जारी रहने की संभावना है, इसलिए परिवार और दोस्तों से संपर्क के लिए दूसरे तरीके सोचें। अमेरिकी एम्बेसी ने अमेरिका-ईरान की दोहरी नागरिकता रखने वाले लोगों के लिए ज्यादा खतरा बताया है। ईरान दोहरी नागरिकता को मान्यता नहीं देता, इसलिए ऐसे लोग ईरानी पासपोर्ट से ही बाहर निकल सकते हैं।

### बातचीत नाकाम हुई तो ताकत का इस्तेमाल करेंगे

ओमान में होने वाली हाई-लेवल वार्ता से पहले व्हाइट हाउस ने कहा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प कूटनीति के पक्ष में हैं, लेकिन अगर बातचीत नाकाम होती है तो ताकत का इस्तेमाल करने के लिए भी तैयार हैं।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलाइन लेविट ने गुरुवार को पत्रकारों से कहा कि ट्रम्प ओमान में होने वाली बातचीत में देखना चाहते हैं कि क्या कोई समझौता हो सकता है। साथ ही उन्होंने ट्रम्प की मांग दोहराई कि ईरान के पास जीरो परमाणु क्षमता होनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी भी दी कि अगर बातचीत से नतीजा नहीं निकला तो राष्ट्रपति के पास कई विकल्प मौजूद हैं।

### अमेरिका और रूस सैन्य संवाद पर सहमत





उधर अमेरिका और रूस ने वीरवार को चार वर्ष से अधिक समय बाद उच्च स्तरीय सैन्य संवाद फिर से स्थापित करने पर सहमति जताई। इसे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दोबारा सत्ता में लौटने और यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने के प्रयासों के बीच दोनों देशों के रिश्तों में नरमी का एक और संकेत माना जा रहा है। मॉस्को और वाशिंगटन के बीच बढ़ते तनाव के चलते फरवरी 2022 में यूक्रेन पर रूस के आक्रमण से पहले, 2021 के अंत में उच्चस्तरीय सैन्य संपर्क निलंबित कर दिया गया था। इसके बाद ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल के चुनाव अभियान में युद्ध को शीघ्र समाप्त करने का वादा किया था। शांति को लेकर उनके कई प्रस्तावों को रूस के पक्ष में माना गया है, जिनमें यूक्रेन से रूस को क्षेत्र सौंपने की शर्त भी शामिल है। अमेरिकी यूरोपीय कमांड ने एक बयान में कहा कि बहाल किया गया यह संपर्क स्थायी शांति की दिशा में काम जारी रहने के दौरान दोनों पक्षों के बीच निरंतर सैन्य संवाद उपलब्ध कराएगा।

### दुनिया में सबसे तेज भारत का ब्यूटी मार्केट

## 2030 तक 3.6 लाख करोड़ का होगा कारोबार

देश का ब्यूटी एंड पर्सनल केयर (बीपीसी) मार्केट करवट ले रहा है। जो सेक्टर अब तक घरेलू नुस्खों, सीमित खर्च और पारंपरिक दुकानों तक सिमटा था, वह 2030 तक 3.6 लाख करोड़ रुपए (40 अरब डॉलर) तक पहुंच सकता है। तब भारत दुनिया का चौथा बड़ा बीपीसी मार्केट होगा। अभी यह बाजार 2 लाख करोड़ रुपए (23 अरब डॉलर) का है और इस हिसाब से भारत पांचवें स्थान पर है। अमेरिका, चीन, जापान और ब्राजील भारत से आगे हैं। रेडसीर स्ट्रैटजी कंसल्टेंट्स की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में बीपीसी मार्केट सालाना 12 प्रतिशत कम्पाउंडेड रेट से बढ़ रहा है।

**02** लाख करोड़ का बीपीसी कारोबार
**12%** कंपाउंड दर से बढ़ रहा है कारोबार
**3.6** लाख करोड़ हो जाएगा 20230 तक

### जेन जी देंगे बीपीसी मार्केट को रफ्तार

**32%** हिस्सेदारी थी 2024 तक जेन जी की
**50%** हिस्सा जेन जी का होगा 2025 तक
**50%** भागीदार होंगे 2005 में बने ब्रांड
**9100** करोड़ आय वाले ब्रांड 2030 तक होंगे दोगुना



ब्यूटी-पर्सनल केयर पर खर्च में 50 प्रतिशत हिस्सा 29 साल तक के युवाओं का होगा बीपीसी प्रोडक्ट्स पर खर्च के मामले में जेन अल्फा (0-15 साल) और जेन जी (14-29 साल) मिलेनियल्स (30-45 साल) को पीछे छोड़ देंगे। इससे 1.8 लाख करोड़ रुपए का उपभोक्ता समूह बनेगा। 2024 तक बीपीसी पर खर्च में इस एज ग्रुप की 32 प्रतिशत हिस्सेदारी थी, जो 2030 तक 50 प्रतिशत तक हो सकती है। जेन-जी और अल्फा पीढ़ी (1997 के बाद जन्मे) बीपीसी बाजार को नई रफ्तार देंगी। 2030 तक ये 1.52 अरब की आबादी का 53 प्रतिशत होंगे, 50 प्रतिशत बीपीसी पर खर्च करेंगे।

## दिल्ली जल बोर्ड के गड्ढे में गिरे युवक की मौत, तीन सस्पेंड

**नई दिल्ली,जेएनएन।** वेस्ट दिल्ली के जनकपुरी इलाके में दिल्ली जल बोर्ड की कंस्ट्रक्शन साइट पर खोदे गए 15 फीट गहरे गड्ढे में गिरने से एक मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गई। हादसा गुरुवार देर रात को हुआ। मृतक की पहचान कैलाशपुरी निवासी कमल भयानी (25) के रूप में हुई है, जो एक प्राइवेट बैंक के कॉल सेंटर में काम करता था। सुबह करीब 8 बजे पीसीआर कॉल मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के मुताबिक गड्ढा दिल्ली जल बोर्ड ने कंस्ट्रक्शन के लिए खोदा था और सड़क कुछ दिनों से बंद थी। कैबिनेट मंत्री परवेश साहिब सिंह वर्मा ने कहा कि दिल्ली जल बोर्ड के तीन अधिकारियों को सस्पेंड किया गया है। इनमें एग्जीक्यूटिव इंजीनियर, असिस्टेंट इंजीनियर और जूनियर इंजीनियर शामिल हैं। साथ ही प्रोजेक्ट कंपनी पर कार्रवाई होगी और दिल्ली जल बोर्ड पीड़ित परिवार को मुआवजा देगा। मृतक के जुड़वां भाई करण ने बताया- हम तीन भाई हैं और हम दोनों जुड़वां हैं। हम कल रात से उसे ढूंढ रहे थे, अलग-अलग इलाकों में घूम रहे थे। हम 7-8 पुलिस स्टेशन गए, लेकिन किसी ने हमारी मदद नहीं की और शिकायत भी दर्ज नहीं की।



### मणिपुर में हालात बेकाबू कई इलाकों में शटडाउन



**इंफाल, जेएनएन।** मणिपुर में कुकी-जो-हमार समुदाय से जुड़े विधायकों के राज्य सरकार में शामिल होने के विरोध में शुक्रवार को हालात बेकाबू हो गए। चुराचांदपुर, कांगपोकपी और तेंगनौपाल जिलों में हजारों लोगों ने रैलियां निकालीं। चुराचांदपुर में प्रदर्शन हिंसक हो गया, जिसके बाद प्रशासन ने प्रभावित इलाकों में पूर्ण शटडाउन लागू कर दिया। इस बीच, आदिवासी संगठन जॉइंट फोरम ऑफ सेवन ने कुकी-बहुल चुराचांदपुर में शुक्रवार सुबह 6 बजे से 12 घंटे के बंद का आह्वान किया। हालात को और तनावपूर्ण बनाते हुए कुछ संगठनों ने बेहद भड़काऊ घोषणा की। इसमें डिप्टी सीएम नेमचा किपगेन की हत्या करने वाले को 20 लाख रुपए, जबकि विधायकों एलएम खाउते और एन सनाटे की हत्या करने वाले को 10-10 लाख रुपए इनाम देने का ऐलान किया गया।

### एपस्टीन की नई फाइलों में दरिंदगी का खुलासा

## लड़कियों को जबरन प्रेग्नेंट कराया यौन संबंधों के दौरान गला घोंटा

**वॉशिंगटन डीसी, जेएनएन।** जेफ्री एपस्टीन से जुड़े मामलों में एक बार फिर गंभीर और चौंकाने वाले आरोप सामने आए हैं। अमेरिका के जस्टिस डिपार्टमेंट ने हाल ही में नई फाइलें जारी कीं, जिनमें नाबालिग लड़कियों और महिलाओं से दरिंदगी का खुलासा हुआ है। एक फाइल के अनुसार, दो विदेशी महिलाओं की मौत यौन संबंधों के दौरान गला घोंटे जाने से हुई थी। बाद में एपस्टीन के एक कर्मचारी ने इन्हें न्यू मैक्सिको स्थित फार्म हाउस 'जोरो रैंच' में दफना दिया। एक अन्य फाइल की जानकारी अनुसार, एक नाबालिग लड़की ने खुद को 'ह्यूमन इन्क्यूबेटर', यानी अंडे सहेजने वाली मानव मशीन की तरह इस्तेमाल करने का दावा किया है। ईमेल के अनुसार, जोरो रैंच में लड़कियों को लंबे समय तक बंद रखा गया और उनसे जबरन गर्भधारण कराया गया। बच्चे पैदा कराए गए।



### फाइलों से नहीं हटे पीड़ितों के नाम-तस्वीरें

इस मामले से जुड़ी जांच फाइलों में न्याय विभाग की ओर से लापरवाही ठीक करने के दावों के बावजूद कई पीड़ितों की जानकारी और तस्वीरें अब भी सार्वजनिक हैं। ऐसी फाइलों में पीड़ितों की पहचान काले निशान लगाकर छिपाई जाती है। नाबालिग पीड़ितों की तस्वीरें और फोन नंबर भी सामने आ गए। विभाग ने गलती मान ली है।

### कश्मीर पाकिस्तान का हिस्सा बनेगा यह हमारी लाइफ लाइन: शहबाज



**इस्लामाबाद, जेएनएन।** पाक के पीएम शहबाज ने पीओके में कश्मीर को लेकर एक बार फिर विवादित बयान दिया है। मुजफ्फराबाद में विधानसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, 'कश्मीर पाकिस्तान का हिस्सा बनेगा।' शहबाज शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान कश्मीरियों के साथ मजबूती से खड़ा है और जम्मू-कश्मीर विवाद का हल कश्मीर के लोगों की इच्छा के मुताबिक होना चाहिए। शहबाज ने कहा कि जम्मू-कश्मीर विवाद का समाधान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों को लागू करने से ही हो सकता है। 'मैं पाकिस्तानी लोगों और पाकिस्तानी नेतृत्व की ओर से कश्मीर के अपने भाइयों के साथ एकजुटता दिखाने आया हूं।







## "ट्वीट ऑफ द डे"



मायावती
बसपा सुप्रीमो

यह बड़े दुख व चिंता की बात है कि पिछले कुछ समय से अकेले यूपी में ही नहीं बल्कि अब तो फिल्मों में भी पंडत को घूसखोर आदि बताकर पूरे देश में जो इनका अपमान व अनादर किया जा रहा है तथा जिससे समूचे ब्राह्मण समाज में इस समय जबरदस्त रोष व्याप्त है, इसकी हमारी पार्टी भी कड़े शब्दों में निंदा करती है। ऐसी इस जातिसूचक फिल्म (वेब सीरीज) घूसखोर पंडत पर केंद्र सरकार को तुरंत प्रतिबंध लगाना चाहिए, बीएसपी की यह मांग है।

# ग्वालियर-चंबल संभाग में नहीं बनेंगे ईएसबी के परीक्षा केंद्र

## पुलिस भर्ती में नकल और हेराफेरी के बाद लिया गया फैसला, इंटेलिजेंस विंग ने दी थी चेतावनी

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मध्य प्रदेश पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा 2025 में इस बार एक बड़ा फेरबदल किया गया। पिछले अनुभवों से सबक लेते हुए कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) ने ग्वालियर-चंबल संभाग के सभी 8 जिलों को परीक्षा केंद्रों की सूची से बाहर कर दिया। इंटेलिजेंस की रिपोर्ट के बाद बोर्ड ने यह सख्त कदम उठाया था, ताकि पेपर लीक और नकल माफिया के मंसूबों पर पानी फेरा जा सके।

सूत्रों के मुताबिक इंटेलिजेंस विंग ने चेतावनी दी थी कि ग्वालियर-चंबल क्षेत्र के कुछ केंद्रों पर परीक्षा की सुरक्षा और पारदर्शिता खतरे में पड़ सकती है। 2023 की भर्ती में भी बड़ी संख्या में ऐसे मामले उजागर हुए थे, जहां उम्मीदवारों ने आधार कार्ड में हेराफेरी कर डमी कैंडिडेट (सॉल्वर) बैठाए थे। इसी गड़बड़ी को जड़ से खत्म करने के लिए इस बार इस पूरे बेल्ट को ही नो एग्जाम जोन घोषित कर दिया गया। इसके बाद ईएसबी ने अन्य विभागीय परीक्षाओं के लिए भी भोपाल और ग्लावियर को परीक्षा केंद्र नहीं बनाया है।




> परीक्षा केंद्रों को लेकर रिव्यू चल रहा है। ग्वालियर-चंबल के अच्छे सेंटर्स का फिलटरेशन कर रहे हैं, जहां भविष्य में परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे।
> ■ **अजय कटेसरिया,** निदेशक ईएसबी

### आईरिस स्कैन और आधार हिस्ट्री पर रहेगी नजर

पुलिस की परीक्षाएं करा रही ईएसबी ने इस बार केवल सेंटर ही नहीं बदले, बल्कि तकनीक का घेरा भी बढ़ा दिया है। अब परीक्षा के दौरान भी आधार की अपडेट हिस्ट्री देखी जा सकेगी ताकि संदिग्ध मामलों में पता चल सके कि फोटो या नाम में हाल ही में बदलाव तो नहीं किया गया। इसके अलावा बायोमेट्रिक के साथ पहली बार आइरिस स्कैन (आंखों की जांच) और अभ्यर्थियों का फेशियल रिकग्निशन भी अनिवार्य किया गया है। ग्वालियर और चंबाल संभाग के आठ जिलों ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, श्योपुर, शिवपुरी, गुना और अशोकनगर समेत 8 जिलों के आवेदकों को आरक्षक भर्ती परीक्षा के दौरान नजदीकी जिलों में परीक्षा केंद्र आवंटित किए गए थे। गौरतलब है कि ईएसबी आरक्षक भर्ती परीक्षा के जरिए आरक्षक के कुल 7500 पदों पर भर्ती करने जा रही है। इन परीक्षाओं के बाद अन्य एग्जाम में भी इन शहरों में एग्जामिनशन सेंटर नहीं बनाए गए।

### 19 लाख आवेदन, परीक्षा देने सिर्फ 6.5 लाख आवेदक पहुंचे

पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा को लेकर लिखित परीक्षाओं का दौर खत्म हो चुका है। इन परीक्षाओं के लिए 10 लाख आवेदकों ने आवेदन जमा किए थे लेकिन परीक्षा देने के लिए केवल 6.50 लाख विद्यार्थी ही पहुंचे। गौरतलब है कि आरक्षक भर्ती परीक्षा 2023 के दौरान हुई लिखित परीक्षा के बाद फिजिकल टेस्ट के दौरान 5 ऐसे युवक पकड़े गए थे, जिन्होंने लिखित परीक्षा में अपनी जगह किसी और को बैठाया था। इसके बाद जब व्यापक जांच की गई तो 30 से अधिक एफआईआर प्रदेश के अलग अलग जिलों में दर्ज हुईं। इस घोटाले में लगभग पचास आरोपियों को हिरासत में भी लिया गया। जांच में सामने आया था कि इस हेराफेरी के सूत्रधार आधार अपडेशन सेंटर के कुछ संचालक और बिचौलियों के गिरोह थे, जो तय रकम के बदले सॉल्वर उपलब्ध कराते थे। इस घटना के बाद ग्वालियर और चंबल अंचल में केंद्र न बनाने का फैसला लिया गया।

# पुलिस आरक्षक भर्ती के लिए फिजिकल टेस्ट 23 से

**भोपाल।** आरक्षक बनने के लिए 23 फरवरी से फिजिकल टेस्ट शुरू हो जाएंगे। कर्मचारी चयन मण्डल (ईएसबी) द्वारा आयोजित लिखित परीक्षा में सफल हुए अभ्यर्थियों की सूची ईएसबी ने जारी कर दी है। 7500 पदों के लिए अब उम्मीदवारों को मैदान पर भी अपना पसीना बहाना होगा। लिखित परीक्षा का परिणाम जारी होने के बाद 800 मीटर दौड़, लंबी कूद और गोला फेंक की शारीरिक दक्षता परीक्षा और दस्तावेजों का सत्यापन 23 फरवरी से 13 मार्च तक चलेगा। इस दौरान 2, 3 और 8 को अवकाश के कारण फिजिकल टेस्ट नहीं होगा। इस टेस्ट की प्रक्रिया हर दिन सुबह 6 बजे से शुरू हो जाएगी।

### इन दस स्थानों पर होगा फिजिकल टेस्ट

**भोपाल** - लाल परेड ग्राउंड
**इंदौर** - माउंटेड टूप डिपार्टमेंट परिसर, आरएपीटीसी
**जबलपुर** - परेड ग्राउंड, 6वीं बटा. एसएएफ, रांझी
**ग्वालियर** - परेड ग्राउंड, 14वीं बटालियन, कम्पू
**उज्जैन** - महानंदा एरीना ग्राउंड, देवास रोड
**सागर** - इंदिरा गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज, बहेरिया
**रीवा** - परेड ग्राउंड, 9वीं बटालियन एसएएफ
**बालाघाट** - फुटबॉल ग्राउंड, 36वीं बटालियन एसएएफ
**रतलाम** - भगत सिंह कॉलेज, जावरा
**मुरैना** - परेड ग्राउंड, 5वीं बटालियन एसएएफ

### ऑनलाइन जारी किए गए सूचना पत्र

आरक्षक भर्ती के लिए लिखित परीक्षा पास कर चुके उम्मीदवारों को ईएसबी ने अपनी वेबसाइट पर सूचना-पत्र जारी किए हैं। इसे हर आवेदक को डाउनलोड कर साथ ले जाना अनिवार्य है क्योंकि इसके बगैर उम्मीदवार को एंट्री नहीं मिलेगी। इसके साथ ही इन सेंटर्स पर ही उम्मीदवारों के आधार कार्ड का ईकेवायसी होगा। ऐसे में सभी उम्मीदवारों को सलाह दी गई है कि वे यह सुनिश्चित करें कि उनका आधार लॉक न हो। इसके अलावा सभी सफल उम्मीदवारों को मूल प्रमाण-पत्र के साथ सेल्फ अटेस्टेड फोटोकॉपी का सेट लाने को कहा गया है। हर आवेदक को सीचना पत्र पर भी शारीरिक परीक्षा के लिए तारीख और स्थान अलॉट किया गया है, जिसमें बदलाव नहीं किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### मुंबई की महिला श्रद्धालु से महाकाल मंदिर में मारपीट

**जागरण, उज्जैन।** महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन के लिए मुंबई से आई एक महिला श्रद्धालु के साथ मारपीट करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि मंदिर के सुरक्षाकर्मियों ने महिला को धक्का देकर बाहर निकाल दिया। इस दौरान महिला रोती और चिल्लाती रही। इस दौरान वहां मौजूद पुलिसकर्मियों और सुरक्षाकर्मियों ने बजाय मदद करने के महिला के साथ खड़े दूसरे श्रद्धालुओं को भी बाहर निकालकर गेट बंद कर दिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। दरअसल यह मामला गुरुवार रात करीब 10 बजे का है। घटना के बाद मंदिर समिति ने महिला पर मंदिर में हंगामा करने और सुरक्षाकर्मियों के साथ मारपीट करने का आरोप लगाते हुए थाने में आवेदन दिया है। महाकाल मंदिर में इन दिनों बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। इसी कारण सुरक्षाकर्मियों और श्रद्धालुओं के बीच विवाद की घटनाएं बढ़ रही हैं। मुंबई से तीन महिला दोस्तों के साथ आई रेशमा सोनवाड़े दर्शन लाइन में लगी हुई थीं। महिला का कहना है कि चांदी की पालकी गेट के सामने टनल में दर्शन के दौरान पुरुष गार्ड महिलाओं के कंधे पर हाथ रखकर लोगों को आगे धकेल रहे थे। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो एक महिला गार्ड को बुलाकर उनके साथ मारपीट की गई।

### कच्चे मकान में आग लगने के कारण जिंदा जली महिला



**जागरण, पन्ना।** जिले में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। कच्चे मकान में आग लगने के कारण एक महिला जिंदा जल गई। वहीं महिला को बचाने के प्रयास में पति भी झुलस गया। जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। आग कैसे लगी इसका पता नहीं चल सका है। दरअसल घटना पन्ना जिले के गुन्नौर थाना अंतर्गत पडेरी गांव की है, जहां अज्ञात कारणों के चलते कच्चे मकान में आग लग गई। आग इतनी तेजी से भड़की कि पूरा मकान धू-धूकर जल गया। इस हादसे में मकान के भीतर सो रही वृद्ध महिला जिंदा जल गई। बताया जाता है कि वृद्ध को बचाने के प्रयास में उसका पति भी झुलस गया।

### नाबालिग से रेप के बाद 12 रेपिडो बाइक जब्त

**जागरण, इंदौर।** शहर में रैपिडो चालक द्वारा नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म के गंभीर मामले के बाद प्रशासन सख्त हो गया है। आरटीओ ने बिना वैध ट्रेड लाइसेंस के संचालित रेपिडो बाइक टैक्सी सेवा पर कार्रवाई की और 12 बाइकें जब्त कर लीं। अधिकारियों ने खुद रेपिडो ऐप से राइड बुक की, तय लोकेशन पर बाइक पहुंचने पर उसे तुरंत जब्त कर लिया।यह कार्रवाई उस घटना के बाद हुई, जिसमें एक रेपिडो चालक ने 17 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म किया था। पीड़िता ने राजवाड़ा जाने के लिए बाइक बुक की थी, लेकिन आरोपी ने सस्ते कपड़ों का झांसा देकर उसे कमरे पर ले जाकर अपराध किया।

# नीट पीजी : स्टेट की नई मेरिट जारी, माइनस 3 नंबर वाला भी बन सकता है विशेषज्ञ डॉक्टर

## सीट अलॉटमेंट एक बार फिर स्थगित, अब 14 को होगा, कट ऑफ कम होने से उम्मीदवारों की संख्या में उछाल

**नगर संवाददाता, भोपाल।** नीट पीजी स्टेट लेवल काउंसलिंग में संचालक चिकित्सा शिक्षा मप्र ने नई मेरिट सूची जारी कर दी है। इस सूची में कमाल की बात यह है कि माइनस 3 नंबर वाले को भी स्थान मिला है। स्टेट मेरिट सूची में 5344 पायदान पर अजीत वर्मा का नाम है। जिनका नीट पीजी में स्कोर है माइनस 3, इनकी कैटेगरी है अनुसूचित जाति (एससी)। जानकारी अनुसार काउंसलिंग का यह मॉप अप राउंड है। अभी प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में एक हजार के आस पास सीटें खाली हैं। एससी वर्ग में भी कई सीटें खाली हैं। यदि इस श्रेणी में योग्य उम्मीदवारों की संख्या कम रही तो कोई बड़ी बात नहीं कि माइनस 3 नंबर वाले उम्मीदवार को पीजी की सीट अलॉट हो जाए।

### पीजी की कुल 1766 सीटें



मध्य प्रदेश के निजी व सरकारी मेडिकल कॉलेजों में पीजी की कुल सीटों की संख्या 1766 है। इनमें सरकारी मेडिकल कॉलेजों में 740 सीटें हैं, जबकि निजी मेडिकल कॉलेजों में सीटों की संख्या 1026 है। पहले और दूसरे राउंड में करीब 800 सीटों पर प्रवेश हो चुके हैं। अब शेष बची सीटों के लिए मॉप अप राउंड आयोजित किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार मॉप अप राउंड में एक हजार के आस पास सीटें खाली हैं।

### कट ऑफ कम, बढ़े 1826 उम्मीदवार

दूसरे राउंड तक उम्मीदवारा सीमित थे। डीएमई की वेबसाइट पर मौजूद जानकारी के अनुसार सेकेंड राउंड के लिए जो मेरिट सूची जारी की गई थी, उसमें उम्मीदवारों की संख्या 3518 थी। इसके बाद नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन ने नीट पीजी में कट ऑफ को घटाकर जीरो कर दिया। इसका असर यह हुआ कि मॉप अप राउंड में उम्मीदवारों की संख्या बढ़कर 5344 तक पहुंच गई। यानि 1826 उम्मीदवारों को इस नियम परिवर्तन का सीधा लाभ मिला है।

### अब 14 को होगा सीट अलॉटमेंट

डीएमई द्वारा मॉप अप राउंड के लिए नया शेड्यूल जारी किया है, जिसके मुताबिक 14 फरवरी को सीट आवंटन किया जाएगा। इससे पहले प्रवेशित छात्र यदि रिजाइन करना चाहते हैं तो वह 8 फरवरी तक कर सकते हैं। 9 फरवरी को योग्य उम्मीदवार और रिक्त सीटों की जानकारी प्रकाशित की जाएगी। इसी दौरान 9 से 11 फरवरी तक नए रजिस्ट्रेशन के लिए पोर्टल ओपन किया जाएगा, जिसमें फ्रेश अभ्यर्थी रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

### उम्मीदवारों को संस्थागत कोटा का मिलेगा लाभ

माइनस 3 नंबर वाले उम्मीदवार के साथ प्लस पाइंट यह है कि वह संस्थागत कोटा के तहत रजिस्टर्ड है। यह नियम इसी साल से लागू किया है। इस नियम के तहत स्टेट कोटा की सीट सबसे पहले एमपी के मूल निवासी को दी जाना है। यदि इसका अभाव है तो फिर किसी बाहरी राज्य के छात्र को दे सकते हैं। नई व्यवस्था के मुताबिक यदि किसी बाहरी राज्य के छात्र ने मप्र के किसी मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की है तो वह स्वतः रूप से मप्र का मूल निवासी माना जाएगा और वह इसी श्रेणी में सीट हासिल करने के लिए च्वाइस फिलिंग करेगा। इसे ही संचालक चिकित्सा शिक्षा ने इंस्टीट्यूशनल कोटा माना है।

# 1450 करोड़ के डबल मनी घोटाले में ईडी का एक्शन

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की भोपाल यूनिट ने बालाघाट जिले के बहुचर्चित डबल मनी घोटाले के मास्टरमाइंड अजय ति?के और उसके सहयोगियों के खिलाफ जबलपुर की स्पेशल पीएमएलए कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी है। अदालत ने आरोपियों को इस जार्जशीट पर सुनवाई के लिए नोटिस भी जारी कर दिए हैं। ईडी की जांच में खुलासा हुआ था कि इस स्कैम के गिरोह से जुड़े आरोपियों ने लोगों को 6 महीने के पैसा दोगुना करने का झांसा देकर लगभग 1450 करोड़ रुपए बटोरे थे। यह गिरोह फर्जी गारंटी के तौर पर लोगों को भरोसे में लेने के लिए उन्हें पोस्ट-डेटेड चेक देता था, जो बाद में बाउंस हो जाते थे। जांच में पाया गया कि यह गिरोह लोगों के पैसे के निवेश नहीं करता था लेकिन उन्हें धोखा देने के लिए इस रकम को अलग अळग सेक्टर में इन्वेस्ट करने का झांसा देता था। जांच एजेंसी ने छानबीन के दौरान तिड़के और उसके परिवार की 4.48 करोड़ की प्रॉपर्टी अटैच की हैं, जबकि छापे के दौरान मिली 11.89 करोड़ की नकद राशि भी ईडी के पास जब्त है। इसके अलावा ईडी इस मामले में बैंक खातों में जमा 12.91 करोड़ की राशि को भी फ्रीज कर चुकी है। ईडी ने अब चार्जशीट में इन सभी संपत्तियों के अलावा इस गिरोह की 54 अन्य प्रॉपर्टी को भी केंद्र सरकार के पक्ष में राजसात करने की गुहार केंद्र से लगाई है।




मास्टरमाइंड और सहयोगियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

### रेलवे के पूर्व डिविजनल इंजीनियर की प्रॉपर्टी अटैच

इसके अलावा ईडी भोपाल ने एक अन्य कार्रवाई करते हुए दिवंगत वेद प्रकाश श्रीवास्तव और उनकी पत्नी विभा श्रीवास्तव की करोड़ों की प्रॉपर्टी अटैच कर ली है। ईडी से मिली जानकारी के अनुसार वेद प्रकाश पश्चिमी रेलवे के राजकोट में डिविजनल इंजीनियर थे। उनके खिलाफ सीबीआई की जबलपुर यूनिट ने एफआईआर दर्ज की थी, जिसमें पद का दुरुपयोग कर आय से अधिक संपत्ति के आरोप थे। जांच में सामने आया कि इस मामले में अपराध की कमाई 1.66 करोड़ है। वेदप्रकाश इस काली कमाई को परिवार के सदस्यों के अलग-अलग बैंक खातों में जमा कराते थे ताकि मनी ट्रेल को उलझाया जा सके। बाद में वे इस रकम से परिजनों के नाम पर प्रॉपर्टी खरीदते थे। ईडी ने जांच के बाद परिवार के 1.58 करोड़ के 2 रिहायशी फ्लैट समेत बैंक में जमा रकम और एफडी अटैच की हैं।

## प्रदेश के दो आईपीएस अफसर केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाएंगे

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** आईपीएस अफसर मृगाखी डेका और अभिनव चौकसे केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाएंगे। प्रदेश के गृह विभाग ने शुक्रवार को दोनों अफसरों की सेवाएं गृह मंत्रालय को सौंप दी है। 2018 बैच के आईपीएस अधिकारी अभिनव चौकसे फिलहाल भोपाल कमिश्नरेट के जोन 3 में डीसीपी हैं। इसके अलावा मृगाखी डेका भी इसी बैच की आईपीएस हैं। उन्हें पिछले साल अगस्त में नरसिंहपुर एसपी के पद से हटाकर पीएचक्यू में एआईजी बनाया गया था। मृगाखी डेका मूल रूप से असम कैडर की आईपीएस थीं और 2022 में उनकी सेवाएं एमपी कैडर में ट्रांसफर की गई थीं। ये दोनों अधिकारी इंटेलिजेंस ब्यूरो में सहायक निदेशक के पद पर नियुक्त किए गए हैं।

## विधायक के चचेरे भाई ने खड़े होकर लुटवाई शराब

**जागरण, धार।** जिले की कुक्षी विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक सुरेंद्र सिंह उर्फ हनी बघेल के चचेरे भाई की कथित गुंडागर्दी का एक मामला सामने आया है। दरअसल सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में विधायक का चचेरा भाई खड़े होकर खुद डही शराब दुकान से शराब की बोतलें लुटवाते दिख रहा है। वहीं विधायक के चचेरे भाई की गुंडागर्दी के आगे शराब दुकान के कर्मचारी लाचार दिख रहे हैं और हाथ जोड़ रहे हैं। वीडियो शराब दुकान में लगे सीसीटीवी का बताया जा रहा है, जिसकी जागरण पुष्टि नहीं करता है। जानकारी के अनुसार जो वीडियो सामने आया है वह डही शराब दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे का है।



इसमें शराब दुकान के बाहर विधायक के चचेरे भाई अर्जुन बघेल (लाल टी-शर्ट) में साथियों के साथ खड़े दिख रहे हैं। वीडियो देखने में ऐसा लग रहा है कि पहले विधायक के चचेरे भाई व साथियों की शराब दुकान के कर्मचारियों से किसी बात पर बहस हुई और फिर इसके बाद विधायक के चचेरे भाई अर्जुन बघेल का एक साथी जबरदस्ती दुकान के अंदर घुसता है और शराब की बोतलें उठाकर बाहर निकल आता है।

**रिसर्च** ध्यान बांटते हैं, तो हमारी मेंटल एनर्जी होने लगती है लीक

# प्रोडक्टिविटी को 40 % घटा देती है मल्टीटास्किंग की आदत, रिसर्च पर डॉक्टर ने किया सावधान

**नई दिल्ली, जेएनएन।** जरा सोचिए, आपने अभी-अभी एक कॉल अटेंड की, साथ ही खाना भी बनाया, एक ईमेल भेजा और फिर लंच करते-करते फोन भी चेक कर लिया।

आपको लग रहा होगा कि वाह! मैंने कम समय में कितने सारे काम निपटा लिए। आपको अपनी इस रफ्तार और काबिलियत पर गर्व भी हो रहा होगा। लेकिन जिसे आप अपनी सफलता मान रहे हैं, वह असल में एक स्लो सुसाइड है। जी हां, डॉक्टर तरंग कृष्णा की मानें तो आपका दिमाग इस भागदौड़ और ओवरलोड को झेल नहीं पाता है। स्टैनफोर्ड की रिसर्च के अनुसार, मल्टीटास्किंग आपकी काम करने की क्षमता को 40 फीसदी तक कम कर देती है। हमारा दिमाग इस तरह बना है कि वह एक समय में केवल एक ही चीज पर फोकस कर सकें। जब हम अपने ध्यान को बांटते हैं, तो हमारी मेंटल एनर्जी लीक होने लगती है और बर्बाद हो जाती है।



### अपनाएं 20 मिनट का फॉर्मूला

डॉक्टर के मुताबिक, इस समस्या का समाधान बहुत सरल है- एक समय में केवल एक काम पर फोकस करें। इसके लिए आप 20 मिनट का टाइमर सेट करें और एक ही लक्ष्य बनाएं।

### सेहत पर पड़ता है खतरनाक असर

सच्चाई यह है कि मल्टीटास्किंग से आपका दिमाग बुरी तरह थक जाता है और ओवरलोड हो जाता है। यह मानसिक थकान आपके इम्यून सिस्टम को बार-बार तोड़ती है। जब इम्यून सिस्टम का संतुलन बिगड़ने लगता है, तो शरीर में कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के बीज बोए जाते हैं। इसीलिए इसे एक तरह की स्लो सुसाइड भी कहा जा सकता है।







मुद्रक एवं प्रकाशक **राजीव मोहन गुप्त** द्वारा जागरण पब्लिकेशन्स प्रा. लि. हेतु 'दैनिक जागरण प्रेस' 33, जागरण भवन, प्रेस काम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल, मध्यप्रदेश -462011 (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. 1573/57, पंजीयन संख्या 7 म.प्र., **संस्थापक : स्व. गुरुदेव गुप्त,** संपादक : **राजीव मोहन गुप्त,** स्थानीय संपादक : **हरिमोहन गुप्त** फोन : **कार्या. :** 0755-6723200 **E-mail :** modemdj@gmail.com।